बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 159, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग 20

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 19

आंवला के आलमपुर जाफराबाद और शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री ने किया सभाओं को संबोधित

ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

संवाददाता, बरेली/शाहजहांपुर

अमृत विचार : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

पीठ थपथपाकर बढ़ाया धर्मेंद्र का हौसला दुर्विजय के लिए भी की वोट की अपील

पीएम ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। लोगों का उत्साह देखकर लग रहा है कि वे सरकार के काम से काफी खुश है। संबोधन के दौरान लोगों से भी कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। कहा, यूपी में जब समाजवादी पार्टी की सरकार होती थी तब कर्फ्यू लगते थे। राह चलते मां-बेटियों के गले से चेन और मंगलसूत्र खींच लिए जाते थे। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम फैसला आज

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से पडे. मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान) 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ ''एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण मतदान के दौरान अपना फैसला सुनाएगी। पीठ ने 24 अप्रैल को उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपनी पिछली सुनवाई में कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता या किसी अन्य संवैधानिक निकाय, चुनाव आयोग का नियंत्रक प्राधिकारी नहीं बन सकता। वह केवल संदेह के आधार पर कार्य नहीं कर सकता है, क्योंकि ईवीएम और वीवीपैट के बीच बेमेल का एक भी मामला नहीं दिखाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा था कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

मतदान करो और नमो भारत ट्रेन में लो प्रीमियम कोच

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत ट्रेन में मानक कोच के उन यात्रियों के लिए प्रीमियम कोच की यात्रा की पेशकश करते हुए अभियान शुरू किया है जो लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। निगम ने कहा गया कि यह अभियान लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है और यह केवल 26 अप्रैल यानी आज के लिए ही है। यह कदम नागरिकों को चुनावों में भाग लेने लिए निर्वाचन आयोग के विभिन्न पहलों के अनुरूप है। अभियान के तहत मतदान करने वाले मानक के बजाय प्रीमियम कोच में यात्रा के पात्र होंगे। उन्हें इसका लाभ लेने के लिए आरआरटीएस कनेक्ट एप से टिकट खरीदना होगा और प्लेटफार्म पर स्वचालित किराया संग्रहण गेट के पास स्टेशन कर्मियों को ''स्याही लगी उंगली दिखानी होगी। नमो भारत ट्रेन में छह कोच हैं जहां एक प्रीमियम है जबकि अन्य पांच मानक हैं।

- **26 अप्रैल को मतदाताओं के लिए एनसीआरटीसी ने दिया उपहार**

8 लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और रास सदस्य दीपेंद्र हुड्डा को मैदान में उतारा**

कांग्रेस ने गुरुवार को हरियाणा की आठ लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं, जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख नाम हैं।

सैलजा को सिरसा से और दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, उसने हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को करनाल लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। अंबाला से वरुण चौधरी, हिसार से जयप्रकाश, भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को पार्टी का टिकट दिया गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके विरोधी गुट में शामिल माने जाने वाले नेताओं के बीच लंबी खींचतान और पार्टी में गहन मंत्रणा बाद हरियाणा के लिए पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा की है। हालांकि अब भी गुरुग्राम के लिए पार्टी ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। कांग्रेस हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस नौ सीट पर और आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र की एकमात्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं
विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता

मा० श्री नरेन्द्र मोदी जी

और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री

मा० श्री योगी आदित्यनाथ जी

आपका नाथ नगरी बरेली आगमन
पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन हैं

भव्य रोड शो

26 April 2024 | सायः 04:00 बजे

स्वयंवर बारात घर राजेंद्र नगर - छत्रपति शिवाजी चौराहा
शहीद पंकज अरोरा स्तंभ तक

संजीव अग्रवाल
विधायक - 125 बरेली कैन्ट

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 159, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड 20

हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी 19

88 सीटों का फैसला आज करेंगे मतदाता

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों में होगा मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीट पर आज (शुक्रवार) को मतदान होगा। दूसरे चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं। केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की छह सीट, असम एवं बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा एवं जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा।

वैसे तो दूसरे चरण में 89 सीट पर मतदान होना था लेकिन मध्य प्रदेश की बैतुल सीट पर बसपा के प्रत्याशी के निधन के बाद अब वहां मतदान तीसरे चरण में होगा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इस चरण में 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारियों को तैनात किया है। इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता हैं जिनमें 8.08 करोड़ पुरूष, 7.8 करोड़ महिलाएं एवं 5929 तृतीय लिंगी हैं, और 34.8 लाख पहली बार के मतदाता हैं तथा 20-29 वर्ष के उम्रवर्ग में 3.28 करोड़ मतदाता हैं।

15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के हाथों में 1,202 उम्मीदवारों की किस्मत

चुनाव से पहले मणिपुर के मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए मतदान अधिकारियों ने की नावों से यात्रा। ● एजेंसी

वहीं, दूसरे चरण में 1,202 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 1098 पुरूष एवं 102 महिलाएं हैं। मतदान एवं सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के वास्ते कम से कम तीन हेलीकॉप्टरों, चार विशेष ट्रेनों एवं 80,000 वाहनों को लगाया गया है। कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनय से राजनीति में आए अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस), कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) प्रमुख उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से लगातार तीसरी जीत की उम्मीद लगाए हुए हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद बिहार में बढ़ाया मतदान का समय

गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग ने बिहार के चार लोकसभा क्षेत्रों में कई मतदान केंद्रों पर मतदान का समय बढ़ा दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज लू चलने की भी चेतावनी जारी की है। त्रिपुरा, केरल, तटीय कर्नाटक और असम में अधिक उमस से लोगों को परेशानी हो सकती है।

केरल, राजस्थान और त्रिपुरा में खत्म हो जाएंगे चुनाव

19 अप्रैल को पहले चरण में कुल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर पिछले शुक्रवार को लगभग 65 .5 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (पांच), अरुणाचल प्रदेश (दो), मेघालय (दो), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, मिजोरम, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम और लक्षद्वीप की एक-एक सीट पर चुनाव संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण के बाद केरल, राजस्थान और त्रिपुरा में चुनाव संपन्न हो जाएंगे।

अमरोहा, मेरठ समेत आठ सीटों के लिए होगी वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी हैं, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

91 प्रत्याशी हैं मैदान में जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल

एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मी लगाए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों पर सकुशल मतदान कराने के लिए पुलिस सहित विभिन्न बलों के एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 6,841 निरीक्षक और उप निरीक्षक, 39,642 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 28,784 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 239 कंपनी सीआरपीएफ, बीएसएफ, टीबीपी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और आरपीएफ के जवानों की व्यवस्था की गई है।

एक नजर

शत्रु संपत्ति के पदेन उप संरक्षक के रूप में काम करेंगे जिलाधिकारी

नई दिल्ली। सभी जिलाधिकारी शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत अपने संबंधित जिलों के क्षेत्रों में शत्रु संपत्ति के पदेन उप संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे। केंद्र ने ये आदेश जारी किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह भी कहा कि जिले के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट या समान पद पर आसीन अधिकारी शत्रु संपत्ति के पदेन सहायक संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

रिश्वत देते पकड़ी गई अमेरिकी महिला

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर तस्करी के सोने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश करने वाली एक अमेरिकी महिला को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार तड़के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-तीन पर हुई। एक यात्री की पहचान अमेरिकी मूल की फराह दीको मोहम्मद के रूप में हुई जो एयर इंडिया की उड़ान से नैरोबी (केन्या) से आई थी।

30 जून तक बढ़ी धर्मार्थ न्यास की आवेदन तिथि

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने गुरुवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। सीबीडीटी ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया था। सीबीडीटी ने विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है।

घुसपैठियों को आमजन की संपत्तियां देना चाहती है कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● विरासत कर को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर उठाए सवाल

अमृत विचार: विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को कब्जे में लेंगे, घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करें।

74 करोड़ की हेराफेरी में फंसे कुलपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रुहेलखंड विश्वविद्यालय

● बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में ही 55 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का आरोप

● तत्कालीन वित्त अधिकारी ने तबादले के बाद शासन में की थी शिकायत

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। कई मदों में 74 करोड़ से ज्यादा के गोलमाल व स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के प्रमोशन और शैक्षिक पदों पर नियुक्तियों में गड़बड़ियों पर शासन ने जवाब मांगा है।

पूर्व वित्त अधिकारी केके शंखधार ने इस मामले में राज्यपाल और शासन से शिकायत की थी। इनमें बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में 55.5 करोड़ के भुगतान में हेराफेरी का आरोप प्रमुख है। शासन के आदेश पर कुलसचिव ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है। सबसे गंभीर आरोप रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराई गई बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में गोलमाल का है। शिकायत के मुताबिक कुलपति ने बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान गोपनीय मदों में भुगतान के लिए 55.50 करोड़ की धनराशि तीन किस्तों में अग्रिम तौर पर ली थी लेकिन इसका समायोजन नहीं कराया।

पूर्व वित्त अधिकारी ने इसमें गंभीर वित्तीय अनियमितता की संभावना जताई है। परीक्षा में गाड़ियों के भुगतान में करीब 15 करोड़ और कोरोना किट की खरीद में भी चार करोड़ के गोलमाल का आरोप लगाया गया है। प्रमोशन और नियुक्तियों में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

कहा गया है कि कुलपति ने नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों और कर्मचारियों के भी वेतन के भुगतान के लिए संयुक्त खाता खुलवाने का दबाव डाला था। शासन के आदेश के विरुद्ध होने के कारण वित्त अधिकारी सहमत नहीं हुए तो कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नतियां कर दीं। इसकी वजह से आय की तुलना में व्यय बढ़ गया। कुलपति उन पर लगातार एरियर भुगतान के लिए भी दबाव बनाते रहे। शिक्षकों की पदोन्नति से भुगतान असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई थी।

मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

● दोनों पार्टियों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिए आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गई शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुए उनसे 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। आयोग ने राहुल के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में मोदी या गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है।

महत्वहीन याचिकाओं के लिए केंद्र पर पांच लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मेघालय हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए केंद्र सरकार पर पांच लाख का जुर्माना लगाया और इसे कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीशचंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि केंद्र के पास विशेष अनुमति याचिका के माध्यम से आदेश को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है।

● उच्चतम न्यायालय ने इसे कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया

पीठ ने कहा कि वर्तमान याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता को चेतावनी दी जाती है कि वह भविष्य में ऐसी महत्वहीन याचिकाएं दायर न करें। हम हाईकोर्ट के संबंधित निर्णयों में हस्तक्षेप के इच्छुक नहीं हैं। इस तरह, जुर्माने के साथ विशेष अनुमति याचिका रद की जाती है क्योंकि हाईकोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता (केंद्र) के वकील ने कहा था पिछले आदेश में इस मामले का निपटारा किया था।

सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण

महाराष्ट्र पुलिस ने तमन्ना भाटिया को किया तलब

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है।

फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर आईपीएल मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना भाटिया को तलब किया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था। इस मामले में गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराने के लिए अभिनेत्री को बुलाया गया है।

सोपोर में सुरक्षा बलों ने तलाशी के दौरान आतंकवादियों को घेरा

श्रीनगर, एजेंसी

● बांदीपोरा जिले में गत दिनों हुई गोलीबारी में घायल हुए थे दो सैनिक

जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप-जिले में गुरुवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकवादियों में मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के अंतर्गत देर रात तक गोलाबारी जारी थी।

पुलिस ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि पीडी सोपोर के क्षेत्र में चेक मोहल्ला नौपोरा में मुठभेड़ जारी है। पुलिस और सुरक्षा बल मोर्चे पर हैं। दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूत्रों की माने तो इलाके में दो आतंकवादी फंसे हैं। गत दिनों में यह कश्मीर में दूसरी मुठभेड़ है। बुधवार को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई, जिसमें दो सैनिक घायल हो गए थे। बांदीपोरा के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। बारामूला में एलईटी के आतंकवादी को गिरफ्तार किया। कलसी कमलकूट के फारूक अहमद खोकर को उरी मांडयान इलाके से विशेष जानकारी पर गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 20 गोलियां बरामद की गईं।

अतिरिक्त जिला जज के पुत्र ने फंदा लगाकर जान दी

लखनऊ। हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही।

देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय का कारनामा | फॉर्मेसी में फर्स्ट क्लास पास करने वाले छात्रों की कॉपियां का दोबारा मूल्यांकन

गाने लिखकर पाई फर्स्ट डिवीजन, जांच में सब फेल

संवाददाता जौनपुर, अमृत विचार

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से फॉर्मेसी में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र दोबारा मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण पाए गए। विवि की परीक्षा समिति ने संबंधित कॉलेज को 3 साल के लिए डिबार घोषित कर दिया है। आरोप था कि छात्रों से धनउगाही कर गीत संगीत व धार्मिक नारे लिखी उत्तर पुस्तिका पर परीक्षकों ने अत्यधिक अंक दिए गए थे। छात्र नेताओं ने इसकी शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल व कुलपति से कर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर इन छात्रों का दोबारा मूल्यांकन कराया गया था।

छात्र नेता दिव्यांशु सिंह ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि विवि के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से शून्य अंक पाने वाले छात्रों को भी 60 फीसदी से अधिक अंक देकर उन्हें पास कर दिया है। इस पर राजभवन द्वारा विवि की कुलपति को पत्र लिखकर प्रकरण में परीक्षणोंपरांत कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। इसके बाद दोबारा मूल्यांकन कराया तो छात्रों को दिए गए अंक में बड़े पैमाने पर भिन्नता पाई गई है। बुधवार को परीक्षा समिति की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में बैठक में फार्मेसी संस्थान के संविदा शिक्षक डॉ. विनय वर्मा व डॉ.आशीष गुप्ता को बर्खास्त कर दिया। त्रिलोचन महादेव स्थित आरडीएस महाविद्यालय को तीन साल के लिए डिबार कर दिया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि बिना आदेश के सत्र 2021-22 के डी-फार्मा छात्रों को कई बार मानक के विपरीत बैक व स्पेशल बैक की परीक्षा कराई गई। जबकि परीक्षा नियंत्रक की टिप्पणी में है कि डी-फार्मा में बैक परीक्षा आयोजित कराने का प्रावधान नहीं है। परिसर में अध्यनरत एमटेक की छात्रा ने दूसरे विषय का लघु शोध तैयार कर लिया था। जिस वजह से उसका रिजल्ट कंप्लीट नहीं था और समय अवधि बीत गई थी। जिसे समिति ने दोबारा से परीक्षा देने का मौका दिया है। छात्र हित संबंधी एक और मुद्दे पर समिति ने राहत प्रदान की है।

● परीक्षा समिति की बैठक में लिया निर्णय, एक कॉलेज तीन साल के लिए डिबार

● शिक्षकों पर धन उगाही कर उत्तर पुस्तिका पर अत्यधिक अंक देने का था आरोप

नई पहल | प्रधान न्यायाधीश डी .वाई . चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

अब व्हाट्सएप पर मिलेगी मुकदमों की जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया सांझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पर्यावरण को बचाने में मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क
परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सैंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION

Dr. Neha Agarwal
(Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing :
11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, Civil Lines Near Kipps Hero Service Center, Choupla Road, Bareilly

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेंट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध

डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक)
डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ

कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532

डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :-
आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

यह कैसा चुनाव... होटलों में जम जाते हैं और पैसे नहीं देते अफसर

खाना भी उड़ाते हैं मुफ्त, होटल एसोसिएशन ने की भुगतान की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पदाधिकारी एसएसपी से मिलने पहुंचे पर नहीं हुई मुलाकात
- शहर के होटलों में बुक कराए गए हैं करीब 210 कमरे

अमृत विचार : होटल वेलफेयर एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रशासन के अफसरों के लिए होटलों में कमरे बुक कराए जा रहे हैं, लेकिन उनका भुगतान नहीं किया जाता है। यह भी कहा है कि रेस्टोरेंट में खाने का भी कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को अध्यक्ष अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक की और उसके बाद एसएसपी से मिलने पहुंचे लेकिन उनके प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त होने की वजह से मुलाकात नहीं हो सकी। अब 27 को संगठन के पदाधिकारी एसएसपी से मुलाकात करेंगे।

बैठक में कहा गया कि चुनाव के समय में शहर में वीआईपी मूवमेंट हो रहा है। शहर में लगभग 210 कमरों को किराये पर लिया गया है। उन्होंने एसपीजी और पुलिस फोर्स के लिए गए कमरों का किराया और खानपान का भुगतान कराने की मांग की गई है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि कमरों में ठहरने वाले अफसर होटल में नाश्ता और खाना भी खाते हैं और उसका भी भुगतान पुलिस और प्रशासन की ओर से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में कई होटल ऐसे हैं जिनका रेस्टोरेंट किराये पर चलता है। ऐसे में अफसरों के खाने का हजारों रुपये का भुगतान होटल मालिकों को भुगतना पड़ता है। होटल व्यवसाइयों पर यह दोहरी मार है। भुगतान न किया गया तो चुनाव होने तक लाखों के घाटे में आ जाएंगे।

अताउर बोले- बूथ को मजबूत करने में जुटें कार्यकर्ता

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अताउर रहमान ने गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र में महानगर संगठन के जोन प्रभारियों और फ्रंटल संगठन के अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की 28 को होने वाली रैली को सफल बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जोन प्रभारियों से अपने-अपने जोन के प्रत्येक बूथ पर मीटिंग करने के निर्देश दिये। कहा कि माहौल पार्टी के पक्ष में है। 7 मई को सभी को नियोजित ढंग से बूथ पर डटना है। बूथ मजबूत होगा तभी सपा चुनाव जीत सकेगी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी, पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, इंजीनियर अनीस अहमद, दीपक शर्मा, गोविन्द सैनी, सुरेन्द्र सोनकर, मो. खालिद खां, राम प्रकाश यादव, दिनेश यादव, शेर सिंह गंगवार, डॉ. शफीक उद्दीन, अनुज गंगवार, समयुन खान आदि मौजूद रहे।

शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए बदलाव जरूरी: नीरज मौर्य

आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आंवला लोकसभा क्षेत्र की शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी ने भरी हुंकार

अमृत विचार: आंवला लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि आंवला में शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य के लिए इस बार बदलाव जरूरी है। जनता भी यही चाहती है, इसलिए इस बार बदलाव होकर रहेगा।

उन्होंने गांव फतेहपुर, निजामपुर, सकरी, अहिरवार, भटौली, बोनीगला, तेहरा पतोरा आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी स्थान पर जल लंबे समय तक जमा हो जाए तो उसमें गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे जल को लोग पीना पसंद नहीं करते हैं। अगर जल में बदलाव होता रहता है तो वह पीने लायक रहता है। ठीक इसी तरह से बदलाव का मार्ग ही विकास की राह प्रशस्त करता है। जनता चुनाव में जिस क्षेत्र में बदलाव करती है, उस क्षेत्र में हमेशा विकास के नए आयाम लिखे जाते हैं। आंवला की जनता भी बदलाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह बदलाव होकर रहेगा तो आंवला की तस्वीर भी बदलेगी।

उनके साथ विधायक हिमांशु यादव, सपा नेता ऋषि पाल गुरुजी, आकाश गौतम, अर्जुन बाबा, रविंद्र दिवाकर, महिपाल सागर, दुर्ग पाल सिंह, होते प्रधान, सचिन सिंह, रामप्रवेश सागर, गुरु, राजपाल सिंह, दिलशाद भाई, जवाहर, रामप्रवेश, सभासद सिंह यादव, हरिभान सिंह आदि मौजूद थे। सपा लोकसभा प्रत्याशी की पत्नी रश्मि मौर्य ने भी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के बीच जाकर वोट मांगे।

बहुसंख्यकों की संपत्ति छीनने नहीं देंगे: छत्रपाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने सैम पित्रोदा के विरासत की संपत्ति पर टैक्स लगाने के बयान पर कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभाओं में कहा कि कांग्रेस बहुसंख्यकों की संपत्ति छीनकर अल्पसंख्यकों को देना चाहती है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी।

उन्होंने शहर के मोहल्ला मॉडल टाउन, नया टोला, शाहाबाद में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां बहुसंख्यकों के खिलाफ हैं। कांग्रेस बहुसंख्यकों की संपत्ति छीनकर अपने विशेष वर्ग के वोट बैंक को देना चाहती है, लेकिन जनता उनके इस मंसूबे को पूरा नहीं होने देगी।

चुनावी जनसंपर्क में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, अनिल सक्सेना, गुलशन आनंद, हरवंश सेठी शामिल थे।

शहर में जनसंपर्क करते बरेली लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार।

शेरगढ़, भोजीपुरा में भाजपा प्रत्याशी को मिला समर्थन

छत्रपाल गंगवार ने भोजीपुरा और शेरगढ़ ब्लॉक में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उन्हें समर्थन देकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, भोजीपुरा ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, भाजपा नेता दुष्यंत गंगवार, प्रमोद अग्रवाल, अजय सक्सेना, महिपाल सिंह, भुवनेश गंगवार, जसवंत सिंह गंगवार, लेखराज राणा, संजीव गंगवार, ओपी गंगवार, कृष्णपाल गंगवार, सुरेश दिवाकर, वीरसिंह, नरेश गंगवार थे। छत्रपाल गंगवार से बसंत टाकीज स्थित चुनाव कार्यालय में न्यूट्री वर्ल्ड के सदस्यों ने मुलाकात की और समर्थन दिया। बैठक में डॉ. पंकज गंगवार, डीडी गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी नन्हेलाल गंगवार, दीपक सक्सेना, आरेंद्र अरोरा कुक्की, हर्षित गंगवार, उदित सक्सेना, अभय भटनागर शामिल थे।

भाजपा सरकार ने किसानों से किया है धोखा : ऐरन

बरेली, अमृत विचार: बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने गुरुवार को नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी ने जनता को कोरे आश्वासन दिए हैं। मौजूदा समय में महंगाई, बेरोजगारी मुद्दा है। बरेली के विकास के लिए अब जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। जनता इस बार बदलाव करके देखे। वह अगले पांच साल में बरेली को विकास के नए शिखर पर ले जाएंगे। बीजेपी सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। उन्हें उनकी फसल के सही दाम नहीं मिल पा रहें।

उन्होंने ईध जागीर, आनंदापुर, सतुइया खुर्द, गजरौला, इनायतपुर, भीलापुर, तुमड़िया, मुड़िया तेली, धौरेरा, विशनपुर, गरगइया, खंजनपुर, खंजनिया, सहोदर नंगला, परौथी टांडा, शेदपुर, रायपुर, कल्याणपुर, पडरी समीप वरौर, वली नगर, अटंगा योगी, रिछोला चौधरी, समुहा, रतना नंदपुर, टाडा, चमन नगरिया, ऐशेला, गुलड़िया विशुन सहाय, हिमकरा, दियोरनिया, रूपपुर, पैगा, हंशा, सैदुपुर सरौरा, टाडा इनायतुला, आदि क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, अनिल गंगवार, महावीर गुप्ता, राजीव गुप्ता, डॉ. दत्त राम गंगवार, भूदेव गंगवार, राज कुमार गंगवार, भानु प्रताप गंगवार, सुनीता गंगवार, तारिक सिद्दीकी, विजय गंगवार, दीनानाथ गंगवार, अशोक गंगवार, तेज प्रकाश गंगवार, नुक्ता प्रसाद, रामभरोसे लाल, मिश्री लाल आदि पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

नवाबगंज में जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

आक्रामक मोदी: 30 मिनट के भाषण में एक-एक कर निकाला इंडिया गठबंधन के मुद्दों का दम

लोगों के दिलोदिमाग पर हावी हो जाने की खूबी के भरपूर इस्तेमाल के साथ विपक्ष पर किए ताबड़तोड़ वार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आलमपुर जाफराबाद के सैनिक पड़ाव पर जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी दलों के खिलाफ उसी आक्रामक अंदाज में नजर आए, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। सिर्फ 30 मिनट के अपने भाषण में उनका पूरा जोर कांग्रेस और सपा के उन मुद्दों का दम निकालने पर रहा, जिन्हें लेकर मोदी सरकार को घेरने के लिए दोनों दल लोकसभा चुनाव में उतरे हैं।

प्रधानमंत्री करीब डेढ़ घंटे की देरी से जनसभा स्थल पर पहुंचे। दोपहर 3:42 पर उन्होंने माइक संभाला और 4:12 बजे तक लोगों को संबोधित किया। भाषण की शुरुआत जितनी आक्रामक थी, उतना ही अंत। प्रधानमंत्री ने इस बीच भावनात्मक जुड़ाव के साथ लोगों के दिलोदिमाग पर हावी हो जाने की अपनी खूबी का इस्तेमाल करते हुए कभी इंडिया गठबंधन के मुद्दों पर वार किया तो कभी अपनी सरकार की योजनाएं गिनाईं। विपक्ष को तुष्टीकरण की राजनीति के जाल में घेरने के लिए कभी राममंदिर का जिक्र किया तो कभी आरक्षण का। महिलाओं का ध्यान खींचने के लिए उनसे संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं पर भी बात की।

यह भी आरोप दोहराया कि कांग्रेस की सरकार आई तो वह महिलाओं का मंगलसूत्र, किसानों की जमीन और लोगों के घर तक का बंटवारा कर दूसरे लोगों में बांट देगी। परिवारवाद के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी को घेरने में भी उन्होंने कसर नहीं छोड़ी।

प्रधानमंत्री के साथ मंच पर धर्मेंद्र कश्यप, दुर्विजय सिंह, बीएल वर्मा, भूपेंद्र सिंह, संतोष गंगवार, संघमित्रा, रश्मि पटेल, गुलाबो देवी, महाराज सिंह। ● अमृत विचार

बरेली और बदायूं वालों को राम-राम, देरी से आने के लिए मुझे क्षमा करें

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत बदायूं और बरेली वालों को राम-राम कहकर की। इसके बाद देरी से आने के लिए क्षमा भी मांगी। इसी बीच उन्होंने देखा कि कुछ लोग उन्हें पास से देखने के लिए उत्सुक हैं तो उन्होंने आग्रह किया कि वे उनकी बात ध्यान से सुनें। बोले- देखिए आपके अपार प्यार से पंडाल में जगह कम पड़ गई है। कुछ लोग आगे आने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कृपा करके जो जहां है, वहीं खड़ा रहे। अब आगे जगह नहीं है। इस असुविधा के लिए भी क्षमा मांगता हूं। बोले, इतनी गर्मी में मेरे लिए इंतजार करने का आपका प्यार मेरे सिर-आंखों पर, आपका आशीर्वाद मेरे लिए ऊर्जा है। फिर बोले, धर्मेंद्र कश्यप और दुर्विजय सिंह शाक्य को दिया गए उनके वोट नरेंद्र मोदी को ही जाएंगे।

संबोधन के अंत में भविष्य के भारत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जितनी मजबूत नींव उतना मजबूत घर। इसी सोच के साथ आज भाजपा विकसित भारत के लिए गरीब, किसान, युवा, मातृशक्ति को सशक्त कर रही है। उन्होंने अपनी योजनाएं गिनाते हुए लोगों से कहा कि वे जब किसी के घर मिलने जाएं और वहां 70 से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग को देखें तो उन्हें जरूर बताएं कि अब तक बीमारी में जो पैसा उनका बेटा खर्च करता था, वह खर्च अब दिल्ली में बैठा उनका बेटा नरेंद्र मोदी करेगा।

जनसभा में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक महेश गुप्ता, विधायक फरीदपुर डॉ. श्याम बिहारी लाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, बदायूं जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, एमएलसी महाराज सिंह, अजीत यादव राजू, मंत्री गुलाब देवी, आंवला जिला उपाध्यक्ष हरवेंद्र यादव मौजूद रहे।

संतोष से की बात

भाषण खत्म होने के बाद मोदी ने सांसद संतोष गंगवार से मुखातिब होकर कुछ कहा। संतोष ने स्वीकृति में सिर हिलाया।

जाति जनगणना का काउंटर... ओबीसी का आरक्षण छीनना चाहता है कांग्रेस का खतरनाक पंजा

भाषण के दौरान प्रधानमंत्री का सबसे ज्यादा फोकस ओबीसी मतदाताओं को साधने रहा। वजह यह भी थी कि आंवला संसदीय क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता के बाद सर्वाधिक आबादी ओबीसी मतदाताओं की ही है।कांग्रेस की जाति जनगणना की घोषणा का काउंटर उन्होंने उस पर ओबीसी का आरक्षण छीनकर दूसरों को देने की बात कहकर हमला किया। सपा को भी इसमें लपेटा। बोले, मैं मेरे कुर्मी, यादव, राजभर, मौर्य, कुशवाहा, जाट, तेली, गुर्जर, पाल समाज के लोगों को हक नहीं जाने दूंगा। कहा, आपकी सुरक्षा के लिए मुझे 400 सीटों की जरूरत है। विपक्ष अफवाह फैलाकर जातियों में मतभेद पैदा कर बांटने का काम कर रहा है लेकिन सफल नहीं हो पा रहा है। जनता को अफवाहों का मुकाबला करते रहना है।

गरीब महिलाओं को एक लाख देने का जवाब... हम तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनते देखेंगे

कांग्रेस की गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की योजना का काउंटर तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना का उल्लेख कर किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल देश की नारी शक्ति का जीवन और अधिक शक्तिशाली बनाने वाले होंगे। खेत में ड्रोन से लेकर इसरो तक लोग नारी शक्ति का विस्तार देखेगे। आने वाले समय तीन करोड़ ग्रामीण बहनों को हम लखपति दीदी बनते देखेंगे। यह मोदी की गारंटी है।

गठबंधन पर चोट... श्रीकृष्ण की मजाक बनाने वालों की आरती उतार रहे हैं खुद को यदुवंशी बताने वाले सपा नेता

पीएम ने कहा कि दस साल पहले सपा और कांग्रेस वाले भाजपा को राम मंदिर के नाम पर चिढ़ाते थे। गाली देते थे। कहते थे, मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तिथि नहीं बताएंगे। वह चुपचाप उनकी गालियां सुनते रहे और जनता के आशीर्वाद और प्रभु की कृपा से मंदिर बनवाया, प्राण प्रतिष्ठा भी की। हमने तारीख, समय और जगह भी बताई और निमत्रंण भी दिया। लेकिन अहंकार में चूर सपा और कांग्रेस वालों ने खुद को प्रभु राम से भी बड़ा मानते हुए निमंत्रण को ठुकरा दिया। यहां भी सपा कांग्रेस ने तुष्टीकरण की नीति का ध्यान रखा, उन्हें अपना वोट बैंक बिखरने का डर था। बोले, श्रीकृष्ण की द्वारिका नगरी पानी के नीचे है। मैं श्रद्धा के साथ समुद्र के नीचे गया। कांग्रेस के शहजादे ने उसका भी मजाक उड़ाया। बोले, मैं हैरान हूं कि उत्तर प्रदेश में खुद को यदुवंशी बताने वाले सपा के ठेकेदार और परिवारवादी नेता भी श्रीकृष्ण का मजाक बनाने और बेइज्जती करने वालों की आरती उतार रहे हैं।

प्रधानमंत्री की जनसभा में पहुंचे युवा सबसे आगे दिखे, भाषण के दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। ● अमृत विचार

एक नजर

बदायूं और शाहजहांपुर रूट पर रोडवेज बसें न चलने से परेशान हुए यात्री

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंवला और शाहजहांपुर जनसभा की वजह से बदायूं और शाहजहांपुर रूट पर रोडवेज बसों का संचालन बंद रहा। बसों को डायवर्ट करके चलाया, जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। शाम को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम खत्म होने के बाद बसों का ठीक से संचालन हो सका। रूट डायवर्जन की वजह से गुरुवार को रोडवेज बसों को सेटेलाइट, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज मार्ग से बदायूं के लिए चलाया गया। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि रूट डायवर्जन होने से संचालन में दिक्कत हुई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद बसों का संचालन पहले की तरह शुरू करा दिया गया।

प्रधानमंत्री की जनसभा के दौरान बदायूं रोड पर हैवी ट्रैफिक रोक दिया गया, पुलिस ने एंबुलेंस को भी लौटा दिया।

पीएम की कुर्सी से पोंछी धूल

तेज हवा से जनसभा स्थल पर धूल उड़ रही थी। मंच पर जो कुर्सी प्रधानमंत्री के लिए रखी थी, उस पर भी धूल जम गई। बदायूं के भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता की नजर पड़ी तो जेब से रुमाल निकालकर कुर्सी को साफ करने में जुट गए।

38 डिग्री पार पहुंचा पारा... प्यास से बेहाल हुए लोग

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा के लिए सैनिक पड़ाव पर आने से पहले ही पारा 38 डिग्री के ऊपर जा चुका था। इसके बावजूद उन्हें सुनने के लिए अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। पंडाल के अंदर भीड़ की वजह से गर्मी और ज्यादा असहनीय हो गई थी लेकिन लोग फिर भी टिके रहे। हालांकि प्यास ने लोगों को बेहाल कर दिया। सभास्थल पर किया गया पानी का इंतजाम पर्याप्त साबित नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री बहुत अच्छे, बस महंगाई को और कम कर दें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जनसभा में आए लोगों ने की तारीफ, कहा- बेहतर हुई हैं सुविधाओं की स्थिति

अमृत विचार : प्रधानमंत्री का भाषण सुनने आंवला ही नहीं बदायूं से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभा के बाद लोगों पर उनके संबोधन का असर भी दिखा। अमृत विचार से बातचीत में लोगों ने प्रधानमंत्री की तारीफ की। कहा, जरूरी सुविधाओं की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। किसान, महिला समेत हर वर्ग संतुष्ट है। अगर सरकार महंगाई भी कम कर दे तो लोगों को काफी राहत मिल जाएगी।

फरीदपुर के छोटेलाल ने कहा कि सरकार राशन दे ही रही है, किसान सम्मान निधि के दो हजार रुपये भी मिल रहे हैं। बिजली-सड़क की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। समस्या सिर्फ महंगाई की है जो काफी बढ़ी है। सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए। आंवला के गांव बरीखेड़ा के रोशनलाल ने बताया कि वह प्रधानमंत्री को सुनने 40-45 किमी दूर से आए हैं। वह राजनीति पर कोई बात नहीं करना चाहते। प्रधानमंत्री सभी के लिए सोचते हैं। भेदभाव जैसी कोई बात भी नहीं है। आंवला के ही ढिलवारी गांव के रहने वाले हरिनाम का कहना था कि उनके इलाके में पहले एक-एक सप्ताह बिजली नहीं आती थी। अब यह समस्या नहीं है। काफी कुछ बदलाव हुआ है। सुरक्षा पर भी सरकार ने ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री को टीवी और अखबारों में ही देखा था। आज करीब से देखने का मौका मिला। बिसौली (बदायूं) के सुखवीर सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। सड़क और बिजली-पानी की मुश्किलें भी कम हुई हैं। सिर्फ महंगाई परेशान कर रही है। सरकार इस पर भी ध्यान दे तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

रोड शो... इतना मुश्किल हुआ घर से आना-जाना



राजेंद्रनगर में भव्य रोड शो की तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● कार्यक्रम जारी, शाम 6:15 बजे शुरू होकर एक घंटे तक चलेगा रोड शो

● दिल्ली से पहुंचा विशेष रथ, एसपीजी ने किया रिहर्सल, कड़े सुरक्षा इंतजाम

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को रोड शो के लिए कई दिनों से चल रही तैयारियां बृहस्पतिवार को पूरी कर ली गईं। पार्टी की ओर से रोड शो को भव्य बनाने की पूरी तैयारी की गई है तो पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम पूरे कर लिए हैं। एसपीजी की टीम ने यहां पहले ही डेरा डाल लिया था। दिल्ली से वह विशेष रथ भी आ गया, जिस पर प्रधानमंत्री सवार होंगे। बृहस्पतिवार को यहां रिहर्सल भी किया गया। रोड शो शाम सवा छह बजे शुरू होगा।

प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा जोर-शोर से तैयारी में जुटी थी। कई दिन से लगातार बैठकें चल रही थीं, साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी बांटी जा रही थीं। दिल्ली से विशेष रथ आ चुका है, जिस पर प्रधानमंत्री रोड शो करेंगे। स्वयंवर बरातघर से शुरू होकर रोड शो शहीद पंकज अरोड़ा चौक तक पहुंचेगा। बृहस्पतिवार को जारी कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री त्रिशूल एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद सड़क के रास्ते स्वयंवर बरातघर के पास पहुंचेंगे जहां से शाम करीब 6.15 बजे रोड शो शुरू होगा और सवा सात बजे तक चलेगा। कई दिनों से डेरा डाले एसपीजी की निगरानी में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बृहस्पतिवार को भी पूरे दिन पेड़ों की छंटाई के साथ बिजली के पोल दुरुस्त किए जाते रहे। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स और एडीएम सिटी सौरभ दुबे समेत कई अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि 26 अप्रैल को रोड शो के कारण एयरफोर्स स्टेशन, सिविल एयरपोर्ट की अनुसूचित फ्लाइट को छोड़कर पूरे जिले को नो-फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि रोड शो में प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा।

एसीपीजी ने किया रिहर्सल

बरेली, अमृत विचार : एसपीजी ने रूट पर बृहस्पतिवार शाम रिहर्सल किया और एयरपोर्ट से स्वयंवर बरातघर होते हुए शहीद पंकज अरोड़ा चौक तक पहुंची। रोड शो के संयोजक और जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि 1.2 किमी लंबे रोड शो में 44 ब्लॉक बनाए गए हैं। एक ब्लॉक में एक हजार लोगों के खड़े होने की व्यवस्था है।

शहर भर के निजी स्कूलों ने आज घोषित की छुट्टी

बरेली,अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो के दौरान भीड़भाड़ को देखते हुए शहर के तमाम निजी स्कूलों ने छुट्टी की घोषणा की है। हालांकि छुट्टी के संबंध में बीएसए और डीआईओएस की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह बेनिवाल ने बताया कि रोड शो के दौरान शहर में भीड़भाड़ हो सकती है। यह देखते हुए सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों से समन्वय स्थापित कर छुट्टी करने का निर्णय किया गया है। शहर में बिशप कॉनराड, जीआरएम, सेक्रेड हार्टस, वुडरो, सोबती सहित सभी स्कूल बंद रहेंगे। इसके लिए बच्चों और अभिभावकों को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

रोड शो के लिए पांच जोन में बांटा शहर

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए पुलिस और प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। इसके लिए शहर को पांच जोन और सात सेक्टर में बांटा गया है। रोड शो में सुरक्षा के हिसाब से बैरीकेडिंग की है। सुरक्षा में 12 जिलों के करीब ढाई हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। खुफिया विभाग भी सक्रिय है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी रोड शो में लिंक अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगे। एडीजी पीसी मीना, आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी रवींद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने देर रात रोड शो के रास्ते का भ्रमण किया। वहीं बैठक कर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

घरों की छतों पर रहेंगे पुलिस कर्मी : स्वयंवर बरात घर से लेकर रोड शो की समाप्ति स्थल तक छतों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं भीड़ के बीच में सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। महिला पुलिस कर्मियों को भी सादे कपड़ों में महिलाओं के बीच में तैनात किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से रोड में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। भीड़ पर नजर रखने के लिए छतों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। रोड शो के दौरान ढाई हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें 16 आईपीएस, 33 अपर पुलिस अधीक्षक, 65 पुलिस उपाधीक्षक, पांच सौ इंस्पेक्टर, सात सौ दरोगा और अन्य सिपाही तैनात रहेंगे।

पाबंदी: आज न छत पर चढ़ सकेंगे न ही मेहमान को घर बुला सकेंगे

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को रोड शो के दौरान राजेंद्रनगर के लोगों पर कई पाबंदियां लागू रहेंगी। बृहस्पतिवार से ही पुलिस ने इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी। यहां रहने वालों को हिदायत दी गई है कि वे वह अपने घर की छत पर न चढ़ें और किसी मेहमान को भी घर न बुलाएं। डेलापीर सब्जी मंडी के बाहर बैरिकेडिंग लगा दिए जाने से सब्जियों की आवक भी संभव नहीं रह गई है, इसलिए शुक्रवार को सब्जी मंडी बंद रहेगी।

डेलापीर मंडी भी बंद रहेगी

सब्जी मंडी के आढ़तियों को बृहस्पतिवार को ही निर्देश दे दिए गए कि शुक्रवार को मंडी गेट से ट्रकों की आवाजाही नहीं होने दी जाएगी, इसलिए वे सब्जियां न मंगाएं। मंडी के बाहर खड़े होने वाले फलों के ठेलों को भी बृहस्पतिवार को ही हटवा दिया गया। रोड शो के लिए राजेंद्रनगर में बृहस्पतिवार को भी दिन भर काम होता रहा। रोड शो के रूट से जुड़ने वाली जो गलियां और संपर्क मार्ग रह गए थे, उन पर भी बैरिकेडिंग कर दी गई। पुलिस ने भी बृहस्पतिवार से ही पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी शुरू कर दी। राजेंद्रनगर के लोगों ने बताया कि पुलिस वालों ने उनसे कहा है कि वह शुक्रवार को अपने घर पर किसी मेहमान को न बुलाएं। घर के बाहर भी न निकलें। इसके साथ घर की छतों पर भी चढ़ने पर भी पाबंदी लगाई गई है। चेतावनी दी गई है कि छत पर चढ़ने वालों की जांच की जाएगी। रोड शो के लिए पूरे इलाके में आवागमन बंद कर दिया गया है।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082

माँ सरस्वती विद्या मंदिर
9, गोपाल नगर, त्रिमूर्ति भवन, संजय नगर, बरेली
कक्षा N.C. से कक्षा आठ तक
विशेषताएं :-
● विद्यालय का विश्वास क्वालिटी में क्वांटिटी में नहीं।
● योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
● इंग्लिश स्पीकिंग पर विशेष ध्यान।
● समय-समय पर प्रतियोगिताएं।
● कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
सीमित सीटें
प्रवेश प्रारम्भ
M.: 9411007501, 8410361612, 9105307525

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंने बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंने 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंने डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

मेनका गांधी के अस्पताल प्रबंधक पर हंसिए से हमला

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर में मेनका गांधी के पशु चिकित्सालय के प्रबंधक और उनकी मां के साथ एक युवक ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर हंसिया से हमला कर दिया। सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जज साहब का अहाता निवासी विक्रांत यादव ने बताया कि वह मेनका गांधी के पशु चिकित्सालय में प्रबंधक हैं। 23 अप्रैल को वह अपनी मां के साथ आ रहे थे। रास्ते में पड़ोस का शिवम मिल गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने हंसिया से हमला कर दिया, जिससे उनका हाथ घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बड़ा बाईपास : गड्ढे की वजह से पलटा लोडर, युवक की मौत

चार लोग घायल, बिथरी इलाके में जीरो प्वाइंट के पास हादसा

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में बड़ा बाईपास पर इन्वर्टिस जीरो प्वाइंट के पास गड्ढे में पहिया जाने से लोडर पलट गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों का कहना है कि जीरो प्वाइंट पर गड्ढे की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

मृतक अमित।

बिथरी चैनपुर पुलिस के अनुसार रजऊ परसपुर में राहुल टेंट हाउस है। परसौना गांव में शादी समारोह में टेंट बुक हुआ था। रजऊ निवासी अमित कुमार (19), सुभाष, सचिन, शिवा और अनुज गुरुवार को लोडर से सामान वापस टेंट हाउस में ला रहे थे। बड़ा बाईपास पर जीरो प्वाइंट के पास अचानक पहिया गड्ढे में जाने से वाहन पलट गया। हादसे में सभी मजदूर नीचे गिर गए। अमित के ऊपर टेंट का सामान गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुभाष, सचिन, शिवा और अनुज घायल हो गए।

बड़ा बाईपास पर जीरो प्वाइंट के पास हैं गहरे गड्ढे। ● अमृत विचार

चौराहे पर लगी स्ट्रीट लाइट भी बंद

स्थानीय लोगों का कहना है कि जीरो प्वाइंट के पास लगीं स्ट्रीट लाइटें भी बंद रहती हैं। अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायतें भी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

जड़ से इलाज तुरन्त आराम

नाइस चिकित्सालय

बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में

जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें

इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।

परामर्श निःशुल्क

डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।

मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक

पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।

डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)

सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लापता बच्ची नहीं मिली, परिजन एसएसपी ऑफिस में धरना देंगे

- नेकपुर से गायब बच्ची के परिजनों से ठगी की भी हो चुकी कोशिश

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर के नेकपुर मोहल्ले से गायब तीन साल की बच्ची का नौ दिन बाद भी पुलिस तलाश नहीं कर सकी है। इस दौरान बच्ची के परिजनों से ऑनलाइन ठगी की कोशिश भी की गई। अब बच्ची के परिजनों ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय में धरना देने की चेतावनी दी है।

नेकपुर निवासी मुकेश ने बताया कि वह सोनू के मकान में किराये पर रहते हैं। नौ दिन पहले उनकी तीन साल की बेटी माही घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गई। उन्होंने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो उनमें बच्ची शाम साढ़े सात बजे तक मंदिर परिसर में खेलती दिखी। उन्होंने थाना सुभाषनगर में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद अंजान नंबरों से उनके पास कॉल आनी शुरू हो गईं। एक व्यक्ति ने फोन करके उनसे कहा कि वह मथुरा से बोल रहा है और बच्ची उसे मिल गई है। फोन करने वाले ने कहा कि वह बच्ची को लेकर आ रहा है और उसने आने-जाने और खर्च के लिए पांच हजार रुपये ऑनलाइन खाते में डालने को कहा। जब पैसे देने से मान किया तो धमकी दी कि बच्ची चाहिए तो रुपये देने होंगे। इसके बाद दूसरा फोन आया तो फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली का बताते हुए कहा कि बेटी उसके पास है और 12 हजार रुपये देने होंगे। उन्होंने इसकी शिकायत मुकेश ने सुभाषनगर पुलिस से की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों ने इंटरनेट कॉलिंग करके पीड़ित पिता को ठगने की कोशिश की।

वन स्टॉप सेंटर के संविदा कर्मी की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : नाबालिग लड़की के विवाह करने के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 25 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी वन स्टॉप सेंटर के संविदा कर्मी शीशगढ़ ग्राम मानपुर निवासी सौरव गंगवार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना इज्जतनगर में नाबालिग पुत्री को अभिषेक द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी जिसमें बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। पीड़िता नारी निकेतन से घर आ गयी। परिवार को परेशान करने के लिए किसी ने अधिकारियों से बेटी का विवाह करने की झूठी शिकायत कर दी। जिसकी जांच बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर पर आयी थी। वहां कार्यरत सौरभ और एक महिला कर्मी 30 मार्च को सुबह घर आए और कहा कि तुमने अपनी नाबालिग लड़की का विवाह किया है, जिसकी शिकायत हमारे पास है सभी जेल जाओगे। धमकाकर फोन नंबर ले गये और फिर कई बार 25 हजार रुपये की मांग करते हुए धमकाया। 5 अप्रैल को टैप टीम ने आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया था।

चोरी के दोषी को एक वर्ष छह महीने की सजा

बरेली, अमृत विचार : चोरी के मामले में दोषी संतकबीर नगर निवासी मुकेश को एसीजेएम एनआर की कोर्ट ने एक साल छह महीने और सात हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। बरेली जंक्शन जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी के एक मामले में आरोपी के खिलाफ एसीजेएम एनआर की कोर्ट में पैरवी की गई। पैरवी करने वाली टीम में एसएसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह और हेड कॉस्टेबल विजय पाल शामिल रहे।

हलवाई को गोली मारने वाला गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : किला थाना क्षेत्र में हलवाई को गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को केलाबाग निवासी शिवचरण यादव उर्फ पप्पू हलवाई अपनी दुकान पर बैठा था। तभी मोहल्ले का ही मोनू उर्फ ललित यादव आया और शिवचरण को गोली मार दी। आरोपी मोनू उर्फ ललित यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पूछताछ में ललित यादव ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसके पशुओं ने शिवचरण की दुकान के सामने गंदगी कर दी थी। डांटने पर शिवचरण से उसने माफी मांग ली थी लेकिन इसके बाद भी वह गाली गलौज करने लगा था। इसी वजह से उसने गोली मारी।

कल वित्त एवं लेखाधिकारी का घेराव करेंगे शिक्षक

बरेली, अमृत विचार : एरियर और ग्रेच्युटी का भुगतान न होने से परेशान शिक्षक वित्त एवं लेखाधिकारी का घेराव करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर 27 अप्रैल को शाम 4 बजे धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वेतन एरियर को बिना कारण लंबित रखा जा रहा है या लौटा दिया जा रहा है। सेवानिवृत्त शिक्षकों की ग्रेच्युटी की फाइलें लंबे समय से पेंडिंग हैं। इससे पहले तीन बार पत्र लिख कर शिक्षकों की इन समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई लेकिन अभी तक नहीं हो पाई है। शिक्षक आए दिन कार्यालय का चक्कर काट कर परेशान हो रहे हैं। जिले के डेढ़ सौ से अधिक शिक्षकों का वेतन एरियर और ग्रेच्युटी भुगतान की फाइलें लंबित हैं।

सीओ जीआरपी ने किया स्टेशन का निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : आंवला में प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर आरपीएफ और जीआरपी रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रही। सीओ जीआरपी देवी दयाल ने भी बरेली सिटी और बरेली जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि काफी स्टाफ चुनाव की ड्यूटी में चला गया है, फिर भी प्रयास कर रहे हैं कि ज्यादातर ट्रेनों के अंदर स्टाफ की तैनाती की जाए। रैली में भीड़ को देखते हुए आंवला और रामगंगा स्टेशन के रेलवे फाटकों पर नजर रखी गई। रैली की वजह से अलीगंज फाटक पर जाम की स्थिति रही। ट्रेनों को कॉशन पर गुजारा गया।

विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता एवं
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री

मा. श्री नरेन्द्र मोदी जी

और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री

मा. श्री योगी आदित्यनाथ जी

आपका नाथ नगरी बरेली आगमन पर
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन हैं।

भव्य रोड शो

दिनांक: 26 अप्रैल 2024
समय: शाम 04:00 बजे

डॉ. उमेश गौतम
महापौर

भाजपा

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306

बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें

दर्द रहित उपचार

सैक्स

रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)

बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ

ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174

शैक्षिक पदों पर नियुक्ति और संघटक कॉलेजों के पद सृजन में भी गड़बड़ी

तत्कालीन वित्त अधिकारी ने प्रशासनिक और वित्तीय समस्याएं उत्पन्न होने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः रुहेलखंड विश्वविद्यालय के तत्कालीन वित्त अधिकारी केके शंखधार की शिकायत में कुलपति पर शैक्षिक पदों पर नियुक्ति और संघटक महाविद्यालयों में पद सृजन में भी गंभीर गड़बड़ी के भी आरोप हैं। शासन ने इस संबंध में विश्वविद्यालय से पहले भी रिपोर्ट मांगी थी। अब एक बार फिर जवाब मांगा है।

कुलपति पर आरोप था कि शैक्षिक पदों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे। इसमें स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के भी पद शामिल थे लेकिन विज्ञापन में साफ नहीं किया गया था कि कौन से पद स्ववित्त पोषित हैं और कौन से नियमित। तत्कालीन वित्त अधिकारी की शासन को भेजी गई शिकायत में कहा गया था कि सही सूचना न देने से भविष्य में प्रशासनिक और वित्तीय समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

संघटक महाविद्यालयों में नहीं किया पद सृजन : आरोप है कि संघटक महाविद्यालयों में नियुक्तियां तो कर ली गईं लेकिन पद सृजन की कार्यवाही नहीं की गई।

ऐसे में नियुक्ति उचित नहीं है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग से वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गईं, जिसमें स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों को भी गलत तरीके से शामिल किया गया। योजना के प्रस्ताव कुलपति अनुमोदित करते हैं और कुलसचिव अग्रसारित करते हैं। शासन से वित्तीय स्वीकृतियां जारी होने के बाद वित्त अधिकारी पर दबाव बनाकर नियमविरुद्ध भुगतान करा लिया जाता है।

आउटसोर्सिंग कर्मियों के ईपीएफ में 50 लाख का गबन

विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग एजेंसी से श्रमिकों की सेवाओं लेने के मामले में अनियमितताओं की आईजीआरएस पर शिकायत हुई थी। इस पर पूर्व वित्त अधिकारी ने कुलसचिव को सलाह दी थी कि ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान सही ढंग से जमा नहीं किया जा रहा है। इसके बाद भी किसी ने जांच नहीं की तो उन्होंने खुद जांच कर तीन महीने के आंकड़ों का परीक्षण किया और कार्यवाही के लिए कुलपति को रिपोर्ट भेजी लेकिन कुलपति ने डेढ़ महीने बाद उनके खिलाफ ही पत्र जारी करके आरोप लगा दिया कि उन्होंने एजेंसी के साथ गुपचुप पत्राचार किया है। बताया गया है कि एजेंसी ने ईपीएफ में 50 लाख रुपये का गबन किया था।

परीक्षा में गाड़ियों पर 15 करोड़ का ज्यादा खर्च

आरोप है वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से सितंबर 2022 तक परीक्षा संबंधी गाड़ियों पर लगभग 15 करोड़ का व्यय हो गया। अधिक खर्च होने पर परीक्षा नियंत्रक से पूर्व वित्त अधिकारी ने कई बिंदुओं पर जवाब मांगा। जवाब में नई शिक्षा नीति के तहत वर्ष में अधिक परीक्षाएं कराने की बात कही गई और गोपनीयता का हवाला देते हुए ड्राइवर और भुगतान का ब्योरा उपलब्ध कराने से इन्कार कर दिया गया।

चार करोड़ की कोरोना किट खरीदने का दबाव

बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 के दौरान एक और घोटाले का आरोप लगाया गया है। उनके समक्ष कोरोना किट की खरीदारी के चार करोड़ से ज्यादा धनराशि के बिल प्रस्तुत किए गए और कुलपति ने उसके भुगतान के लिए दबाव बनाया लेकिन पर्याप्त धनराशि न होने के कारण भुगतान नहीं किया गया। बाद में जानकारी में आया कि कोराना किट की खरीदारी का प्रकरण एसटीएफ या सीबीआई जांच का बिंदु बन गया है।

मरीज के बेड पर खाना खाने से मना करने पर नोकझोंक

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में गुरुवार को मरीज के बेड पर बैठकर तीन लोग खाना खा रहे थे। जब स्टाफ ने खाना खाने से मान किया तो तीमारदार झगड़ा करने लगे। स्टाफ ने बताया कि एक मरीज के साथ एक ही तीमारदार रह सकता है लेकिन लोग नहीं मानें। इस पर वार्ड प्रभारी ने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा से शिकायत की। बच्चा वार्ड में गुरुवार को 17 बच्चे भर्ती थे।

बस का निकला पहिया, फिटर सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वर्कशाप से मरम्मत के बाद निकली बस हुई हादसे का शिकार
- तीन संविदा कर्मचारियों की सेवाएं भी लापरवाही पर कीं समाप्त

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बरेली रीजन के वर्कशाप में तैनात फिटर को सेवा प्रबंधक ने निलंबित कर दिया और तीन संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी। इस कार्रवाई का रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन ने विरोध जताया और आरएम को सूचित कर सेवा प्रबंधक के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

वर्कशाप में दो महीने पहले बरेली डिपो की बस सवारियों को ले जाने के लिए वर्कशॉप से निकली थी। रास्ते में नट बोल्ट ढीले होने से बस का पहिया खुल गया था। इस वजह से बस हादसे का शिकार होने से बच गई थी।

इस मामले में सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बस को चेक करने वाले फिटर सुशील के खिलाफ जांच शुरू करा दी थी। अब जांच में दोषी पाए जाने पर फिटर सुशील को सेवा प्रबंधक ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा काम नहीं करने वाले तीन संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी हैं। सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि काम में गंभीर लापरवाही करने पर फिटर सुशील को निलंबित किया गया है।

उधर, फिटर और संविदा कर्मचारियों पर कार्रवाई होने पर यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन ने सेवा प्रबंधक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन ने आरोप लगाया है कि जिस मामले में फिटर सुशील को निलंबित किया गया है वह पुरानी घटना है। पहले इस मामले में फिटर को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था।

रिश्वत लेने के मामले में नामजद एसडीओ गौरव शर्मा निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरवरी में एंटी करप्शन की टीम ने कर्मचारी को रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

अमृत विचार : शाहदाना उपकेंद्र में रिश्वत लेने के मामले में एसडीओ गौरव शर्मा को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया गया। उन्हें मुख्य अभियंता कार्यालय से अटैच किया गया है।

एंटी करप्शन की टीम ने 23 फरवरी में शाहदाना उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कर्मचारी ने बताया कि था कि एसडीओ गौरव शर्मा के कहने पर उसने रिश्वत ली थी। उसके बाद एंटी करप्शन की तरफ से शहर कोतवाली में संविदा कर्मचारी और एसडीओ के खिलाफ भी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्य अभियंता ने पावर कारपोरेशन के एमडी को भेजी थी। जिसके बाद अब एमडी ने एसडीओ को निलंबित कर दिया है। घटना के बाद से ही एसडीओ बिना सूचना दिए फरार चल रहे थे। हालांकि अधिकारियों ने शाहदाना उपकेंद्र पर एसडीओ अभिषेक को चार्ज देकर गौरव शर्मा को शाहजहांपुर अटैच कर दिया था, लेकिन वह लगातार गैर हाजिर चल रहे थे।

मौलाना तौकीर के मामले में पुलिस ने नहीं भेजी रिपोर्ट, सीजेएम कोर्ट में सुनवाई टली

विधि संवाददाता, बरेली : आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की अर्जी पर कोतवाली पुलिस की ओर से रिपोर्ट न भेजे जाने पर गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई टल गयी। अब अदालत ने सुनवाई को 10 मई की तिथि नियत की है। मानव अधिकार संरक्षण मंच अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल गुप्ता एडवोकेट ने मौलाना पर 9 फरवरी को जिले में धारा 144 लागू होने के बाद भी भीड़ एकत्रित कर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सीजेएम सौरभ कुमार वर्मा की कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर अदालत ने कोतवाली पुलिस से मामले में रिपोर्ट मांगी थी। दो तारीख बीतने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट पेश नहीं की है।

रविवार को 42 डिग्री के पार जा सकता है पारा

बरेली, अमृत विचार : जिले में गर्मी का प्रकोप अभी और बढ़ेगा। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने के आसार जताए हैं। इसके अलावा 28 अप्रैल को 42 डिग्री तक जा सकता है और 11-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के तापमान में गिरावट की वजह से मौसम ठंडा हो गया। इस दौरान 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी रहेगी। 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस, 27 अप्रैल को 41 डिग्री सेल्सियस, 28 अप्रैल को 42 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

शहामतगंज में सीवर के डिप के पास गड्ढे में ई-रिक्शा फंस गया। ● अमृत विचार

गर्मी में बिजली कटौती से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर और महानगर में पूरे दिन आती-जाती रही बिजली

अमृत विचारः शहर से बिजली कटौती का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में गुरुवार को सुभाषनगर और महानगर क्षेत्र में दिन में बार-बार कटौती से लोग बेहाल हो गए।

ग्रामीण इलाकों में आंधी की वजह से प्रभावित हुई बिजली आपूर्ति अभी भी पूरी तरह से बहाल नहीं हो सकी है। गुरुवार को बदायूं रोड, मढ़ीनाथ, शांति बिहार और गणेशनगर के साथ अन्य इलाकों में कटौती और ट्रिपिंग जारी रही। इसके अलावा महानगर के मुंशीनगर और सरदार जी कॉलोनी में दो से तीन घंटे तक बिजली प्रभावित रही। सिविल लाइंस और कुतुबखाना में भी दोपहर के समय दो से तीन घंटे की कटौती की गई।

एलन क्लब खुलवाने के लिए बैठक

बरेली, अमृत विचार : एलन क्लब के सदस्यों ने परिसर में बैठक कर प्रशासन से इसके खुलवाने की मांग की। सदस्यों ने कहा कि क्लब का स्विमिंग पूल काफी दिनों से बंद चल रहा है उसको भी खोलने के प्रयास किए जाएं ताकि शहर के बच्चों को भी इसका लाभ मिल सके। बैठक में संदीप अग्रवाल, गोपाल वैश्य, अमित सरपाल, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, धीरज सूरी, विकास मेहरोत्रा, अमित गोयल, अनूप कुमार, नरेन्द्र पाल सिंह, राजेश तलवार, विजय शंकर, सर्वेश अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शबीना को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी संक्रमणीय भूमि व रिहायशी मकान सहित समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जाफर अली शाह पुत्र शमशाद अली शाह निवासी ग्राम लाडपुर उस्मानपुर थाना हाफिजगंज, जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित वर्मा उर्फ जय प्रकाश व उसकी पत्नी करिश्मा वर्मा उर्फ मिलन को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर दयाल वर्मा, निवासी चक महमूद चक्की वाली गली नवादा जोगियान थाना बारादरी, बरेली।**

REQUIREMENT

Teachers Required
for All Subjects
Experienced Teacher prefer
Global Public School
NC to VIII (English Medium)
Rupapur, Badhepura,
Bhandsar Road, Bareilly
M-9761135783, 7078807486

सूचना

मेरे पति श्रेयांश तोमर ने गलत संगति एवं कुकृत्यों के कारण समाज के बहुत से संभ्रान्त लोगों को अपने झूठे जाल में फसाकर ठग लिया लिया है अतः मैंने एवं मेरे माता-पिता एवं समस्त मायके वालों ने श्रेयांश तोमर व इनके परिवार से सदैव के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। श्रेयांश तोमर के कृत्यों की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। **साक्षी चौहान पुत्री श्री रामदेव सिंह चौहान पत्नी श्री श्रेयांश तोमर निवासी हाल तिरूपति स्टेट, थाना सुभाषनगर, बरेली**

सूचना

मेरे पिता का सही नाम Jagadish Shivram Bagul व जन्मतिथि 10-04-1964 नाकि Jagadish व जन्मतिथि 01-07-1963 और मेरी माता का Latabai Jagadish Bagul व जन्मतिथि 01-06-1966 है नाकि Lata Bai व जन्मतिथि 01-07-1966। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में सही करें। 15712605M L/Nk Bagul Dipak Jagadish, R/o Bambarud Tal. Pachora, Bambarud Kh. Pr. Pachora Jalgaon, Maharashtra.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी

ई-निविदा सूचना

मिल समिति में वर्ष 2024-25 में विभिन्न सामानों की आपूर्ति से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 26.04.2024 से दिनांक 13.05.2024 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें **www.etender.up.nic.in** एवं **www.upsugarfed.org** पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

संदिग्ध हालात में महिला की मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज के गांव मथुरापुर में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है।

भोजीपुरा के गांव मवई मुड़िया निवासी छोटे लाल ने अपनी बेटी नेहा की शादी 18 नवंबर 2023 को सीबीगंज के गांव मथुरापुर निवासी संतोष कुमार के साथ की थी। संतोष परसाखेड़ा स्थित एक रस्क फैक्ट्री में काम करता है। नेहा गर्भवती थी। 15 दिन पहले उसकी तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद उसे इलाज के लिए सीबीगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां हालत बिगड़ने पर उसका गर्भपात करा दिया गया था। विवाहिता के ससुराल वालों का कहना है कि बृहस्पतिवार को दोपहर में अचानक उसे खून की उल्टी आई जिसके बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने ही इसकी सूचना उसके मायके वालों को भी दी थी। उधर मायके वालों का कहना है कि उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मीरगंज के नेपाल हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

मीरगंज, अमृत विचार : नेपाल सिंह हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव करनपुर में सोमवार रात खेत की रखवाली कर रहे नेपाल सिंह की हत्या कर दी गई थी। नेपाल सिंह के भाई राजपाल सिंह ने गांव के ही सुरजीत पर भाई की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बाद गुरुवार सुबह सुरजीत को नौगवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार आदि शामिल रहे।

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : नंबर-167-169, दूसरी मंजिल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
शाखा कार्यालय: प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स कर्मचारी नगर बरेली-243001, संपर्क-9453220448

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं हित तिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट / करियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई / जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशी 60 दिनों के अन्दर जमा नहीं करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों /जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्ज़ा सूचना / ई-नीलमी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र सं.	कर्जदार /सह-कर्जदार/ गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख	बकाया राशि / मांग सूचना की तारीख	सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का विवरण
1	**श्री सतीश कुमार शर्मा** नवादा शेखर पुराना शहर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश 243001 **श्रीमती जशोदा देवी** नवादा शेखर पुराना शहर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश 243001	**बकाया राशि ₹ 4,15,361.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**नवादा शेखर पुराना शहर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000284 और CO/CPC/CPOF/A000000537 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
2	**संजीव कुमार** 01 संजय नगर नेहा ब्यूटी पार्लर के पास, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **श्रीमती अमिता** देवी 01 संजय नगर नेहा ब्यूटी पार्लर के पास, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243006	**बकाया राशि ₹ 23,05,883.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 85 86 87 बांके जगतपुर, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243006**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001249 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
3	**सर्वेश कुमार** 20, सूर्या एन्क्लेव, तुलाशेरपुर, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243006 **श्रीमती स्वार्थी गंगवार** 20, सूर्या एन्क्लेव, तुलाशेरपुर, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243006	**बकाया राशि ₹ 6,72,142.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**प्लॉट नं.-20, सूर्य नगर, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243006**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000647 और CO/CPC/CPOF/A000002331 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2023**	
4	**सरवर खान** 264 40 मुहल्ला अजाज नगर, पुराना शहर, अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश, भारत 243006 **अफ़रोज़ जहां** 264 40 मुहल्ला अजाज नगर, पुराना शहर, अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश, भारत 243006 **रिज़वाना** 264 40 मुहल्ला अजाज नगर, पुराना शहर, सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश, भारत 243006	**बकाया राशि ₹ 48,24,848.00 दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 141, 142 के भाग पर स्थित, जगतपुर लाला बेगम बहार चुंगी तहसील, बरेली**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001031 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 25-03-2024**	
5	**श्री सत्य प्रकाश** गौतम पुरी, उझानी ग्रामीण, बदुआँ, बदायूँ, शहरी, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत -243639 **श्रीमती गीता देवी** गौतम पुरी, उझानी ग्रामीण, बदायूँ, बदायूँ, शहरी, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639	**बकाया राशि ₹ 6,88,404.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम सरोरा, उझानी, उझानी, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000537 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
6	**श्री श्याम सिंह चौहान** मोह महाराज पुरम कॉलोनी रामनगर रोड आँवला बरेली, आँवला, राम नगर रोड, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्रीमती बबीता सिंह** मोह महाराज पुरम कॉलोनी रामनगर रोड आंवला बरेली, आंवला, राम नगर रोड, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301	**बकाया राशि ₹ 14,74,708.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**मोह शिव धाम कॉलोनी आंवला बरेली, आंवला, रोडवेज बस स्टैंड के पास, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301**
	खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000054 और CO/CPC/CPOF/A000000265 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2023**	
7	**श्री संतोष कुमार** श्रीवास्तव प्रगति नगर, करगैना बदायूँ रोआ, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती भूरी देवी** प्रगति नगर, करगैना बदायूँ रोआ, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 9,50,486.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 427 ग्राम करगैना में प्लॉट, करगैना, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000949 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2023**	
8	**सुभाष चन्द्र शर्मा** मो. पकरिया नौगवा पोस्ट-रूप पुर कमालू पीलीभीत शहरी पीलीभीत उत्तर प्रदेश भारत 262001 **अफरोज जहां** मो. पकरिया नौगवा पोस्ट-रूप पुर कमालू पीलीभीत शहरी पीलीभीत उत्तर प्रदेश भारत 262001	**बकाया राशि ₹ 13,26,942.00 दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर-1144/1/1 पर स्थित संपत्ति, ग्राम पकरिया नौगवा चक मुस्तकिल, बहार चुंगी परगना तहसील एवं जिला-पीलीभीत**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000640 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 25-03-2024**	
9	**श्री सुनील कुमार** 141 मुहल्ला पुरैना ढाल गंज कुरैशियान आँवला बरेली, पुरैना ढाल, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्रीमती राम लली** 141 मुहल्ला पुरैना ढाल गंज कुरेशियां आँवला बरेली, पुरैना ढाल, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301	**बकाया राशि ₹ 6,85,014.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**गाटा संख्या 1363, वार्ड 17, गंज कुरैशीं, मो. मुराब टोला तह. आँवला, बरेली, वार्ड 17, गंज कुरैशैन, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301**
	खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000003 और UP/LKN/BRLY/A000000790 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2023**	
10	**श्री सनी कुमार,** 63, चंद्रा मिनी नगर बुद्ध विहार डेलापीर गुरुजी मार्बल गली बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्रीमती शशि देवी** 63, चंद्रा मिनी नगर बुद्ध विहार डेलापीर गुरुजी मार्बल गली बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122	**बकाया राशि ₹ 10,26,057.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**विहारमान नगला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000623 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2023**	
11	**श्री सुरेश कुमार** कहधरपुर उमरसिया लालफाटक बरेली, कहधरपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती निर्मला देवी** कंधारपुर उमसिंया लालफाटक बरेली, कंधारपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 8,40,988.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**कंधारपुर लाल फाटक बरेली, कंधारपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000100 और UP/LKN/BRLY/A000000775 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2023**	
12	**श्री विजय कुमार** 357 डी न्यू मॉडल रेलवे कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्रीमती सुमन देवी** 357 डी न्यू मॉडल रेलवे कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122	**बकाया राशि ₹ 34,30,700.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 75/1, 75/2, 77, 78, 79/1, सैदपुर हॉकिन्स, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000935 और CO/CPC/CPOF/A000002678 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2023**	
13	**श्री धुरुपल जी** हाउस नंबर 0 ग्राम अचिंतपुर मझारा ब्योर बिनावर बदायूँ, बदायूँ, अचिंतपुर, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243634 **श्रीमती सुषमा जी** अचिंतपुर बिनावर बदायूँ, बदायूँ, अचिंतपुर, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243634	**बकाया राशि ₹ 9,68,585.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**नरऊ खुर्द बदायूँ, बदायूँ, नरऊ, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243601**
	खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000126 और CO/CPC/CPOF/A000002376 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
14	**श्री सुमित सक्सेना** मकान नंबर 42 भोर नवाब का ठेरा बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्री सतीश कुमार सक्सैना** मकान नं.42 भूरे नवाब का ठेरा बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 9,67,099.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 331, 335 विहारमान नगला बरेली, बरेली शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000278 और CO/CPC/CPOF/A000001637 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
15	**श्री राखी गुप्ता** डॉ. टी एच समशी वाली गली वार्ड नंबर 4 पकड़िया नौगवा मुस्तकिल पीलीभीत, पीलीभीत, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262001 **श्रीमती ज्योति प्रकाश गुप्ता** डॉ. टी.एच. सैमसी बाली गली वार्ड नंबर 04, पकड़िया नौगवा मुस्तकिल पीलीभीत, पीलीभीत, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262001	**बकाया राशि ₹ 9,30,708.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**पकड़िया नौगवा चक मुस्तकिल बहार चुंगी पिलीभीत, पिलीभीत, सेमीअर्बन, पिलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000496 और UP/LKN/BRLY/A000001011 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
16	**श्री तौसीफ जी** 344, सूफ़ी टोला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **श्रीमती रुखासना जी** 402, सूफ़ीटोला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005	**बकाया राशि ₹ 9,16,561.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**जगत पुर लाला बेगम बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000243 और UP/LKN/BRLY/A000000621 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
17	**श्री नेतर पाल सिंह** इफको कॉलोनी निकट जीप स्टैंड पुरैनिया ढाल आँवला बरेली, आँवला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्रीमती मीना वर्मा** इफको कॉलोनी पुरैना ढाल आँवला बरेली, आँवला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301	**बकाया राशि ₹ 7,50,146.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**इफको कॉलोनी जीप स्टैंड के पास पुरैना ढाल आँवला बरेली, आँवला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000368 और CO/CPC/CPOF/A000001312 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
18	**श्री मनोज कुमार शर्मा** ग्राम वीरमपुर पोस्ट मकरंदपुर सैदपुर बदायूँ, बिसौली, मंदिर के पास, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 202525 **श्रीमती रामवती जी** ग्राम वीरमपुर पोस्ट मकरंदपुर सैदपुर बदायूँ, बिसौली, टेम्पल के पास, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 202525	**बकाया राशि ₹ 5,81,568.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**वार्ड नंबर 6 गदरपुरा बिसौली बदायूँ, बिसौली, मंदिर के पास, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 202525**
	खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000026 और CO/CPC/CPOF/A000002302 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
19	**श्री अरविंद सक्सेना** 50, एम.ई.एस कॉलोनी, बारादरी, बरेली, बरेली, 100 फिटा रोड, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्रीमती मीना सक्सेना** 50, एम.ई.एस कॉलोनी, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122	**बकाया राशि ₹ 5,63,661.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम- शेरपुर, एम.ई.एस. कॉलोनी, तह. एवं जिला-बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत-243122**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000265 और CO/CPC/CPOF/A000002367 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
20	**श्री राज कृष्ण शर्मा** मोहल्ला बख़्तावर लाल, बीसलपुर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 262201 **श्रीमती रूपा देवी** 30, ग्राम बख़्तावर, बीसलपुर, पीलीभीत, पीलीभीत, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 262201	**बकाया राशि ₹ 4,36,338.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**बख़्तावर लाल, वार्ड नं.-10, क़स्बा-बीसलपुर, पीलीभीत, पीलीभीत, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262201**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000340 और UP/LKN/BRLY/A000001244 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
21	**श्री आकाश वर्मा** नवादा शेखर पुराना शहर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश 243001 **श्रीमती गीता वर्मा** 0 संजय नगर, संजय नगर बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 1,23,52,247.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**पीर भोरा बिहारमान नगला, बिहारमान नगला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001134 और CO/CPC/CPOF/A000001580 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
22	**अमर दीप रस्तोगी** मकान नंबर- 263 और 282 बिहारी पुर खतारियान सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243006 **रुही रस्तोगी** मकान नंबर- 263 और 282 बिहारी पुर खतारियान सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243006	**बकाया राशि ₹ 9,79,350.00 दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**पुराना मकान नंबर-263 और नया मकान नंबर-282 बिहारी पुर खतारियान सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243006 क्षेत्रफल 63.94 वर्ग मीटर।**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001044 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 25-03-2024**	
23	**अमर दीप रस्तोगी** मकान नंबर- 263 एवं 282 बिहारी पुर खतारियान सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243006 **रुही रस्तोगी** मकान नंबर- 263 और 282 बिहारी पुर खतारियान सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243006	**बकाया राशि ₹ 47,00,112.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 163, बांके ग्राम करगैना, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001004 और CO/CPC/CPOF/A000001537 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
24	**आरिफ़ जी.** हरमन पब्लिक स्कूल के पास, एयर फ़ोर्स गेट, आलोक नगर, इज़्ज़त नगर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्री गुलशन** बी एयर फ़ोर्स गेट, आलोक नगर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122	**बकाया राशि ₹ 17,23,787.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर-271, कंजादासपुर, तह. एवं जिला. बरेली, वायु सेना गेट, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001193 और CO/CPC/CPOF/A000001562 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
25	**श्री धर्मपाल मोह** मेवात मीरगंज बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504 **सुश्री फूला वती मोह** मेवात मीरगंज बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504	**बकाया राशि ₹ 14,51,431.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम मुंगरा सिरोली तहसील मीरगंज बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000918 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
26	**श्री दिनेश कुमार** मदुरी अगसौली, हाथरस कचौरा, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 204211 **श्रीमती बृज बाला मदुरी** अगसौली, हाथरस कचौरा, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 204211	**बकाया राशि ₹ 33,72,082.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 75/1, 75/2, 77, 78, 79/1 मे से, सैदपुर हकीनेस नगरिया पार्कशिट, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000934 और CO/CPC/CPOF/A000001675 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
27	**श्री कमल गुप्ता** मकान नंबर 09 मेवात मीरगंज बरेली, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504 **सुश्री स्वेता गुप्ता** मकान नंबर 09 मेवात मीरगंज बरेली, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504	**बकाया राशि ₹ 14,07,403.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**मोह राजेंद्र नगर बनैया सिरौली मीरगंज, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000915 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
28	**श्री नीरज कुमार शर्मा** तकिया रोड, मो कानूनगयान, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243503 **श्रीमती कविता शर्मा** तकिया रोड, मो कानूनगयान, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243503	**बकाया राशि ₹ 41,96,731.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**गाटा संख्या 296 का भाग, क़स्बा तहसील फरीदपुर में घर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243503**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001479 और CO/CPC/CPOF/A000002245 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
29	**श्री नितिन कुमार** कर्मचारी नगर, भसीन ट्रेडर्स, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती सुमन कुमारी** कर्मचारी नगर, भसीन ट्रेडर्स, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 10,52,504.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**प्लॉट नंबर 38 खसरा नंबर 84, बाके मठ कमाल नैनपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001367 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
30	**श्री पंकज कुमार** ग्राम कुरतारा आगरा, कुरता बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **श्रीमती मूरत देवी** ग्राम कुरतारा आगरा, कुरता बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005	**बकाया राशि ₹ 11,68,230.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम खिरफा में प्लॉट, खसरा नंबर 734 744, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000912 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
31	**श्री पुष्पेन्द्र सिंह** मोहल्ला सिद्धार्थ नगर रामलीला गेट आँवला बरेली, रामलीला गेट आँवला बरेली, रामलीला गेट, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्रीमती मीना देवी** मोहल्ला सिद्धार्थ नगर रामलीला गेट आँवला बरेली, रामलीला गेट आँवला बरेली, रामलीला गेट, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301	**बकाया राशि ₹ 9,83,664.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**बाग़ बख़्शी क़स्बा तहसील आँवला बरेली, आँवला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000445 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
32	**श्री राजेश गुप्ता** 482 कटरा चांद खां बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **श्रीमती पुष्पा देवी** 482 कटरा चांद खां बरेली, बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005	**बकाया राशि ₹ 11,57,390.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**मकान नंबर 481 मुहल्ला कटरा चांद खां तहसील और जिला बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001210 और CO/CPC/CPCO/A000000101 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
33	**श्री रामवीर सिंह** चाहबाई 251 घोसियान गली बरेली, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003 **श्रीमती प्रेमवती** चाहबाई 251 घोसियान गली बरेली, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003	**बकाया राशि ₹ 11,30,204.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**मकान संख्या 305/256 रकबा 118 वर्ग मीटर का 2/3 भाग यानी 66 वर्ग मीटर बाके चाहबाई मारुफ गुडरहबाग बरेली, चाहबाई, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000933 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
34	**श्री रितेश कुमार** 384 कुँवरपुर सिटी रेलवे स्टेशन बरेली, कुँवरपुर, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती राखी कुमार** 385 कुमारपुर सिटी रेलवे स्टेशन बरेली, कुमारपुर, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 8,23,435.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**385 कुमारपुर तलैया सिटी रेलवे स्टेशन बरेली, कुमारपुर, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000032 और CO/CPC/CPOF/A000001303 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
35	**श्री रोहित गुप्ता** अटल पुरम करगैना बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **सुश्री ट्विंकला** सुभाष नगर अटल पुरम बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 8,24,397.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**करगैना बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000590 और UP/LKN/BRLY/A000001243 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
36	**श्री समीर सलमानी** 14 ए करमपुर चौधरी, करमपुर चौधरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्री सोनी** 14 ए करमपुर चौधरी, करमपुर चौधरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122	**बकाया राशि ₹ 22,89,326.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खेत नंबर 176 में से, बाके गिराधारीपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000948 और UP/LKN/BRLY/A000001460 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
37	**श्री शमशाद** पुत्र बांके बख़्श, 254, कांधरपुर, उमरसिया, बरेली, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती नूरून निशा** पत्नी शमशाद, कांधरपुर, उर्मरसिया बरेली, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 26,86,710.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**बिहारमान नगला खसरा नंबर-909 और 1037, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001366 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
38	**अफसान खान** लोधीटोला पुराना सहर बारबरा बरेली, बरेली सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश 243005 **श्रीमती यास्मीन बेगम** लोधीटोला पुराना सहर बारबरा बरेली, बरेली अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश 243005	**बकाया राशि ₹ 26,32,717.00 दिनांक 24-11-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर-831, 832, 833 के भाग पर स्थित, बिहारमान नगला तहसील और जिला बरेली, क्षेत्रफल 95 वर्ग गज**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001339 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:30-10-2023	**मांग सूचना की तारीख 22-12-2023**	
39	**रचित अग्रवाल** 472 आलमगिरीगंज गट्टूमल वाली गली के पास बरेली, आलम मिरियांज, गट्टू माल वाली गली शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 **श्री आयुष अग्रवाल** 472 आलमगिरीगंज गट्टूमल वाली गली के पास बरेली, आलम मिरियांज, गट्टू माल वाली गली शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001	**बकाया राशि ₹ 29,58,410.00 दिनांक 26-08-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**संपत्ति स्थित - मकान नंबर-44 बूर, नवाब का तेरा, बरेली, माप 210.10 वर्ग मीटर।**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000063 और CO/CPC/CPOF/A000000720 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:30-06-2023	**मांग सूचना की तारीख 19-09-2023**	
40	**प्रदीप जी** भोजीपुरा बरेली भोजीपुरा, अर्धनगरीय बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243202 **श्री नीरज जी** भोजीपुरा बरेली भोजीपुरा, अर्धनगरीय बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243202	**बकाया राशि ₹ 27,64,391.00 दिनांक 13-09-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर-310 और 311 पर स्थित, कंजादासपुर तहसील, और जिला बरेली, क्षेत्रफल 125 वर्ग मीटर**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000659 और CO/CPC/CPOF/A000000554 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:31-08-2023	**मांग सूचना की तारीख 25-09-2023**	
41	**दिनेश जी** गणेश नगर ट्रांसफार्मर, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 **श्री हस मुखी** गणेश नगर ट्रांसफार्मर, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001	**बकाया राशि ₹ 12,45,186.00 दिनांक 28-08-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**मकान नंबर-372/373 पर स्थित, सिथौरा तहसील और जिला - बरेली मौजा सिथौरा तहसील और जिला - बरेली क्षेत्रफल 84.54 वर्ग मीटर।**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000870 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:30-07-2023	**मांग सूचना की तारीख 19-09-2023**	
42	**श्री इंद्रजीत** 14 बसंत विहार 2 मठ लक्ष्मी पुर इज्जतनगर बरेली बसंत विहार, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **श्री कृष्ण राज** 14 बसंत विहार 2 मठ लक्ष्मी पुर इज्जतनगर बरेली बसंत विहार, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **श्रीमती मेवाती देवी** 14 बसंत विहार 2 मठ लक्ष्मी पुर इज्जतनगर बरेली बसंत विहार, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122	**बकाया राशि ₹ 15,66,477.00 दिनांक 19-09-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**प्लॉट नंबर-14 पर स्थित, खसरा नंबर-83-85, मठ लक्ष्मीपुर बरेली, क्षेत्रफल 122.95 वर्ग. मेटार.**
	खाता नं. UP/LKN/BRaLY/A000000870 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:31-08-2023	**मांग सूचना की तारीख 27-09-2023**	
43	**सुरेंद्र पाल सिंह** 227 भूड़ा बसंत विहार कॉलोनी बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243303 **श्रीमती कोमल** 227 भूदा बसंत विहार कॉलोनी बरेली, सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243303	**बकाया राशि ₹ 16,83,723.00 दिनांक 19-09-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**गांव- राम चंद्र पुरम, करगैना थाना. सुभाष नगर, गाटा खसरा नंबर-38, उत्तर प्रदेश, बरेली 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000717 और CO/CPC/CPOF/A000000380 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:31-08-2023	**मांग सूचना की तारीख 27-09-2023**	
44	**सुनीता वर्मा** पंजाबी क्वाटर जोगीपुरा बदायूँ सेमीअर्बन, बदायूँ उत्तर प्रदेश भारत 243601 **श्री सुनु वर्मा** पंजाबी क्वाटर जोगीपुरा बदायूँ सेमीअर्बन, बदायूँ उत्तर प्रदेश भारत 243601	**बकाया राशि ₹ 27,69,172.00 दिनांक 19-09-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर- 20 मिनट पर स्थित, ग्राम-नरसु खुर्द (पश्रिम क्षेत्र), बाबा कॉलोनी के पास, तहसील और जिला-बरेली, क्षेत्रफल - 138.29 वर्ग मीटर**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000792 और CO/CPC/CPOF/A000001357 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:31-08-2023	**मांग सूचना की तारीख 27-09-2023**	
45	**श्री दिनेश कुमार** मदुरी अगसौली, हाथरस कचौरा, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 204211 **श्री बृज बाला** मदुरी अगसौली, हाथरस कचौरा, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 204211	**बकाया राशि ₹ 33,72,082.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 75/1, 75/2, 77, 78, 79/1 में से, सैदपुर हकीनेस नगरिया पार्कशिट, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000935 और CO/CPC/CPOF/A000001675 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 28-03-2024**	
46	**श्री राज कुमार** 114 रोड नंबर 6 सेंटर रेलवे स्कूल के पास परतापुर चौधरी, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **श्रीमती निशा** विल-कोरता चांदमारी हल्द्वानी, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 263126	**बकाया राशि ₹ 20,90,711.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**इज़्ज़त नगर, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001024 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
47	**मो. यूनुस** निवासी लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर रिठौरा बरेली सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **श्री मुक्तियार आर अली** निवासी लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर रिठौरा बरेली अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **हसीना बेगम** निवासी लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर रिठौरा बरेली अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122	**बकाया राशि ₹ 11,13,849.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**निवासी लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर रिठौरा, बरेली सेमीअर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश, भारत 243122**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000910 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
48	**श्री ईशा सिंह** ग्राम उरला आंवला, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्री शेलेन्द्र सिंह** उरला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301	**बकाया राशि ₹ 21,47,976.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम अबदनपुर तहसील आंवला, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 224330**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000889 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
49	**श्री खुर्रम रहमान** 170 शाहबाद मोइन खान का फाटक के पास, थाना प्रेम नगर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003 **श्रीमती रजिया रहमान** 170 शाहबाद मोइन खान का फाटक के पास, थाना प्रेम नगर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003 **श्री आज़मी रहमान** 170 शाहबाद मोइन खान का फाटक के पास, थाना प्रेम नगर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003	**बकाया राशि ₹ 43,20,738.00 दिनांक 24-11-2023 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**266 305 बेक मोहल्ला शाहाबाद, मोहल्ला शाबाद, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000959 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:30-10-2023	**मांग सूचना की तारीख 05-01-2023**	
50	**श्री सनी यादव** 219, छोटी बमनपुरी, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003 **श्री केदार सिंह यादव** 219, छोटी बमनपुरी, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003 **श्रीमती सरला यादव** 219, छोटी बमनपुरी, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243003	**बकाया राशि ₹ 11,51,549.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**वेक कांधरपुर, तह. और जिला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000722 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
51	**श्री सतीश कुमार** 266 संजय नगर, त्रिमूर्ति क्वाली गली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **श्रीमती गायत्री देवी** 266 संजय नगर, त्रिमूर्ति क्ववाली गली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001	**बकाया राशि ₹ 17,51,917.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**खसरा नंबर 830, बाके ग्रा. करगैना, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001003 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	
52	**श्री सरफराज अहमद** मो. मोहम्मदपुर, वार्ड नंबर 25, बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 **श्रीमती उज़्मा** मो. मोहम्मदपुर, वार्ड नंबर 25, बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 **श्री मोहम्मद शाहिद** मो. मोहम्मदपुर, वार्ड नंबर 25, बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201	**बकाया राशि ₹ 10,42,768.00 दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादी**	**ग्राम-शेखुपुर, तह.-बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201**
	खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000994 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि:06-03-2024	**मांग सूचना की तारीख 26-03-2024**	

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक: 25.04.2024, स्थान: उत्तर प्रदेश **प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे। रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है।

है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है –हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान (मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

प्रसंगवश

चुनाव और विदेशी मेहमान

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है। जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

सोशल फोरम

अच्छे दिन

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

- फेसबुक वॉल से

शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने किया जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

सैम पित्रोदा का प्रलाप

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

सार-संक्षेप

ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : पैगाम इमाम हुसैन संस्था के पदाधिकारियों ने गुरुवार को लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। संस्थापक हकीम आहिद हुसैन ने मतदाताओं को समझाया कि एक-एक वोट की कीमत होती है। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. अख्तर, आफाक खान, फैयाज खान, राशिद मंसूरी, फिरासत मंसूरी, आमीन खान, मकसूम खान, इरशाद हुसैन, नदीम हुसैन, नवाब हुसैन मौजूद रहे।

माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में बच्चों को मुंह की सफाई के प्रति किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : वर्ल्ड ओरल हेल्थ मंथ के तहत बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से गुरुवार को माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवांगी शर्मा और डॉ. वैष्णवी सिंह की टीम ने मनोरंजक तरीके से बच्चों को ओरल हाइजीन के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को कहानी के माध्यम से मुंह और दांतों की सफाई के बारे में बताया। इसके अलावा कई मनोरंजक खेल भी बच्चों को खिलाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका सरकार ने चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

दरगाह शाहदाना वली पर सजी छोटे उर्स की महफिल

बरेली, अमृत विचार : दरगाह शाहदाना वली पर छोटे उर्स सतरहवीं की शुरुआत गुरुवार को हुई। दरगाह की मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा खां ने सलाम का नजराना पेश किया। दरगाह पर जायरीन चादर और गुलपोशी के लिए पहुंचे।दरगाह के प्रबंधक अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मियां ने जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया। असर की नमाज के बाद मिलाद की महफिल हुई। जिसमें मुफ्ती मुकर्रम अली ने निजामत व मौलाना अहमद ने तकरीर की। मौलाना स्वाले वारसी, नकीब अशरफ बिलाली ने नात और मनकबत पढ़ी। कार्यक्रम सूफी रिजवान रजा खां कादरी की निगरानी में हुआ। दरगाह के मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया शुक्रवार को रात 10 बजे से महफिल-ए-समा होगी। उर्स का इंतजाम देखने वालों में अब्दुल सलाम नूरी, जावेद खां, भूरा साबरी, जर्दब कुरैशी, जफर अली बॉबी, इरफान घोसी, वसी अहमद, सईद खां आदि रहे।

कीर्ति योजना के तहत 30 से होंगे ट्रायल

बरेली, अमृत विचार : कीर्ति योजना के तहत साई सेंटर में खिलाड़ियों के ट्रायल 30 अप्रैल से 4 मई तक होंगे। साई सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी को खेलो इंडिया राइजिंग टेलेंट आईडेंटीफिकेशन (कीर्ति) पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। फुटबॉल, वालीबॉल, एथलेटिक और हॉकी के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खिलाड़ियों की आयु 9-18 वर्ष तक होना अनिवार्य है।

किसान आंदोलन : लंबा हो रहा है ट्रेनों का इंतजार सुबह से शाम हो जाती प्लेटफार्म पर बैठे-बैठे

बरेली जंक्शन पर 16-16 घंटे देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हरियाणा और पंजाब बॉर्डर के शंभू स्टेशन पर किसान आंदोलन से आठ दिनों से बरेली जंक्शन पर ट्रेनें देर से पहुंचने से यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों को कई घंटे जंक्शन पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। गुरुवार को गंगा सतलुज, सियालदह, अर्चना एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों देरी से पहुंची। इस दौरान करीब 20 ट्रेनों का संचालन किसान आंदोलन की वजह से प्रभावित रहा।

यात्रियों का कहना है कि कई महीने पहले आरक्षण कराया था, लेकिन अब जब यात्रा की बारी आई तो ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। बरेली जंक्शन पर गुरुवार को 15652 लोहित एक्सप्रेस सात घंटा, 13006 पंजाब मेल 15 घंटे 32 मिनट, 13152 सियालदह सात घंटे, 13308 गंगा सतलुज 16 घंटे 38 मिनट, 14618 जनसेवा छह घंटे, 12358 दुर्गियाना 6 घंटे 46 मिनट, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस तीन घंटे 32 मिनट, 12356 अर्चना एक्सप्रेस 10 घंटे 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं। इन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग सानेहवाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट मार्ग से संचालित किया गया। ट्रेनें डायवर्ट होने के कारण कई यात्रियों ने जंक्शन पर अपने टिकट कैंसिल कराए। ट्रेनों की देरी की वजह से वेटिंग रूम भी फुल हो जा रहा है। पहले जहां सौ यात्री वेटिंग रूम में पहुंच रहे तो अब 250 से 300 तक पहुंच रहे हैं।

आज ये ट्रेनें होंगी प्रभावित: शुक्रवार को 13006 पंजाब मेल, 13308 गंगा सतलुज, 13152 सियालदह, 14674 शहीद एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

बरेली जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में परेशान यात्री। ● अमृत विचार

सियालदह एक्सप्रेस से कोलकाता जाना था, लेकिन दोपहर को आने वाली ट्रेन शाम को दिखा रहा है। पहले से पता होता तो इस तरह यात्रा की प्लानिंग नहीं करते। **-सुरेश कुमार**, यात्री

कोलकाता जाने के लिए स्टेशन पर आए थे। नानकमत्ता से घूमकर आए हैं, लेकिन सियालदह एक्सप्रेस के कई घंटे लेट होने से दिक्कत हुई। **-अनिल राय**, यात्री

भांजे की शादी में शामिल होने पीलीभीत आए थे और कोलकाता वापस जाना है। मगर सियालदह एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर आने का नाम नहीं ले रही। महीनों पहले आरक्षण कराने का क्या फायदा। **-साद अली**, यात्री

अर्चना एक्सप्रेस से वाराणसी जाना था लेकिन ट्रेन काफी लेट है। सुबह से प्लेटफार्म पर ही इंतजार कर रहे हैं। कोई बताने वाला नहीं है कि ट्रेन क्यों लेट हो रही है, समय से नहीं पहुंच पाएंगे। **-उदय तिवारी**, यात्री

टनकपुर और बरेली के बीच चलेगी एक और मेला स्पेशल ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : पूर्णागिरी मेले की वजह से इज्जतनगर रेलवे मंडल ने बरेली और टनकपुर के बीच 28 अप्रैल से एक और मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया है। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05307 टनकपुर-बरेली स्पेशल ट्रेन टनकपुर से 21:30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन 23:44 बजे भोजीपुरा, 00:08 बजे इज्जतनगर, 00:25 बजे बरेली सिटी और 00:55 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05308 बरेली-टनकपुर मेला स्पेशल बरेली जंक्शन से 02:25 बजे, बरेली सिटी से 02:41 बजे, इज्जतनगर से 2:58 बजे, भोजीपुरा से 03:13 बजे रवाना होगी।

मथुरा-टनकपुर ट्रेन का किया विस्तार : इज्जतनगर मंडल ने 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर समर स्पेशल ट्रेन के संचालन का समय बढ़ा दिया है। अब ट्रेन 30 अप्रैल से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। ट्रेन टनकपुर और मथुरा जंक्शन से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जाएगी।

एक फेरे के लिए कल चलेगी वाराणसी दिल्ली स्पेशल

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन ने एक फेरे के लिए वाराणसी दिल्ली स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया है। मुरादाबाद रेल मंडल सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04221 वाराणसी दिल्ली एक्सप्रेस शनिवार को वाराणसी 19:20 बजे चलकर बरेली जंक्शन अगले दिन सुबह 05:35 बजे पहुंचेगी।

सीएआरआई का बर्ड फ्लू पर अलर्ट आवाजाही रोकी

बरेली, अमृत विचार: झारखंड के रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) ने अलर्ट जारी किया है। संस्थान में प्रबंधन ने फार्मों के बाहर के लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। संस्थान में जहां पक्षियों का रखा जाता है, उसके आसपास सभी रास्तों पर पेड़ों की टहनियों को भी छांटा जा रहा है।

सीएआरआई प्रशासन के अनुसार यूपी में अभी बर्ड फ्लू का कोई मामले की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सतर्कता बरतते हुए विशेष निगरानी शुरू कर दी गई है। सीएआरआई में विभिन्न प्रजाति की करीब 40 हजार मुर्गियां है। इन्हें बर्ड फ्लू से बचाने की चुनौती है। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि ये बर्ड फ्लू का सीजन नहीं है, लेकिन प्रवासी पक्षियों से वायरस फार्म में पहुंच गया होगा। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद फार्म पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं, शहर व आसपास के मुर्गी पालकों को झारखंड से आने वाली मुर्गियों के आने पर भी सतर्कता बरतने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा आईवीआरआई के कैडरेड विभाग में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के संदिग्ध करीब एक हजार सैंपलों की जांच की गई है, लेकिन अभी तक कोई भी सैंपल में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई।

एंडोमेट्रियोसिस की चपेट में आ रही हैं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जिला महिला अस्पताल के संपूर्णा क्लिनिक में आने वाली महिलाओं में मिल रहे लक्षण**

अमृत विचार : महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस बीमारी की चपेट में आ रही हैं। जिला महिला अस्पताल में स्थित संपूर्णा क्लिनिक में परामर्श के लिए आने वाली कई मरीजों में भी इस बीमारी के लक्षण मिले हैं।

क्लिनिक प्रभारी वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शैव्या प्रसाद ने बताया कि प्रसव के बाद महिलाएं अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रखती हैं। दिनचर्या के साथ ही खानपान प्रभावित होने से महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस समेत अन्य बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं। क्लिनिक में हर महीने तीन से चार महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण मिल रहे हैं।

वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें गर्भाशय की लाइनिंग जैसे ऊतक गर्भाशय के बाहर भी बनने लगते हैं। इससे महिलाओं को गर्भधारण करने में भी दिक्कत होती है। इसकी वजह से महावारी के दौरान खून भी अधिक बहता है। इस प्रकार की दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

ये हैं प्रमुख लक्षण

मासिक धर्म के दौरान सामान्य से अधिक दर्द, कमर में दर्द, अधिक ब्लीडिंग, शौच के दौरान रक्त आना, इनफर्टिलिटी और कब्ज आदि प्रमुख लक्षण हैं।

चार स्वास्थ्य केंद्रों पर धूल फांक रहीं एक्स-रे मशीनें

बरेली, अमृत विचार: जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तकनीशियन की तैनाती न होने की वजह से एक्सरे मशीनें धूल फांक रही हैं। इसकी वजह से मरीजों की जांचें नहीं हो पा रही हैं और उन्हें कई किलोमीटर दूर जिला अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

अधिकारियों के अनुसार बिथरी चैनपुर, क्यारा, मझगवां और भोजीपुरा में कई महीने पहले शासन की ओर से नई एक्स-रे मशीनें भेजी गईं थीं। केंद्रों पर एक्स-रे कक्ष में इन मशीनों को स्थापित भी करा दिया गया लेकिन तकनीशियन की तैनाती न होने से ये मशीनें बेकार हो रही हैं। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जल्द ही शासन को पत्र भेजकर ठेका या संविदा पर तकनीशियन की तैनाती को पत्र भेजा जाएगा।

तीन दिवसीय स्पेक्ट्रा की क्रिकेट मैच से शुरुआत, फॉर्मेसी हीरोज की जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

अमृत विचार: बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज आफ फार्मेसी, फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज, बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने तीन दिवसीय स्पेक्ट्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत क्रिकेट मैच के साथ रजिस्ट्रार डॉ. सुशील कुमार ठाकुर और प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कनौजिया ने की।

फार्मेसी के छात्रों के बीच क्रिकेट मैच में फॉर्मेसी हीरोज की टीम विजेता रही। इसके अलावा रस्साकशी में पैरामेडिकल से छात्राओं की टीम, फार्मेसी से छात्रों की टीम, कैरम में पैरामेडिकल के आमीर और उत्कर्ष, शतरंज में पैरामेडिकल के छात्र रवि सिन्हा, सौ मीटर दौड़ में पैरामेडिकल की छात्रा निशा मौर्य और फार्मेसी से अभिषेक पाल, गोला फेंक में फार्मेसी से शिवम विजेता बने। बैडमिंटन में लीग मैच हुए। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

स्पेक्ट्रा के उद्घाटन करते डॉ. सुशील कुमार और डॉ. पुष्पेंद्र। ● अमृत विचार

अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई

बरेली, अमृत विचार : त्रिवटीनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानस कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पं. उमाशंकर ने अहिल्या उद्धार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राम राज्य का अर्थ तब साकार होता है जब राजा और प्रजा के बीच में भय नहीं होता है। केवट ने प्रभु राम से कहा कि अगर आप नाव से पार जाना चाहते हैं तब आपको मुझसे चरण धुलवाने होगें। आपके चरण में ऐसा कोई चमत्कार है जिसको छूकर पत्थर भी अहिल्या स्त्री हो जाती है। कहीं ऐसा न हो कि मेरी नौका स्त्री रूप में न बन जाये। उन्होंने बताया कि राजा बलि को अहंकार था कि उससे बड़ा कोई दानी नहीं है। प्रभु ने बामन अवतार में राजा की सभी भूमि ढाई पग में ही प्राप्त कर ली। प्रताप चंद्र सेठ ,मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

यूपी मेंट स्प्रिंट टूर्नामेंट कल से, प्रदेश के डॉक्टर लेंगे भाग

प्रेसवार्ता में यूपी मेंट स्प्रिंट की जानकारी देते डॉ. राजीव गोयल। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 27 और 28 अप्रैल को यूपी मेंट स्प्रिंट टूर्नामेंट का आयोजन आईएमए के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें प्रदेश के डॉक्टर भाग लेंगे।

प्रेस वार्ता में आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि पिछला यूपी मेंट स्प्रिंट बरेली इकाई ने 2014 में आयोजित किया था। दस साल बाद इसके आयोजन की दोबारा जिम्मेदारी मिली है। टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्विमिंग, चेस, कैरम, लॉन टेनिस और मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल, आईएमए यूपी के अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल, प्रदेश सचिव डॉ. विवि जिंदल मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता में सचिव डॉ. गौरव गर्ग, प्रोग्राम चेयरमैन डॉ. रवीश अग्रवाल, स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. रितु राजीव, डॉ. आरके सिंह और डॉ. अनूप आर्य मौजूद रहे।

बायोमेट्रिक मशीनों को बदलने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (पीसीएमई) गोरखपुर एमके अग्रवाल ने गुरुवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ (पीआरएसएस) ने पीसीएमई को ज्ञापन दिया।

पीआरएसएस के मंडल मंत्री जेएस भदौरिया और नंदन सागर ने मांग करते हुए कहा कि बायोमेट्रिक मशीनें पुरानी हो चुकी हैं। कर्मचारी अपना अंगूठा लगा कर उपस्थिति देता है लेकिन पंच नहीं आता जिसकी जानकारी बाद में कर्मचारी को एसएसई या इंचार्ज से होती है। कर्मचारी को कैमरे में चेक करने के बाद इंचार्ज से साइन लेना होता है, जिसपर अधिकतर इंचार्ज साइन करना नहीं चाहते।

अगर हस्ताक्षर हो भी गया तो प्रशासनिक भवन में संबंधित अधिकारी से स्वीकृति कराकर समय से कार्यालय में जमा करना होता है। जिससे कई बार कर्मचारी को ड्यूटी कर के पंच न आने के कारण छुट्टी लगानी पड़ जाती है।

इसके अलावा कई अन्य मांगें संघ ने रखीं। इस दौरान रविंद्र कुमार, नंदन कुमार, अरविंद सिंह भदौरिया, वाशिम मियां, धन कुमार राम, वीरेंद्र पाल, अजय कन्नौजिया, सरताज अंसारी , रोहित कुमार, दल सिंगार, यादव, रुद्र प्रताप, पवन, विनोद कुमार, जयप्रकाश, नीरज भास्कर आदि मौजूद रहे।

पीसीएमई से मुलाकात करते पीआरएसएस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जेईई मेंस की परीक्षा में जिले के होनहारों ने पाई सफलता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेंस) का दूसरे सत्र का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। परीक्षा में जिले के पांच छात्रों ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। क्षितिज वाजपेई ने 99.86, केशव गुप्ता ने 99.5, वैष्णवी सक्सेना ने 99.30 और वरुण अग्रवाल ने 99.28 परसेंटाइल हासिल किए।

इसके अलावा 93 परसेंटाइल हासिल करने वाले उज्ज्वल पंत ने भौतिक विज्ञान में 100 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त किया है।

क्षितिज वाजपेई

वैष्णवी सक्सेना

केशव गुप्ता

उज्जवल पंत

वरुण अग्रवाल

परीक्षा पास करने वाले सभी छात्र मेडिट से कोचिंग कर रहे थे। छात्रों के परिवार और संस्थान में खुशी का माहौल है।

उंगली नहीं है फिर भी गिटार बजाते हैं संदीप

मोनिस खान, बरेली

अमृत विचार : हिम्मत और हौसला हो तो किसी भी चुनौती से पार पाना मुश्किल नहीं होता है। संदीप सेठ ने उंगली कटने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। अब वह गिटार बजाने के साथ कोचिंग में 50 से ज्यादा युवाओं को ट्रेनिंग देकर संगीत की राह दिखा रहे हैं। संदीप की जब उनकी उंगली कटी थी तो लोगों ने उन्हें गिटार छोड़ने तक की सलाह दे दी थी।

राजेंद्र नगर निवासी संदीप सेठ बताते हैं कि वह बच्चों को घर पर ही म्यूजिक की ट्यूशन देते थे। इसके अलावा आर्केस्ट्रा आदि में भी गिटार बजाते थे। यही उनकी आजीविका का साधन था। 17 साल पहले वर्ष 2007 में बाइक चलाते समय उनकी उनकी एक उंगली कटकर गिर गई थी। कुछ दिन बाद उंगली का जख्म तो भर गया लेकिन वह खुद अवसाद में चले गए। गिटार नहीं बजा पाने की कसक ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया। लोग गिटार छोड़ हारमोनियम या की-बोर्ड बजाने की सलाह देने लगे। फिर उन्होंने कटी उंगली के साथ ही गिटार बजाकर असंभव को संभव करने की ठानी और अभ्यास शुरू किया। दिन में कई-कई घंटे अभ्यास की बदौलत उन्होंने कटी उंगली के साथ ही गिटार बजाने में दोबारा वही महारत हासिल कर ली। संदीप आज 50 से ज्यादा बच्चों को संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। कटी उंगली के साथ उन्हें गिटार बजाता देख हर कोई हैरान रह जाता है। वह गिटार के साथ ही कीबोर्ड, बांसुरी, ढोलक, तबला, हारमोनियम, ड्रम्स, वायलिन, माउथ आर्गन आदि वाद्य यंत्र युवाओं को बजाना सिखाते हैं। उन्होंने गानों की रिकॉर्डिंग के लिए एक स्टूडियो भी विकसित किया है।

गिटार बजाते संगीत सेठ।

● **संदीप की उंगली कटी तो लोगों ने गिटार छोड़ने की दी थी सलाह**

विरासत में मिला संगीत

संदीप सेठ को संगीत अपनी मां डॉ. शांति सेठ से विरासत में मिला। डॉ. शांति सेठ कन्या महाविद्यालय से प्राचार्य पद पर सेवानिवृत्त हुईं थीं। डॉ. शांति को संगीत का शौक था। रामपुर आकाशवाणी में गजल की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम बजाने भी जाती थीं। संदीप की पत्नी निधि सेठ भी संगीत से एमए और बीएड हैं और बच्चों को संगीत की शिक्षा देती हैं। उनकी 11 साल की बेटी गौरवी सेठ मधुर आवाज में गाती हैं। गौरवी गिटार, बांसुरी, हारमोनियम, वायलिन जैसे वाद्य यंत्रों पर भी अच्छी पकड़ रखती हैं। वह संगीत के एक रियलिटी शो में मुंबई राउंड को पार कर चुकी हैं।

नर्सिंग कॉलेज में मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : विश्व मलेरिया दिवस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में गुरुवार को प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और प्रो. वेल्लादुरई नारायनन की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। डॉ. प्रियंका ने बताया कि मलेरिया के मामले लगातार बढ़ रहे हैं इसकी रोकथाम के लिए बचाव जरूरी है। गुंजन सिंह ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, जबकि साल 2027 तक पूरे देश को मलेरिया मुक्त बनाया जाएगा।

हर रविवार को चलाएंगे मच्छर उन्मूलन अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली और संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाकर बुखार के मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को संवेदनशील गांवों का निरीक्षण कर लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विश्व मलेरिया दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के रामपुर गार्डन स्थित अर्बन हेल्थ एंड ट्रेनिंग सेंटर पर प्रभारी डॉ. गौस अहमद और एलएमओ डॉ. अनु शर्मा ने मलेरिया के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं मच्छरों से होने वाले रोगों और उनके बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि अपने आसपास पानी को एकत्रित न होने दें और मच्छरदानी का उपयोग करें। इस मौके पर अमित कुमार, नेहा गंगवार समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

परिषदीय स्कूल में मलेरिया से रोकथाम के लिए जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

स्वास्थ्य केंद्र पर मलेरिया के प्रति जागरूक करता स्टाफ।

एक नजर

मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : रेलवे लाइन पार कर रहे युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। गुरुवार शाम एक युवक गेट संख्या 345 के समीप बिलपुर की ओर से रेलवे लाइन पार कर जा रहा था। इस दौरान वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर ने सूचना आरपीएफ को दी। कांस्टेबल सोहनलाल मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस भी आ गई। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के गांव अशोकपुर निवासी रूमपाल (22) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक रूमपाल के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मां कस्बे में एक कॉलेज में कार्य कर परिवार का पालन पोषण करती हैं। उसकी छह बहने हैं।

कनेक्शन कटवाने के बाद भी भेजा जा रहा बिल

नवाबगंज, अमृत विचार : विद्युत कनेक्शन कटने के बाद भी विभाग उपभोक्ता के पास बिल भेजा रहा है। शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। कस्बे के गुलशननगर निवासी नत्थूलाल की मृत्यु के बाद वर्ष 2018 में पुत्र अम्बा सहाय ने विद्युत कनेक्शन कटवा दिया, लेकिन डेढ़ वर्ष बाद उसी कनेक्शन पर विभाग ने बिल भेजना शुरू कर दिया है। अम्बा सहाय कई बार अफसरों से इसकी शिकायत कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब उनके पास विभाग ने 45 हजार रुपये बकाया का बिल भेजा है। अफसरों ने शिकायती पत्र मिलने पर मामले की जांच कराने की बात कही है।

महिला ससुराल से 20 हजार रुपये लेकर फरार

आंवला, अमृत विचार : एक महिला ससुराल से 20 हजार रुपये लेकर युवक के साथ चली गई। पति ने मामले में पुलिस को तहरीर है। गांव दरावनगर निवासी युवक ने बताया कि 6 मार्च 2023 को उसकी शादी बदायूं क्षेत्र की युवती से हुई थी। पांच दिन पहले पत्नी को मायके से बुलाकर घर लाया था। पत्नी जेवर मायके में ही छोड़ आई थी। युवक के अनुसार गुरुवार दोपहर पत्नी बहन के साथ शौच करने के बहाने खेत पर गई। वहां से पत्नी एक व्यक्ति के साथ चली गई। बहन ने घर आकर घटना की जानकारी दी। सूचना पर यूपी 112 ने महिला की खोजबीन, लेकिन उसका पता नहीं चला। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि महिला की तलाश की जा रही है।

बहन की बरात आने से पहले भाई की संदिग्ध हालात में मौत

जोगीठेर में घटना, सिर में मिली चोट, हत्या की जताई आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली/राजपुर कलां

अशोक की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बहन की बरात आने से एक दिन पहले युवक का शव गांव की गली में मिला। इससे परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना अलीगंज में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हुई है।

अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव जोगीठेर निवासी राजाराम ने बताया कि उनका तीसरे नंबर का बेटा अशोक यादव (35) बदायूं के वजीरगंज कस्बे एक गैस एजेंसी पर कार्य करता था। उनकी बेटी कविता की शादी पर वह बुधवार को गांव आया। रात को खाना खा गांव में आई एक बरात देखने के लिए निकल गया। 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि अशोक गांव की एक गली में राशन दुकान के सामने बेहोशी हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंचकर देखा तो अशोक सिर में गंभीर चोट थी। घटना स्थल पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक अशोक ने दम तोड़ दिया। इससे घर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। परिजनों ने अज्ञात पर हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर में गंभीर चोट लगने से खून का थक्का जमने से अशोक मौत हुई है। सीने और पीठ पर भी रगड़ने के निशान हैं।

पहले उठी भाई की अर्थी, फिर घर पर पहुंचा दूल्हा

बरेली, अमृत विचार : अलीगंज के जोगीठेर गांव में राजाराम के घर में बुधवार तक शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन रात 11 बजे अचानक बेटे की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। जिस बेटी की शादी थी, वह बार बार भाई के शव को झकझोरते हुए कह रही थी कि उठ जाओ भैय्या मेरी डोली को कांधा आपको ही देना है। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे। गुरुवार को अंतिम संस्कार के बाद दूल्हा कुछ लोगों के साथ पहुंचा। शादी की सभी रस्में गमगीन माहौल में पूरी की गईं। जोगीठेर के राजाराम ने वजीरगंज क्षेत्र के नंदोली गांव निवासी सुरेंद्र के साथ बेटी कविता का रिश्ता तय किया था। गुरुवार को कविता की बरात आनी थी। परिजनों ने इसकी तैयारियां भी पूरी कर लीं, लेकिन रात में राजराम के बेटे अशोक की मौत हो गई। इससे पूरा परिवार टूट गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव में पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। राजाराम जवान बेटे की मौत से गुमसुम बैठे थे, तो अशोक की मां अतरकली बेटे को पुकार रही थीं। कविता शव से लिपटकर भाई को उठाने का प्रयास कर रही थी।

घर के सामने लघुशंका करने का विरोध करने पर युवती से अभद्रता

बहेड़ी, अमृत विचार : घर के सामने लघुशंका करने का विरोध करने पर दबंग ने युवती के साथ अभद्रता की। आरोप है कि दबंग कई बार मारपीट भी कर चुका है। वह उसके मकान पर कब्जा करना चाहता है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। मोहल्ला रामलीला में माथुर रोड पर एक युवती का घर है।

● आरोपी पहले भी कर चुका है ऐसी हरकत कार्रवाई न होने से बढ़ी हिम्मत

युवती के अनुसार बुधवार सुबह आरोपी घर के आगे लघुशंका करने लगा। विरोध करने पर वह कमरे में घुस आया। बताया कि मकान को लेकर एक वाद कोर्ट में चल रहा है। आरोपी मुकदमे की पेशी पर जाने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवती का कहना है कि आरोपी आए दिन परेशान करता है। पहले भी वह ऐसी हरकत कर चुका है। शिकायत पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

किसान को मृत दिखा विरासत दर्ज कराकर निकाला लोन

संवाददाता, फरीदपुर

● पीड़ित कार्रवाई के लिए तहसील में अफसरों के काट रहा चक्कर

● राजस्व कर्मियों की साठगांठ से हुआ खेल, जांच भी नहीं की जा रही

अमृत विचार : तीन जालसाजों ने एक किसान को मृत दर्शाकर उसकी डेढ़ बीघा जमीन अपने नाम करा ली। राजस्व कर्मियों से साठगांठ कर विरासत दर्ज कराकर 1 लाख 16 हजार रुपये का बैंक से लोन निकाल लिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित तहसील में अफसरों के चक्कर काट रहा है। खुद को जिंदा होने का सुबूत दे रहा है। मामले में अफसरों ने उसके नाम जमीन वापस दर्ज कराने का आश्वासन दिया है।

नवादा विलसंडी निवासी सोहन पाल (65) की गांव में जमीन है। वह वर्तमान में कस्बे में लाइनपार मठिया कॉलोनी में रहते हैं। बताते हैं कि गांव के ही तीन लोगों ने उन्हें मृत दिखाकर उनकी डेढ़ बीमा जमीन राजस्व कर्मियों से साठगांठ कर अपने नाम करा ली। कुछ समय बाद विरासत भी जालसाजों के नाम दर्ज हो गई। इसी भूमि के आधार पर 28 अप्रैल को आरोपियों ने कस्बा स्थित पीएनबी से 1 लाख 16 हजार का लोन स्वीकृत करा लिया। आरोपियों ने खाते से पैसे भी निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर सोहनलाल कई दिनों से तहसील के चक्कर काट रहे हैं। उनके अनुसार वह एसडीएम, तहसीलदार से शिकायत कर चुके हैं। अफसरों ने जमीन उनके नाम कराने का आश्वासन दिया है। जिन लोगों ने उनकी जमीन जालसाजी से अपने नाम करा ली, न तो वे वारिस हैं और न ही रिश्तेदार।

पीड़ित के अनुसार शिकातय के बाद भी मामले की जांच नहीं की जा रही है। अफसर सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अनुसार मामले में आरोपी कर्मियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। यही वजह है कि अभी तक प्रकरण की जांच के लिए कदम नहीं उठाया गया है। इस संबंध में पक्ष जानने के लिए तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को फोन किया, मगर संपर्क नहीं हो सका।

किशोरी की मौत के मामले में 24 दिन बाद लिखी रिपोर्ट

शीशगढ़, अमृत विचार : हादसे में किशोरी की हुई मौत के मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 28 मार्च को गांव बुझिया निवासी लवी पुत्री मेघराज चचेरी बहन रागिनी पुत्री राजीव के साथ गांव में ही साइकिल से घर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी थी। सीएचसी पर जांच के बाद डॉक्टरों ने लवी को मृत घोषित कर दिया था। लवी के पिता मेघराज ने पुलिस को तहरीर दी मगर कार्रवाई नहीं हुई। इसपर मेघराज ने एसएसपी से शिकायत की। 24 दिन बाद पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मां के साथ खरीदारी करने गई युवती लापता

नवाबगंज, अमृत विचार : गांव रिछोला किफातुल्ला की एक महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार दोपहर 18 वर्षीय पुत्री के साथ कस्बे में खरीदारी करने गई थीं। इस बीच बेटी ने एक दुकान से मिठाई लेकर आने की बात कही। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी। उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। बेटी का मोबाइल भी स्वीच ऑफ है। फिलहाल, पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा का किराना स्टोर पर छापा

● काफी देर तक दस्तावेज खंगाले गोदाम भी चेक किया

● व्यापारियों में मचा हड़कंप, दुकानें बंद कर खिसके

शीशगढ़, अमृत विचार : कर चोरी की आशंका में जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला पड़ाव में रजवी किराना स्टोर पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेज खंगाले। टीम ने प्रतिष्ठान के पीछे बने गोदाम में भी जांच की। अधिकारियों ने जांच पूरी होने से पहले कोई भी जानकारी देने से इन्कार किया है।

सुबह 9 बजे एसी एसआईबी विवेक मिश्रा के नेतृत्व में टीम कस्बे के मोहल्ला पड़ाव में रजवी किराना स्टोर के मालिक और बीड़ी कारोबारी नदीम के यहां पहुंची। टीम ने किराना स्टोर में स्टॉक रजिस्टर समेत अन्य कागजात कब्जे में ले लिए। टीम ने कर्मचारियों की मौजूदगी में जांच की। दस्तावेजों के आधार पर स्टॉक का मिलान किया गया और कर्मचारियों से पूछताछ की गई। टीम ने कुछ भी जानकारी देने से मना कर दिया। बताते हैं कि कर चोरी की गोपनीय सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। उधर, टीम के आने की खबर फैलते ही व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। कुछ ही देर में पूरी मार्केट में सन्नाटा पसर गया।

डीजे की दुकान में की मारपीट और तोड़फोड़

आंवला, अमृत विचार : शादी समारोह में डीजे संचालक के भाई से कुछ युवकों का विवाद हो गया। समझौता होने के बाद आरोपियों ने अगले दिन दुकान में घुसकर डीजे संचालक के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। मोहल्ला बेहटा जुनू निवासी उपेंद्र मौर्य ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के समीप उसकी डीजे और बीज भंडार की दुकान है। वह बुधवार रात मोहल्ले में सुनील मौर्य के परिवार की शादी में डीजे बजा रहे थे। तभी मोहल्ले के ही कुछ युवकों ने उनके भाई दिलीप के साथ मारपीट की। गुरुवार दोपहर वह दुकान पर बैठे थे, तभी आरोपियों ने उनपर हमला कर दिया। दुकान का सामान और फर्नीचर तोड़ दिया। दुकानदार ने आरोपियों पर गल्ले के 22 हजार रुपये ले जाने का भी आरोप लगाया है।

शादी में डीजे न बजाने पर विवाद, मारपीट-पथराव

● पुलिस ने तीन बरातियों को हिरासत में लिया

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक शादी समारोह में डीजे को लेकर विवाद हो गया। पहले बरातियों ने डीजे चला रहे युवक को पीटा, फिर डीजे संचालक और उसके साथियों ने बरातियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ। कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने तीन बरातियों को हिरासत में लिया है।

गांव प्रहलादपुर निवासी बुद्धसेन की पुत्री की शादी भोजीपुरा के एक बरातघर में बुधवार को संपन्न हो रही थी। रामपुर के कस्बा मिलक से बरात आई थी। रात्रि में द्वारचार की रस्म के चलते लड़की के पिता ने डीजे बंद करा दिया था। इस दौरान बरातियों ने डीजे बजाने के लिए कहा, लेकिन आपरेटर सर्वेश कुमार ने डीजे बजाने से मना कर दिया। गुस्साए बरातियों ने सर्वेश की पिटाई कर दी। सर्वेश के सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद डीजे संचालक व अन्य ने बरातियों को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान ईंट पत्थर से बरात में आए वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे एसआई रनवीर सिंह ने तीन बरातियों को हिरासत में लिया है। वहीं, मारपीट में डीजे मालिक नवल किशोर, सर्वेश कुमार, बरातियों में हर्षित और रामसरन घायल हो गए। विश्वास सिंह, जागन लाल आदि की कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। दूल्हा के पिता तुलाराम ने डीजे मालिक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

सार-संक्षेप

सेक्रेड हार्ट्स में इन्वेस्टेचर सेरेमनी आयोजित

भोजीपुरा, अमृत विचार : पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में गुरुवार को इन्वेस्टेचर सेरेमनी का आयोजन हुआ। सत्र 2024-25 के लिए नवीन कैबिनेट का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका राधासिंह ने की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। कैबिनेट में हेड ब्वाय और हेड गर्ल के लिए जतिन स्वरूप एवं शुमैला खान को चुना गया। स्पोर्ट्स कैप्टन मानस सिंह ने उत्कृष्टता की मशाल प्राप्त कर विद्यालय के नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए संकल्प लिया। कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

शशि को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

आंवला, अमृत विचार : इफको इकाई के वरिष्ठ प्रबंधक अमित त्रिपाठी की पत्नी शशि त्रिपाठी को ज्योति विद्या पीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पांडेचेरी की उप राज्यपाल डॉ. किरण वेदी ने दी। वह बदायूं रोड स्थित बीआरडी डिग्री कॉलेज में शिक्षक हैं। उन्होंने अपना शोध जिले की महिलाओं में कुपोषण की महामारी तथा पोषण जागरूकता के प्रभाव विषय पर ज्योति विद्या पीठ के विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज के निर्देशन में पूर्ण किया।

जागरूकता मुहिम: घरों के आसपास पानी जमा न होने दें

आंवला, अमृत विचार : मोहम्मदपुर पथरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर फैमली हेल्थ इंडिया एम्बेड टीम ने बच्चों के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार भारती ने बच्चों को बताया कि सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर के आसपास पानी जमा न होने दें। टीम ने गांव में भ्रमण कर बुखार के रोगियों की जांच की। फ्रिज, कूलर, गमलों, कंटेनर आदि में मिले लार्वा को नष्ट कराया। शिक्षिकाओं में सारिका सक्सेना, अल्का गुप्ता, कुसुम लता, निधि यादव, संगीता सक्सेना, पंकज रानी, पुष्पा, ग्राम प्रधान परशुराम आदि मौजूद रहे।

मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

मीरगंज, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर गावों में सीएचओ एवं आशाओं ने 1245 मलेरिया आरडीटी जांचें कीं। इसमें फतेहगंज क्षेत्र की एक बालिका की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वागीश कुमार ने दिवस के महत्व के बारे में बताया। वहीं, महेन्द्र गायत्री नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के जरिये लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। डा. रोहन दिवाकर, बीपीएम पुनीत सक्सेना, बीसीपीएम प्रेमपाल, विनय पाल सिंह, दुर्गेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ज्योति कॉलेज में विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया

बरेली, अमृत विचार : ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की ओर से गुरुवार को नवाबगंज के याकूबपुर में अंतर्राष्ट्रीय विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य विवेक त्रिवेदी ने टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर संतोष सागर, प्रो. लता, सहायक प्रो. अनविता स्टेनली मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से मिड टर्म परीक्षा टली

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज ने प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से शुक्रवार को होने वाली वाली मिड टर्म परीक्षा का कार्यक्रम बदल दिया है। अब परीक्षा 28 अप्रैल को होगी। प्रभारी प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम ने सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को बदली हुई तिथि पर परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। रोड शो की वजह से बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके अलावा भी शहर में जगह-जगह रूट डायवर्जन किया जाएगा, जिससे शिक्षकों और छात्रों को कॉलेज आने में दिक्कत हो सकती है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : गांव सभापुर में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पिता ससुराल पहुंचे तो बेटी का शव फंदे से लटका मिला। पिता ने बेटी के ससुरालियों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। देर शाम तक मामले में तहरीर नहीं दी गई थी।

गांव जोड़ा मकरंदपुर के भगवान दास की पुत्री रूबी का विवाह 5 वर्ष पहले हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सभापुर में जगमोहन के साथ हुआ था। रूबी के कोई संतान नहीं थी। गुरुवार सुबह 6 बजे रूबी ने फोन कर पिता को ससुराल आकर ले जाने की बात कही थी। इसपर पिता ने कुछ देर बाद आने को कहा था। इस बीच रूबी का पति जगमोहन खेत पर चला गया। पति जब खेत से लौटा तो रूबी फंदे से लटकी मिली। सूचना पर करीब 10 बजे रूबी के पिता वहां पहुंचे। बेटी का शव फंदे पर देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने हाफिजगंज पुलिस को सूचना दी। एसएचओ संजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहां मौजूद लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। एसएचओ संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी महिला के पिता की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

महिला ने की आत्महत्या

क्योलड़िया, अमृत विचार : गांव भदपुरा में एक महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। भदपुरा के गंगाराम ने बेटे छत्रपाल की शादी 7 साल पहले पीलीभीत के गांव रम्पुरा मिश्र की तारा देवी से की थी। गुरुवार को उनके बेटे छत्रपाल की पत्नी तारा देवी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तारा चार-पांच दिन पहले मायके से आई थीं। पुलिस आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश में जुटी है।

चेक बाउंस के मामले में आरोपी को एक वर्ष कैद, 10 लाख जुर्माना

पीलीभीत, अमृत विचार: सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार ने पांच साल पुराने चेक अनादरण के मामले में फैसला सुनाया। सुनवाई के बाद आरोपी थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम चिड़ियादाह निवासी इदरीस अंसारी पुत्र मकबूल को दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और 10 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की पूर्ण धनराशि परिवादी हाजी मोहम्मद मियां को अदा की जाएगी। अभियोजन कथानक के अनुसार परिवादी मुकदमा थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला बशीर खां निवासी हाजी मोहम्मद मियां ने न्यायालय में वर्ष 2019 में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें बताया था कि जुलाई 2018 में उसने छह लाख रुपये आरोपी इदरीस अंसारी को कृषि भूमि खरीदने के लिए एक माह के लिए उधार दिए थे।

इसलिए जरूरी हैं पेड़

बरेली जंक्शन पर पहले हरियाली थी, लेकिन अब गिने चुने ही पेड़ बचे हैं। गुरुवार को तेज धूप ने परेशान किया तो लोगों ने जंक्शन परिसर में पेड़ के नीचे ठिकाना बनाया। छांव ने उन्हें राहत दी। ● अमृत विचार

दुधवा में भालू को देख रोमांचित हो उठे पर्यटक

पलिया कलां, अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व की विभिन्न रेंजों में जहां बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, बारहसिंघा, चीतल, पाढ़ा, काकड़, जंगली सुअर, सेही आदि अनेक दुर्लभ वन्य जीव आने वाले पर्यटकों को अक्सर दिखाई दे मन मोह लेते हैं। वहीं दुधवा में अब भालुओं भी नजर नजर आने लगे हैं। लखनऊ से आए कुछ पर्यटकों के सामने जब एक भालू वन मार्ग में जिप्सी के सामने आ गया, तो वे खुशी के मारे उछल पड़े। उन्होंने आनन फानन में उसे अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया। पलिया होकर वापस जा रहे हैं पर्यटकों ने पलिया पुलिस चौकी के निकट चाय की दुकान पर बताया कि उनकी गाड़ी के सामने जब भालू आया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

बहेड़ी, अमृत विचार : परचून की दुकान से सामान खरीदने गई किशोरी से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार शाम परचून की दुकान से सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अरुण ने उसे दबोच लिया और एक मकान में खींच ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे दांतों से कई जगह काट लिया और पीटा। किसी तरह किशोरी उसके चंगुल से छूटकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पीड़िता मेडिकल के लिए भेजा गया है। बताते हैं कि कुछ समय पहले आरोपी हत्या के एक मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था।

कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की युवती ने बताया कि एक युवक की ननिहाल उसके घर के पड़ोस में है। जहां अक्सर युवक आता-जाता था। इसी बीच युवती की उससे जान पहचान हो गई। युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। 16 मार्च की रात युवती घर पर अकेली थी। इस बीच युवक घर में घुस आया। संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर युवक ने युवती के साथ मारपीट की। युवती ने थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसपर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी जीशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यूपी बोर्ड: कम नंबरों के चलते तनावग्रस्त हो रहे छात्र छात्राएं

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी हुए छह दिन हो चुके हैं। अब इसके दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। उम्मीद से कम नंबर आने पर छात्र छात्राओं में तनाव बढ़ रहा है। कुछ अजीबोगरीब हरकतें तक करने लगे हैं, जिनको लेकर माता पिता मनोचिकित्सक के पास पहुंच रहे हैं। काउंसलिंग में छात्र छात्राएं बताते हैं कि कम नंबर आने से बेहतर था फेल हो जाते। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट में 18461 छात्र छात्राएं फेल हुए हैं। करीब 15 से 20 प्रतिशत ऐसे भी छात्र छात्राएं हैं, जिनको उम्मीद से कम नंबर मिलने का मलाल है। जिला अस्पताल में मनोचिकित्सक की ओपीडी में अब तक जो भी छात्र पहुंचे हैं, उनमें मेहनत के मुताबिक नंबर न मिलने वाले ही हैं।

छात्रवृत्ति परीक्षा में 277 विद्यार्थियों को मिली सफलता

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा का परीक्षाफल गुरुवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा में भाग लेने के लिए जिले से कक्षा 8 के कुल 4752 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 277 ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। परीक्षाफल जारी होने के बाद विभिन्न स्कूलों में सम्मान समारोह का आयोजन कर बच्चों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में जिले के तीन स्कूलों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। आलमपुर जाफराबाद के पथरा स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल, भुता में फैजनगर स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल और क्यारा के लखौरा स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल से 11- 11 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाध्यापक सारिका सक्सेना ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। नोडल अधिकारी डा. अनिल चौबे ने बताया कि परीक्षा में सफल बच्चों को कक्षा 9 से 12 वीं तक छात्रवृति प्रदान की जाएगी। वहीं विकास खंड दमखोदा के नौ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 15 बच्चे इस छात्रवृति परीक्षा में सफल हुए हैं। चयनितों में उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक पिछौड़ा के अलशिफा और दीपक, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडरा के अंकुर सिंह, शालिनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय राठ के मोहम्मद शादान, रोहताश, उच्च प्राथमिक विद्यालय गरगैया के रिया, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अभयपुर के सचिन, प्रशांत आदि शामिल हैं। एआरपी बलवीर सिंह के अनुसार चयनित बच्चों को कक्षा 12 तक प्रति माह 1000 रुपये की छात्रवृति मिलेगी।

सत्ता विरोधी लहर
डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।

3.32 करोड़ कुल मतदाता
1.68 करोड़ पुरुष मतदाता
1.64 करोड़ महिला मतदाता
7.54 लाख फर्स्ट टाइम वोटर

2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	12	1,01,74,021
भाजपा	08	91,30,768
कांग्रेस	01	32,85,339



विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम



पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

2014 में दलीय परिणाम और वोट

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	20	94,91,497
भाजपा	01	46,38,619
कांग्रेस	00	55,93,123
अन्य	00	18,09,036



400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

जयपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती

- विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर परआ जाएंगे नवीन पटनायक

विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन

रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

...मोहब्बत की नगरी में किसके सिर सजेगा ताज

ताजमहल के बाद पेठा के लिए मशहूर आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। सूबे के सबसे बड़ा पर्यटन से जुड़ा शहर होने के बाद भी आगरा में समस्याओं की कमी नहीं है। पेठा के बाद जूता, लेदर गुड्स और हैंडीक्राफ्ट यहां का प्रमुख कारोबार है। लेकिन जल संकट, गंदगी और यातायात जाम प्रमुख समस्या है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं, पर उनसे अभी तस्वीर नहीं बदली है।

मेट्रो रेल जरूर सीमित मार्ग पर दौड़ने लगी है। बैराज, एयरपोर्ट, हाईकोर्ट की बेंच का मुद्दा चुनाव में उठता है और फिर दम तोड़ देता है। भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल के सामने बसपा की पूजा अमरोही और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सुरेश चंद्र कर्दम चुनौती पेश कर रहे हैं। जानकार मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष की तरफ बढ़ता तो मान रहे हैं, लेकिन यह भी कह रहे हैं कि आगरा में जातीय समीकरण ज्यादा नहीं चलते हैं और भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत इतना बढ़ा लिया है, जिसे पाटना आसान नहीं है। पिछले चुनाव में सपा-बसपा और रालोद साथ थीं, तब भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत मिली थी।

- भाजपा, सपा और बसपा के बीच तिकोने मुकाबले में किसके सिर सजेगा जीत का ताज
- सपा और बसपा दोनों के प्रत्याशी जाटव बिरादरी से, सजातीय मतों के लिए मचा घमासान
- सपा और बसपा के लिए भाजपा का बढ़ता जीत का अंतर पाटना सबसे बड़ी मुश्किल

दिग्विजय सिंह

ताज नगरी आगरा को भले ही दलित और मुस्लिम वोटरों का गढ़ माना जाता हो या सियासी हल्कों में दलितों की राजधानी कहा जाता हो और सीट भी सुरक्षित हो, लेकिन गुरुवार को यहां विपक्षी दलों के सारे जातीय समीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ी भीड़ के आगे ध्वस्त होते नजर आए। प्रधानमंत्री कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनने, संपत्ति हड़पने और परिवारवाद जैसे आरोप लगाकर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को सावधान करते हुए साध गए। जातीय समीकरणों के लिहाज से आगरा लोकसभा सीट पर ढाई लाख के आसपास जाटव मतदाता हैं। इसे देखते हुए ही सपा ने पूजा अमरोही और बसपा ने सुरेश चंद्र कर्दम को उतारा है। यह दोनों प्रत्याशी जाटव बिरादरी से ही आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक आगरा में दलित और मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा करीब 37 फीसदी है। वैश्य मतदाता तीन लाख से अधिक गिने जाते हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से भाजपा का वोटर माना जाता है। आगरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें एत्मादपुर, आगरा छावनी, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर और जलेसर आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटें भाजपा ने कमल खिलाई थीं।



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	प्रो. एसपी सिंह बघेल	646,875
बसपा	मनोज कुमार सोनी	4,35,329
कांग्रेस	प्रीत हरित	45,149

राम लहर में भाजपा फिर सपा से राज बब्बर

- 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया. 90 के दशक में रामलहर के बाद देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव 1991, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी यहां से जीती. 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर ने चुनाव जीता था।

1984 के बाद कांग्रेस कभी नहीं जीती

- एक समय में आगरा लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी या समाजवादी पार्टी ही जीतती रही है. 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में भारतीय लोकदल ने जीत हासिल की। हालांकि उसके बाद हुए लगातार दो चुनाव 1980 और1984 में कांग्रेस ने जीत के साथ वापसी की, लेकिन उसके बाद कांग्रेस दोबारा इस सीट पर जीत नहीं पाई।

आज तक कोई महिला नहीं जीती

- आगरा सीट को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि आजादी के बाद से अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में आगरा को महिला सांसद नहीं मिल पाई है। पिछली बार कांग्रेस ने प्रीत हरित को मैदान में उतारा था। इस बार बसपा से पूजा अमरोही किस्मत आजमा रही हैं।

गेम चेंजर फैक्टर

3.15 लाख वैश्य	2.80 लाख दलित
2.70 लाख मुस्लिम	1.30 लाख बघेल



भाजपा साध रही सबके वोट, सपा कर रही बसपा के मतों में सेंधमारी

- आगरा से मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल भाजपा का कमल फिर से खिलाने के लिए सुबह से जन संपर्क में निकल जाते हैं। वह खासतौर उन वोटरों की नाराजगी दूर कर रहे हैं, जिन्होंने शुरू में उनके लिए विरोध के स्वर दिखाए थे। भाजपा सांसद ने अपने प्रचार में क्षेत्र के विकास, मोदी की गारंटी और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस कर रखा है। उधर, बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस की पूर्व सांसद सत्या बहन की पुत्री हैं। एटा में जन्मीं पूजा दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से पढ़ी हैं। उनके पति व्यवसायी हैं। पूजा अपनी मां सत्या बहन के साथ राजनीति में सक्रिय थीं। इसके साथ ही विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों से जुड़ी हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम जूता व्यवसायी हैं। वह पहले बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में आगरा से बसपा के टिकट पर मेयर पद का चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। उनके जरिए सपा को बसपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगने की उम्मीद है। आगरा सीट पर चुनाव प्रचार अंतिम घमासान की तरफ बढ़ने के साथ ही जानकार भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, बसपा की पूजा अमरोही और इंडिया गठबंधन से सपा के उम्मीदवार सुरेशचंद्र कर्दम के बीच त्रिकोणात्मक संघर्ष होना मान रहे हैं। लेकिन यह भी तथ्य है कि आगरा लोकसभा सीट सुरक्षित होने और दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहने के बाद भी बहुजन समाज पार्टी अब तक कभी इस सीट पर चुनाव नहीं जीत पाई है। बसपा ने 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को टक्कर दी थी। 2009 का चुनाव तो बसपा 10 हजार वोट से ही हारी थी। लेकिन इसके बाद हुए दोनों चुनावों में उसकी हार का फासला बढ़ता चला गया।

पिछले दोनों चुनावों में बसपा रही काफी पीछे

- 2019 में भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल को 6,46,875 और बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनी को 4,35,329 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया को 5,83,716 और बसपा प्रत्याशी नारायण सिंह सुमन को 2,83,453 वोट मिले थे। सपा के महाराज सिंह धनगर 1,34,708 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

विधानसभा क्षेत्र	पुरुष मतदाता	महिला मतदाता	कुल मतदाता
एत्मादपुर	233310	191589	424919
आगरा कैंट	239104	19698	436112
आगरा दक्षिण	193235	160924	354181
आगरा उत्तर	218624	181714	400359
जलेसर	280441	150747	1296678

(थर्ड जेंडर के मतदाता कुल मतदाता संख्या में शामिल)

कौशांबी में त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

- सपा से पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी तो बसपा ने सेवानिवृत्त डीएसपी को मैदान में उतारा
- भाजपा ने लगातार दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सोनकर पर ही जताया भरोसा

अमृत विचार। कौशांबी लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है। भाजपा ने जहां दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सरोज को पुनः मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज पर दांव लगाया है। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सेवानिवृत्त डीएसपी शुभ नारायण को मौका दिया है। भाजपा को जहां इस सीट पर हैट्रिक की उम्मीद है तो सपा को लगता है कि वह कांग्रेस के साथ मजबूत गठजोड़ के सहारे मैदान मार लेगी।

राजा भइया पर हर किसी की निगाह

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर जन सत्ता दल के मुखिया राजा भइया का अच्छा खासा प्रभाव है। राजा भइया को उम्मीद थी कि उनका भाजपा से गठजोड़ हो जाएगा और यह सीट उनकी पार्टी को समझौते के तहत मिलेगी। इसी उम्मीद से उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट भी दिया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। बाद में समाजवादी पार्टी ने भी राजा भइया से गठजोड़ की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अब राजा भइया की चुप्पी हर किसी को खल रही है। सपा और भाजपा उनके कदम पर निगाह रखे हुए हैं तो उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजा भइया जल्द यह तय करें कि वे किस दल के साथ रहेंगे।

विधानसभा की एक भी सीट भाजपा के पास नहीं

- लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से कुंडा समेत दो विधानसभा सीटों पर जन सत्ता दल का कब्जा है। कुंडा से राजा भइया खुद विधायक हैं जबकि सिराथू, मंझनपुर और चैल सीट पर सपा काबिज है। सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने अखिलेश का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में मिली हार भाजपा को आज भी अखरती है। राजनीति के जानकार इसीलिए इस बार मान रहे हैं कि भाजपा यहां कड़े मुकाबले में फंस गई है।

जनसत्ता दल ने बिगाड़ा था सपा का खेल

- 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा- बसपा का गठबंधन था। तब सपा के इंद्रजीत सरोज यहां से मैदान में उतरे थे लेकिन उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई थी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी के उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार पासी ने डेढ़ लाख से अधिक वोट प्राप्त किया था। इंद्रजीत तब दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा ने यह सीट 38, 722 वोट से जीत ली थी।

2022 में हार गए थे केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस संसदीय क्षेत्र की सिराथू विधानसभा सीट से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। उनके सामने अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर मैदान में थीं। पल्लवी ने उन्हें हरा दिया था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हार चौंकाने वाली थी। इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था।

सुभासपा के लिए चुनौती बने बसपा के बालकृष्ण चौहान

घोसी संसदीय सीट

- सपा ने राजीव राय तो भाजपा की सहयोगी सुभासपा ने अरविंद राजभर को उतारा

चुनाव डेस्क

घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस को अपनी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को दे दिया है। सुभासपा प्रमुख एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतार दिया है। जबकि उनके सामने सपा से राजीव राय तो बसपा से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने से यहां लड़ाई रोचक हो गई है। इस चुनाव में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की साख भी दांव पर है क्योंकि उनके बेटे जो चुनावी समर में हैं।

मोदी लहर में भाजपा ने पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव इस सीट से जीत दर्ज की थी। तब पार्टी उम्मीदवार हरिनारायण राजभर यहां से जीते थे लेकिन 2019 के चुनाव में पार्टी की अंतरकलह और मतदाताओं में सांसद को लेकर नाराजगी का खामियाजा यहां भाजपा को भुगतना पड़ा था। तमाम कोशिश के बाद भी भाजपा यह सीट जीत नहीं पायी थी। तब सपा-बसपा गठबंधन हुआ था। बसपा से प्रत्याशी अतुल राय को जीत मिली थी। हालांकि दुष्कर्म के आरोप में वे जेल गए और पूरा कार्यकाल उनका जेल में ही बीत गया। इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चार विधानसभा मऊ के और एक विधानसभा बलिया जिले की है। बसपा ने यहां से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा के टिकट पर ही यहां से सांसद बने थे। हालांकि बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। अब वे पुनः बसपा में आए और उन्हें टिकट मिला। इंडिया गठबंधन की सहयोगी सपा ने राजीव राय को प्रत्याशी बनाया है। राजीव राय इस सीट को जीतने के लिए मजबूत चक्रव्यूह बना रहे हैं। उन्होंने सुभासपा को सीट देने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में मोड़ने की लगातार कोशिश की है। तो बसपा भी दलित, पिछड़े और मुसलमान मतदाताओं पर फोकस कर रही है।

मुख्तार की छाया से मुक्त पहला चुनाव

- घोसी सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी का दखल रहा है। जेल में बीमारी की वजह से मुख्तार की मौत के बाद यह पहला चुनाव हो रहा है। इसमें मुख्तार की दखलंदाजी नहीं होगी। अन्यथा मुख्तार जिस पार्टी के समर्थन में होते मुस्लिम मतदाताओं का रुख उसी की तरफ होता।

आजमगढ़ के उप चुनाव में मिली जीत बरकरार रखने की चुनौती

चुनाव डेस्क

- भाजपा ने फिर से सांसद निरहुआ को बनाया है उम्मीदवार
- सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव पर पुनः जताया है भरोसा
- बसपा ने बदल दिया है भीम राजभर का टिकट

आजमगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। बसपा ने पहले इस सीट पर भीम राजभर को मैदान में उतारा था बाद में उनका टिकट काट दिया और दूसरी सीट से उम्मीदवार बना दिया। अब मतदाताओं को बसपा के प्रत्याशी का इंतजार है। सपा ने यहां से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को। उप चुनाव में जीते दिनेश लाल यादव जहां जीत बरकरार रखने के लिए छटपटा रहे हैं तो धर्मेंद्र यादव हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं।

आजमगढ़ संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र हैं। सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। पड़ोस की लालगंज संसदीय सीट की पांचों विधानसभा सीटों पर भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है।

2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ दिनेश लाल यादव को मैदान में उतारा था पर अखिलेश ने भोजपुरी सिनेमा के स्टार दिनेश लाल यादव 2,59,874 मतों के अंतर से पटखनी दी। 2022 में विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने यहां से त्यागपत्र दिया। सीट पर उपचुनाव हुआ तो यहां से दिनेश लाल यादव निरहुआ सपा के उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव हरा दिया था। तब उनकी हार में बसपा के गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। गुड्डू अब सपा के साथ हैं तो धर्मेंद्र को जीत की उम्मीद है। बसपा ने भी अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अब सपा, भाजपा हर किसी की निगाह बसपा प्रमुख मायावती के अगले कदम पर है। वह किसे उम्मीदवार बनातीं हैं। उम्मीद है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाएगी।

मतदाता जागरूकता अभियान : फर्स्ट टाइम वोटर में मतदान का भारी जोश है। मुबई में लोगों से वोट जरूर डालने की अपील कुछ इस अनोखे अंदाज में करतीं युवतियां। चेहरा पेंट करके तिरंगा बनाया और लोकतंत्र की जीत के लिए विक्ट्री निशान बनाकर बोलीं, वोट फार नेशन।

अब 'घर' और 'गढ़' में होगा बेहद रोमांचक रण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सस्पेंस के बादल छंटने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से फिर मैदान में
- अटकल, असमंजस और मायूसी के दौर से उबर कर जोश में आए सपाई

अमृत विचार। आखिरकार कन्नौज लोकसभा सीट एक बार फिर से देश की 'हॉट सीट' की लिस्ट में आ गई है। तमाम कयास, असमंजस, प्रत्याशी घोषित करने और फिर बदलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से मुकाबला रोमांचक होने के आसार प्रबल हो गए हैं। अब रण 'घर' बनाम 'गढ़' होगा। भाजपा प्रत्याशी कहते हैं कि कन्नौज मेरा घर है तो सपा का तर्क है कि गढ़ में वापसी होगी।

दो दिन पहले तक कन्नौज सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को लेकर अटकलों-असमंजस का दौर था। इस बीच सपा ने तेजप्रताप यादव को प्रत्याशी बना दिया। इसके साथ ही सपा कुनबे में मायूसी फैल गई और सभी अखिलेश से ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग करने लगे। उधर, माना जा रहा था कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका तथा पूरे देश में प्रचार की जिम्मेदारी के चलते वे इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी तरफ सुप्रीमो के मन में कोई और ही रणनीति तैयार हो रही थी। जनता व कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त मांग व जिद के आगे तो झुकना ही पड़ा जबकि वे खुद दो साल पहले एक निजी कार्यक्रम में इस बात का संकेत दे चुके थे। इस तरह पहले से स्पष्ट ही था के वे कन्नौज को ही एक बार फिर से चुनावी रणक्षेत्र बनाएंगे। बुधवार को शाम होते-होते उनके यहां से चुनाव लड़ने पर मुहर लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अखिलेश यादव ने नामांकन कर दिया। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए तो कन्नौज से अपने लगाव का प्रदर्शन यह कहते हुए किया कि यहां से उनकी शुरुआत हुई तो यहां के लोगों से जुड़ाव खास है।

अब भारत-पाकिस्तान का मैच : सुब्रत पाठक

नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने मीडिया से कहा कि अब भारत-पाकिस्तान का मैच होगा? कन्नौज अगर सपा का गढ़ है, तो उनका घर है। इसके जवाब में पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि वे (सांसद) न तो बॉलिंग कर पाएंगे न बैटिंग, हम छह के छह बॉल पर छक्के ही मारेंगे। ऐसा न हुआ तो समाजवादी नहीं। इस बार क्लीनबोल्ड करने की तैयारी है। जीत ऐतिहासिक होगी। मुकाबला 'घर' बनाम 'गढ़' होने वाला है।

छह के छह बॉल पर छक्के मारेंगे : अखिलेश

डिंपल की हार याद दिलाकर भरा जोश

- दो दिन पहले तक तेजप्रताप के नाम की घोषणा से खुश नजर आ रहे भाजपाइयों के खेमे में उत्साह अब भी है लेकिन कहीं न कहीं शंका के बादल भी नजर आ रहे हैं। प्रेस के माध्यम से अखिलेश ने रूठों का भी सहयोग मांगा है। सपा के जिम्मेदारों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चेहरे पर पार्टी की टूटन खत्म हो सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा में भी अंदरखाने असंतुष्टि और गुस्से के स्वर हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष के आने से कुछ इस तरह का वोट इधर का उधर हो सकता है। यद्यपि सांसद सुब्रत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश सामने हैं। वे पहले भी अखिलेश और डिंपल के सामने चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में डिंपल को हराकर ही सीट भाजपा की झोली में डाली थी।
- वर्ष 2000 में अखिलेश ने यहां पहला उपचुनाव लड़ा था जब उनके पिता व पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव ने यहां की सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

वे कहते हैं कि हम संपत्तियों का सर्वे कराएंगे। मां बहनों के गहनों की जांच होगी। इससे देश का क्या हित होगा?

– पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री

पूरी बारात तैयार है, केवल दूल्हे का इंतजार है। दूल्हा कोई भी हो हम तैयार हैं। 29 तारीख को दाबम दाब मचा देंगे।

– बृजभूषण शरण सिंह

भाजपा में कहीं न कहीं घबराहट है। अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर ये घबराहट और बढ़ रही है।

– डिंपल यादव

25 राजनीतिक दलों में सभी बड़ी-बड़ी पार्टी ने पैसा लिया। पूरे देश की इकलौती बसपा पार्टी है जिसने पैसा नहीं लिया।

– आकाश आनंद

हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं।

– पवन खेड़ा

रायबरेली से प्रियंका और अमेठी से राहुल आ सकते हैं चुनाव मैदान में

दोनों के चुनाव लड़ने पर आज होगा फैसला

केरल की वायनाड सीट से भी राहुल हैं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने के बाद अब रायबरेली से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी सीट से राहुल गांधी भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी की लोकसभा सीट वायनाड पर शुक्रवार को मतदान के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस के शीर्ष नेता अंतिम फैसला लेंगे। इस निर्णय के बाद दोनों सीटों के लिए अगले हफ्ते नामांकन दाखिल हो सकते हैं।

दरअसल, केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी प्रत्याशी हैं। 26 अप्रैल को मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंचकर नामांकन कर सकते हैं। हालांकि दिलचस्प यह है कि अमेठी क्षेत्र में कुछ स्थानो पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी उम्मीदवार बनाने की मांग करने वाले पोस्टर लगे हैं। लेकिन प्रियंका के सामने न आने पर वाड्रा के रायबरेली से लड़ने के संकेत हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने भी पिछले दिनों मीडिया से कहा था कि, पार्टी उन्हें मौका देगी तो वह जनसेवा के लिए आगे आएंगे।बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस उप्र. में मिली हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए पार्टी ने भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में कई दिनों से व्यापक प्रचार कर रही हैं। बीते दिनों स्मृति ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर भी सवाल खड़े किए थे।

अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।

प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा रही मतदाताओं की चुप्पी

एमपी गोस्वामी, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव में एक तरफ भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी में सीधी टक्कर दिख रही है तो वहीं बसपा प्रत्याशी रेस में काफी पीछे है। इन सब के बीच मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को बेचैन किए है।

तीन बार से सांसद रहे जगदंबिका पाल को फिर भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षों से क्षेत्र में काम न होने के कारण व आगजनी में समय से दमकल की गाड़ी न आने के कारण भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल और समर्थकों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में भाजपा प्रत्याशी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि यह विपक्षियों की चाल है।

वहीं, चुनावी हलचल के बीच इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। भीष्म शंकर इस भीषण गर्मी में भी लोगों के बीच में जाकर और पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां बताकर अपनी जीत के लिए जोरआजमाइश करते दिख रहे हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन चुनाव में ज्यादा जोर लगाते नहीं दिख रहे हैं।

स्थानीय राजनीतिज्ञों का कहना है कि अगर ब्राह्मण और मुस्लिम एक साथ आ जाएं तो उनके समर्थन वाले प्रत्याशी की जीत लगभग तय है, लेकिन अभी मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है, जिसकी वजह से प्रत्याशियों में बेचैनी है। यहां छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है और उस समय प्रचंड गर्मी पड़ेगी। ऐसे में मतदाताओं को मतदेय स्थल तक लाना प्रत्याशियों और संबंधी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती होगी।

इसी बीच, अपना दल- एस के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अभी भी बसपा से टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसको लेकर वह कई बार राजधानी लखनऊ का चक्कर भी लगा चुके हैं। जानकारों का मानना है कि बसपा का चुनाव प्रचार कमजोर होने का एक कारण यह भी है कि संभवतः चुनाव होने तक बसपा का प्रत्याशी ही बदला जा सकता है।

चुनावी चक्कर

भावुक भीड़ को भी नहीं बख्शा चोरों ने : टेलीविजन धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल इन दिनों उत्तर प्रदेश के मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रुप में एक नयी भूमिका में हैं। हाल ही में इनके रोड शो के दौरान कुछ लोगों की जेब खाली होने यानी पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। दरअसल, 22 अप्रैल को अरुण गोविल का रोड शो था। इसमें सीता का किरादार निभाने वाली दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण का रोल करने वाले सुनील लहरी भी थे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। जनता तो यहां राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर भावविभोर थे लेकिन चोरों का एक गैंग यहां कुछ और ही नीयत के साथ था। ऐसे में कई कार्यकर्ताओं के मोबाइल, पैसे और पर्स चोरी कर लिए। महिलाओं के भी पर्स चोरी हुए हैं। यहां तक कि दुकान छोड़कर तीनों को देखने गए एक मोबाइल दुकानदार के कीमती मोबाइल भी चोरी चले गए।

32 वर्षों से भाजपा का अभेद दुर्ग है लखनऊ

चुनाव डेस्क लखनऊ

अमृत विचार: 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश में लखनऊ लोकसभा सीट देश की बेहद हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसदीय क्षेत्र रहा है और वह इस सीट से लगातार 5 बार सांसद चुने गए, इनके अलावा देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित भी यहां की सांसद चुनी जा चुकी हैं। विजय लक्ष्मी पंडित को लखनऊ सीट का पहला सांसद होने का गौरव प्राप्त है। लखनऊ सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है और राजनाथ सिंह यहां से सांसद हैं, वह देश के रक्षा मंत्री भी हैं।

यूपी की राजधानी लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि रही है। यहां



अटल जी पांच बार सांसद चुने गए। यहीं से सांसद रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से अभी तक भाजपा के प्रत्याशी लगातार आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा के इस दुर्ग को विपक्षी दल 32 वर्षों से नहीं भेद पाए हैं। साल 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी यहां से सांसद चुने गए। उन्होंने कांग्रेस के रंजीत सिंह को परास्त किया था।

1991 से पहले भी अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से दो बार (1957, 1962) चुनाव लड़े थे, लेकिन तब उनको जीत हासिल नहीं हुई थी।

नहीं चला ग्लैमर

1991 के बाद 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी एक बार फिर से लखनऊ से चुनाव लड़े। उस वक्त उनके सामने सपा के राज बब्बर मैदान में थे, लेकिन अटल जी के सामने बब्बर का ग्लैमर नहीं चला। यहां की जनता ने अटल जी को 52 फीसदी वोट देकर संसद भेजा। इसके बाद यह सिलसिला लगातार 2004 तक जारी रहा। तब तक कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति से संन्यास नहीं ले लिया।

लाल जी टंडन पर जताया भरोसा

2009 का लोकसभा चुनाव जब आया तब उस वक्त भाजपा इस बात लेकर काफी असमंजस में थी कि आखिर अटल जी की विरासत को कौन संभालेगा। इस मुश्किल वक्त में भाजपा और अटल बिहारी के बेहद खास रहे लाल जी टंडन पर भरोसा जताया था, 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन ने उस वक्त कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब 41 हजार मतों से हराया।

जीत का अंतर पांच गुना

2014 के चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव कर लाल जी टंडन को प्रत्याशी न बनाकर तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह पर भरोसा दिखाया, अटल जी की इस सीट पर बीजेपी ने एक बार फिर से जीत हासिल की और इस बार जीत का अंतर भी पिछली बार से पांच गुना ज्यादा रहा। 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब को 2,72,749 वोटों से हराया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार में गृह मंत्री बने।

2019 में राजनाथ को 55 प्रतिशत वोट मिले

लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 3,47,302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम थे। जिन्हें 1,80,011 वोट मिले थे। यह चुनाव जीतने के बाद राजनाथ सिंह गृह मंत्री के बजाय देश के रक्षा मंत्री बनाए गए।

राजनाथ सिंह

रविदास मेहरोत्रा

सरवर मलिक

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं रविदास मेहरोत्रा

भाजपा ने एक बार फिर से लगातार दो बार यहां से सांसद रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत का परचम फहराने की जिम्मेदारी दी है तो वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से सपा के लोकसभा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का राजनीति से पुराना नाता रहा है और कॉलेज के दिनों से ही वह राजनीति को लेकर काफी सक्रिय है यही नहीं वह कई मुद्दों व प्रकरणों को लेकर 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने के रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं।

बसपा ने सरवर मलिक को उतारा है मैदान में

बहुजन समाज पार्टी ने लखनऊ सीट से सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। सरवर मालिक लखनऊ की उत्तरी सीट से 2022 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बसपा ने लखनऊ सीट पर मुस्लिम दांव खेल दिया है। लखनऊ में ठीक-ठाक मुस्लिम आबादी होने के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के मुताबिक, लखनऊ जिले की आबादी 45 .89 लाख है जिनमे पुरुषों की आबादी 23 .94 लाख और महिलाओं की आबादी 21.95 लाख है 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ की कुल आबादी की 71 .1 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दुओं की है। इसके बाद 26 .36 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसके बाद बाकी अन्य हैं। अनुसूचित जाति की आबादी 14 .3% हैं तो अनुसूचित जनजाति की 0 .2%। इसी तरह ब्राह्मण, राजपूत वोटर भी मिलकर करीब 18 प्रतिशत हैं। ओबीसी मतदाता 28 फीसदी और मुस्लिम मतदाता करीब 18 फीसदी हैं।

2024 में ये करेंगे निर्णय

कुल मतदाता	- 21,36,709
पुरुष	- 11,29,926
महिला	- 10,06,684
अन्य	- 99

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
राजनाथ सिंह	6,33,026
पूनम सिन्हा	2,85,724
आचार्य प्रमोद कृष्णम	1,80,011

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजनाथ सिंह	5,61,106
कांग्रेस	रीता बहुगुणा जोशी	2,88,357
बसपा	नकुल दुबे	64,449
सपा	अभिषेक मिश्रा	56,771
एएपी	सैयद जावेद अहमद जाफ़री	41,429



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	विजया लक्ष्मी पंडित	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1955	श्योराजवती नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	पुलिन बिहारी बनर्जी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बीके धावन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	आनंद नारायण मुल्ला	निर्दल
1971	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	हेमवती नंदन बहुगुणा	जनता पार्टी
1980 व 84	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	मांधाता सिंह	जनता दल
1991,96,98,99 व 04	अटल बिहारी वाजपेयी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा	2019 नोटा
4,696	7,416

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	लाल जी टंडन	2,04,028
कांग्रेस	रीता बहुगुणा जोशी	1,63,127
बसपा	डॉ .अखिलेश दास गुप्ता	1,33,610
सपा	नफीसा अली सोढ़ी	61,457



इलेक्शन बायस्कोप

लोकतंत्र का उत्सव चल रहा हो तो पहनावा भी तनिक ऊर्जा भरने वाला होना चाहिए। कुछ इसी तर्ज पर आगरा में भाजपा की एक चुनावी रैली के दौरान जनसभा में आगे बैठीं महिलाएं भगवा रंग की पगड़ी पहनीं काफी उत्साहित नजर आयीं। अमृत विचार

चौथे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारक घोषित

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस ने प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित कर दिये हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया, अजय कुमार लल्लू, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदीप माथुर, विवेक बंसल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि नेता शामिल हैं।

रणनीति के तहत बसपा कर रही मुख्य धारा में आने की जद्दोजहद

त्रिकोणीय है हरदोई में चुनावी मुकाबला

खेत, मेड़, नाली व पानी की लड़ाई का मुद्दा भी बड़ा

दबंगई से परेशान गरीब मतदाता खोज रहे संरक्षण

2019 के सपा-बसपा गठबंधन में ही खिसक गया 70 प्रतिशत दलित मतदाता

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

अमृत विचार। देश का भविष्य भले हो लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में बनने वाली सरकार तय करे लेकिन, हरदोई का भविष्य यहां के मतदाता 13 मई को तय कर लेंगे। राजनीतिक समीकरण की बात करें तो हरदोई पासी बाहुल्य है और सुरक्षित सीट है। यहां भाजपा के जय प्रकाश रावत और सपा की ऊषा वर्मा में होने वाले मुकाबले को, बसपा ने एमएलसी भीमराव आंबेडकर ने त्रिकोणीय बना दिया है।

वैसे तो करीब 19 लाख 13 हजार 675 मतदाताओं वाली इस सीट के साथ-साथ पूरे हरदोई जिले में पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल का वर्चस्व माना जाता है। मगर इस बार एक बड़ा मतदाता वर्ग इस वर्चस्व के आकर्षण से अलग अपनी क्षेत्रीय मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, नरेश अग्रवाल भाजपा में हैं और उनके पुत्र नितिन अग्रवाल योगी सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में योगी-मोदी की गारंटी को बल भाजपा प्रत्याशी के साथ होना स्वाभाविक है।

जय प्रकाश रावत

उषा वर्मा

भीमराव आंबेडकर

हरदोई लोकसभा सीट

सैतियापुर गांव के पूर्व प्रधान अचल पाठक का तर्क है कि यहां मुद्दों की लड़ाई नहीं बल्कि मुफ्त राशन और छह हजार रुपये किसान निधि से लोग ज्यादा प्रभावित हैं। उनका कहना है कि मेरा सांडी विधानसभा क्षेत्र ब्राम्हण व ठाकुर बाहुल्य है, इसलिए भाजपा को हमेशा लाभ मिलता है। उनका दावा है कि यहां जो 30 प्रतिशत दलित मतदाता है, उनमें भी ज्यादातर की पहली पसंद अब भाजपा है। हरपालपुर अंतर्गत मलौथा गांव के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मिश्र का कहना है कि यहां खेत की मेड, नाली, सिंचाई के पानी की मुख्य लड़ाई है। इसके लिए गरीब व अनुसूचित मतदाताओं को क्षेत्रीय दबंगई से संरक्षण चाहिये। ऐसे में योगी सरकार में अनुसूचित मतदाताओं का रुझान सपा की अपेक्षा भाजपा में ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है। संभवतः यही वजह रही कि 2019 में सपा व बसपा गठबंधन के बावजूद भाजपा के जय प्रकाश ने जीत दर्ज की थी। हालांकि प्रशासन के मामले में तमाम लोग मायावती सरकार की याद करते हुए तारीफ करते मिलें। जैसापुर निवासी पृथ्वी राज का कहना है बसपा प्रमुख मायावती ही देश में इकलौती नेता है जो सर्व समाज को न्याय और सुरक्षा दिला सकती है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर को हरदोई का प्रतिनिधित्व दिया है, इसलिए जनमानस बसपा प्रत्याशी के साथ है।

इस बार भी भाजपा ने अपने सांसद जय प्रकाश पर ही दांव लगाया है, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन ने तीन बार की सांसद और बीते चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं सपा की ऊषा वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर को उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इस सीट पर साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर चली थी, भाजपा के अंशुल वर्मा ने जीत तो दर्ज की थी। लेकिन, बसपा के शिव प्रसाद वर्मा ने पौने तीन लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर, सपा को तीसरे नंबर पर धकेलकर मुख्य प्रतिदृंदी बनकर चौकाया था।

ठाकुर- ब्राह्मण मतदाता हैं निर्णायक

जातिवार मतदाताओं को देखे तो हरदोई में अकेले अनुसूचित वोटर्स 35-40 प्रतिशत यानि लगभग आठ लाख हैं, इसके अलावा ओबीसी वर्ग के छह लाख मतदाताओं में अकेले कुर्मी मतदाता करीब तीन लाख हैं। ब्राम्हण और ठाकुर मतदाताओं की संख्या ढाई लाख है और एक लाख वैश्य मतदाता हैं। वहीं मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है। पांच विधानसभा सीटों में शाहाबाद, गोपामऊ, हरदोई सदर व सांडी क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता है। इनमें 18-23 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं के एकजुट होने पर परिणाम बदल सकते हैं, मगर कोई मुस्लिम प्रत्याशी न होने की वजह से मुस्लिम मतदाताओं के रूझान पर कयास लगाना जबरिया होगा।

जेपी रावत 17 तो उषा वर्मा 11 साल रहीं सांसद

साल 1991, 1996, 1999 और 2019 के लोकसभा चुनावों में विजय दर्ज कर करीब 17 साल जय प्रकाश रावत यहां सांसद रहे। इसके अलावा साल 1998, 2004 और 2009 के चुनावों में समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा चुनाव जीतकर करीब 11 साल सांसद रहीं। साल 2014 में मोदी लहर में भाजपा के अंशुल वर्मा भी पांच साल सांसद रहे।

आग में ननद-भाभी जिंदा जलीं 29 घर राख, दो लोग झुलसे

सिंगहा कलां गांव में लगी आग: 12 पशुओं की जलकर मौत

संवाददाता, सिंगाही (खीरी)

गांव सिंगहा कलां में आग बुझाने के दौरान जुटे बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को भीषण आग लग गई। 29 घर राख हो गए। आग में फंसी एक महिला और उसकी ननद की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। 12 पशु भी जिंदा जल गए। कई पशु झुलस गए। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। एसडीएम ने हालातों का जायजा लिया।

गांव सिंगहा कलां निवासी भागीरथ के पक्के कमरों के सामने छप्पर पड़े थे। दोपहर करीब 12 बजे भागीरथ की बहन संगीता (35) अपने बेटे सचिन (13) के साथ कमरे में, जबकि भागीरथ की पत्नी रामगुनी (50) व बहू पूजा पत्नी सहजराम छप्पर में सो रही थीं। इसी बीच छप्परों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें कमरे को छूने लगे। संगीता ने शोर मचाते हुए किसी तरह सचिन को बाहर निकाल दिया, लेकिन खुद फंस गई और जिंदा जलकर मौत हो गई। छप्पर में सो रही पूजा जैसे-तैसे बाहर निकल आई, लेकिन उसकी सास रामगुनी नहीं निकल पाई और उसकी भी झुलसकर मौत हो गई।

सपा अपराधियों की फैक्ट्री: केशव

कन्नौज, अमृत विचार: कन्नौज संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार सांसद सुब्रत पाठक की नामांकन सभा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपराधियों की फैक्ट्री है और उसके मुखिया अखिलेश यादव हैं जो गुंडों के सरदार हैं। जो व्यक्ति अपने पिता का अपमान कर सकता है, वह किसी दूसरे को क्या सम्मान दे सकता है। वह पीडीए को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, जबकि पीडीए का वास्तविक अर्थ है-परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी। बोर्डिंग मैदान पर हुई सभा में सपा सुप्रीमो, डिप्टी सीएम के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के अंतिम दर्शन के लिए अखिलेश को समय नहीं मिला और अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर का आमंत्रण ठुकरा दिया, जबकि माफिया मुख्तार अंसारी की कब्र पर रोने के लिए चले गए। अखिलेश के तीन यार, आजम, अतीक और मुख्तार।

कांग्रेस हो जाएगी विलुप्त सपा होगी समाप्त पार्टी



जनसभा को संबोधित करते राजनाथ सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● खीरी में सपा, कांग्रेस पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है जिस तरह डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है।

रक्षा मंत्री ने गुरूवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा को उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा प्रदेश होने के बाद उत्तर प्रदेश को जिस ऊंचाई पर चाहिए, उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचाया गया, लेकिन गर्व से कहना चाहता हूं कि जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है। कानून और व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त हुई हुई है।

सार-संक्षेप

सात फ्रीट लंबी त्रिशूरा की नाव रामलला को समर्पित

अयोध्या, अमृत विचार : दक्षिण भारत में नौका दौड़ के लिए प्रसिद्ध केरल की नौका श्री रामलला को समर्पित की गई। मलयालम अभिनेता और राज्य सभा सदस्य रहे सुरेश गोपी के प्रतिनिधि शालू केरल की सांस्कृतिक पहचान नाव को लेकर वह त्रिशूल से 2600 किलोमीटर की यात्रा कर बृहस्पतिवार को कारसेवकपुरम पहुंचे। कारसेवकपुरम प्रभारी शिवदास सिंह ने नौका स्वीकार की। शालू ने बताया कि यह नौका सात फुट लंबी और करीब एक फुट चौड़ी है। इसका सरयू में जलावतरण भी कराया गया।

डीजीपी बैटन से नवाजे गए मुख्य सूचना आयुक्त

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य सूचना आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा को गुरुवार को डीजीपी बैटन प्रदान किया गया। डीजीपी बैटन वर्तमान पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दिया। पुलिसिंग में अप्रतिम एवं अमूल्य योगदान के कारण डीजीपी बैटन प्रदान किया जाता है। इस मौके पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि राजकुमार विश्वकर्मा वर्तमान में मुख्य सूचना आयुक्त के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

पंचतत्व में विलीन हुईं अंजू अस्थाना

लखनऊ, अमृत विचार : प्रख्यात व्यंग्यकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद भारत सरकार के सलाहकार सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना का गुरुवार को बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम यात्रा शुरू होने से पहले ही वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व सांसद डॉ. उदय प्रताप सिंह, लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी अखिलेश मिश्र, भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक पुनीत अस्थाना, प्रसिद्ध कवि गजेन्द्र प्रांशु, अभय सिंह निर्भीक और पंकज प्रसून इत्यादि पहुंच गए। बैकुंठ धाम पर विधायक डॉ. नीरज बोरा, कबीर अकादमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी, कलाकार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मिश्र, कांग्रेस नेता रमेश श्रीवास्तव, सुशील दुबे, फिल्म अभिनेता अन्नू अवस्थी, रंगकर्मी गोपाल सिन्हा, संगम बहुगुणा, सुशील दुबे, मोहम्मद अली साहिल, डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी, आलोक शुक्ल और अंतरराष्ट्रीय शायर हसन काजमी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सर्वेश अस्थाना ने अपनी पत्नी अंजू अस्थाना को मुखाग्नि दी।

गड़ासे से पत्नी का गला काटकर लगा ली फांसी

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजकला गांव से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। एक मानसिक रूप से बीमार पति ने अपनी पत्नी का गला गड़ासा (चापड़) से रेत दिया और फिर फंदे से लटककर जान दे दी। दोहरे हत्याकांड से फिरोजकला और आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। मृतक महिला के भाई कुड़वार कस्बा निवासी मो. तसलीम की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है। कुड़वार थाना क्षेत्र स्थित फिरोजपुर कला गांव निवासी अफाक पुत्र सुनीर अहमद बुधवार देर शाम परिवार के साथ खाना खाकर कमरे में गया। उसके तीन लड़के बाहर सोए थे, एक छोटी बेटी घर के अंदर थी। रात में पति-पत्नी कब मकान के ऊपर छत पर गए, किसी को पता नहीं है। छत पर बने टीन शेड के नीचे अफाक (50) ने पहले पत्नी किसमतुल निशा (48) की चापड़ से गला काटकर हत्या की। फिर खुद उसी के दुपट्टे से टीन शेड की पाइप से लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब दंपति की छोटी बेटी आशिफा चाय लेकर छत पर पहुंची तो आगे मां का शरीर खून से लथपथ पड़ा देखा। पिता को पाइप से लटकते देख चिल्लाते हुए हुए छत से नीचे आई। उसके बाद मृतक के बेटों सहित अगल-बगल के लोग छत पर पहुंचे।

लोगों को हीटवेव से बचाने के पुख्ता इंतजाम हों

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश के लोगों को हीटवेव से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये जायं। मुख्य सचिव गुरुवार को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ हीटवेव से बचाव के लिए तैयारी और प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल तक हीटवेव से उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपद प्रभावित होंगे। इसका प्रभाव आम जनमानस के साथ पशु-पक्षियों पर पड़ेगा। इस दौरान जिले स्तरीय अधिकारी अलर्ट रहें। संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाये जायें। कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। हीट वेव से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

बसपा ने रायबरेली से ठाकुर प्रसाद को उतारा

रायबरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जहां अभी भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार नही उतारे है वहीं बसपा ने गुरुवार को अपनी आठवीं सूची जारी करते हुए रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद रायबरेली के सरेनी विधानसभा से हाथी के निशान पर दो बार अपनी किस्मत आजमा चुके है लेकिन किस्मत ने एक बार भी साथ नहीं दिया और उन्हें हार ही नसीब हुई। ठाकुर प्रसाद के आने के बाद अब इंडिया गठबंधन में थोड़ी हलचल मच गई है। कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली में बसपा ने ज्यादातर चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन जीत के आसपास भी नही पहुंच पाए

शिवपाल ने चूरन संबंधी टिप्पणी पर की योगी की आलोचना

लखनऊ, एजेंसी : सपा नेता शिवपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उनकी इस टिप्पणी को लेकर आलोचना की कि पार्टी में उनकी भूमिका काफी घटा दी गयी है और अब वह वैसे नहीं हैं जो पहले हुआ करते थे। दिन में योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में एक राजनीतिक रैली में कहा था, मुझे असहाय शिवपाल पर दया आती है। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और वहां वितरित किये जाने वाला चूरन ग्रहण करता है। शिवपाल ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, ज्ञानी मुख्यमंत्री महोदय, भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है।

कांग्रेस के न्याय पत्र से घबरा गए हैं मोदी: पवन खेड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के न्याय पत्र से घबरा गए हैं, तभी झूठा प्रोपोगैंडा फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा और प्रधानमंत्री के झूठ से ऊब चुकी है।

2024 में देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। पवन खेड़ा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा व मोदी सरकार पर देश के युवाओं, किसानों, आम लोगों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के साथ धोखेबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 400 सीटों के नारे के पीछे भाजपा की असली नीयत संविधान बदलने की है। लोग भाजपा के बहकावे में न आएं।

उन्होंने कहा कि जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र के पांच न्याय की 25 गारंटियों पर भरोसा है, इसीलिए मोदी की गारंटिया गायब हो गई हैं और पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के मंगलसूत्र की बात करते हैं लेकिन पूरे देश में जब महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था तो भाजपा सरकारें बलात्कारियों को संरक्षण दे रही थीं। इस समय प्रधानमंत्री की कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया कोऑर्डिनेटर चित्रा, गरिमा व मीडिया चेयरमैन यूपी कांग्रेस डॉ सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार: आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 मई की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

एक लाश पर दो परिवारों ने ठोंका दावा, अंगूठे से हुआ फैसला

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : पुलिस उस समय बड़ी उलझन में फंस गई, जब अज्ञात वृद्ध के शव की दो परिवारों ने शिनाख्त की। दोनों ने वृद्ध को खुद के परिवार का सदस्य बताते हुआ दावा किया।

पुलिस ने इस गुत्थी को सुलझाने के लिए गजब का दिमाग लगाया। सोशल मीडिया का सहारा लिया। इसके बाद अंगूठे से शव की पहचान की गई। जसरथपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भनऊ घाट काली नदी में बुधवार की देर सायं एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। गुरुवार को सुबह कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला संजय नगर के कुछ लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर शव की पहचान रिटायर्ड दीवान नाहर सिंह के रूप में की। कहा कि नाहर सिंह करीब 10 माह से गायब थे। पुलिस शव की शिनाख्त होने पर सुकून में आई, तभी जनपद मैनपुरी के भौगांव थानान्तर्गत ग्राम मिलिकिया निवासी एक अन्य परिवार ने भी पहुंचकर शव की शिनाख्त करने का दावा कर उसे अपने परिवार का सदस्य बताया। नाती नीतेश और अंशुल ने अपने बाबा रामचन्द्र (80) पुत्र अमर सिंह के रूप में शिनाख्त की।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
- धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. राहुल कुमार B.A.M.S., M.S. (Ayu) DSRRAU JODHPUR नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल। मो. 8077808309

उत्तराखंड

1.362 किलो चरस के साथ तस्कर पकड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

● एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने की कार्रवाई, चम्पावत का रहने वाला है पकड़ा गया आरोपी

अमृत विचार: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद की गई है। बरामद चरस की कीमत अंतरराज्यीय बाजार में लाखों की आंकी गई है। एएनटीएफ ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी इलाकों में चरस तस्करी होने का इनपुट मिल रहा था। इस पर एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम सुरागरसी कर रही थी। बुधवार को सूचना मिली कि लोहाघाट इलाके से एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस की तस्करी करने की फिराक में है। इसके बाद सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के आदेश पर एएनटीएफ की टीम चम्पावत पहुंची और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना लोहाघाट के मन्नार बैंड खेतीखान के पास चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा तो संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश चंद्र सेल्ला निवासी गढकोट चम्पावत बताया। टीम ने आरोपी के कब्जे से 1.362 किलोग्राम चरस बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस को पहाड़ी, मैदानी और यूपी के सीमावर्ती इलाके में सप्लाई करता है। पुलिस ने बरामद चरस की अंतरराज्यीय कीमत पांच लाख रुपये से अधिक आंकी है।

50 हजार की घूस लेता मार्केटिंग इंस्पेक्टर दबोचा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राइस मिल संचालक की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने आरएफसी विभाग में एमआई (मार्केटिंग इंस्पेक्टर) मोहन सिंह टोलिया को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया।

मंडी समिति परिसर ऑफिस में तैनात विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया ने एक राइस मिल से चावल मामले में सुविधा शुल्क की डिमांड की थी। राइस मिल संचालक ने विजिलेंस हल्द्वानी से संपर्क किया था। इस पर पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी नैनीताल अनिल सिंह मनराल के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक विजिलेंस हेम चंद्र पांडेय के नेतृत्व में गठित विजिलेंस टीम ने गुरुवार को विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया को शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। खबर मिलते ही राइस मिल संचालकों की भीड़ लग गई।

स्कूल वैन से उतरकर दौड़ी बच्ची प्रधानाचार्य की कार ने रौंदा, मौत

संवाददाता, कालाढूंगी

● सड़क पार खड़ी अपनी मम्मी को देखकर दौड़ पड़ी थी 5 साल की कृष्णा

अमृत विचार : कोटाबाग में स्कूल वैन से उतरकर सड़क पार कर रही पांच वर्षीया को छात्रा को कार ने रौंद डाला। हादसे में छात्रा की मौत हो गयी। कार आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की बताई जा रही है।

गुरुवार को कृष्णा (5 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार निवासी दोहनियां कोटाबाग निजी स्कूल चेतना स्कॉलरशिप एकेडमी मायारापमपुर में पढ़ती थी। वह गुरुवार की दोपहर एक बजे वैन से उतरकर सड़क पार खड़ी अपनी मम्मी को देखकर दौड़ पड़ी। इस दौरान बच्ची विपरीत दिशा से आ रहे आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की कार की चपेट में आ गयी। अगला टायर चढ़ने से बच्ची के नाक, कान व मुंह से खून आने लगा। आक्रोशित लोगों ने उनकी कार का अगला शीशा तोड़ दिया। आनन-फानन में प्रधानाचार्य बच्ची को कार से सीएचसी कोटाबाग ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। कृष्णा तीन बच्चों में उनकी सबसे छोटी बेटी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रारूप C-1
(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार-पत्रों/दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)
आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा
(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)
अभ्यर्थी का नाम और पता-देवेश शाक्य पता-म.नं. 47, ग्राम भटौरा पो. गूरा, तहसील विधूना जनपद औरैया
राजनैतिक दल का नाम-समाजवादी पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहाँ ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम-लोक सभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम-22, लोक सभा एटा (सामान्य)
मैं देवेश शाक्य (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ
(A) लंबित आपराधिक मामले

क्रम.सं.	न्यायालय का नाम	प्रकरण संख्या एवं तारीख	प्रकरण की स्थिति	सम्बन्धित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधी) संक्षिप्त विवरण
1.	न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया	प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-556/2003	दोष मुक्त	1. अन्तर्गत धारा-447, आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया)
2.	न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया	प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-563/2003	दोष मुक्त	2. अन्तर्गत धारा-447, 427, 506 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया)
3.	न्यायालय एस.सी./एस.टी., औरैया	प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-82/2006	दोष मुक्त	3. अन्तर्गत धारा-147, 323, 504 आई.पी.सी. व 3(1) एस.सी. एक्ट (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया)
4.	शून्य	प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-0034/2022	माननीय न्यायालय द्वारा तलब नहीं किया गया है (लम्बित है)	4. अन्तर्गत धारा-504, 507 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया)

सार-संक्षेप

कैदी के इलाज के लिए जारी धनराशि वापस

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कारागार फिरोजाबाद में बंद एक कैदी के इलाज के लिए शासन ने तीन लाख रुपये स्वीकृत कर दिया। बाद में पता चला कि उसे न्यायालय ने रिहा कर दिया है। ऐसी स्थिति में शासन ने आनन-फानन में अवमुक्त धन वापस मंगा लिया है। फिरोजाबाद कारागार में बंद अभि यादव गंभीर रूप से बीमार हैं। इनका इलाज लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इलाज को लेकर कारागार के प्रयासों से शासन ने तीन लाख रुपये अवमुक्त किया था। जब धन जारी हुआ तो कारागार प्रशासन द्वारा शासन को पुन: सूचना दी गई कि बंदी को जिला न्यायालय ने जमानत दे दी है। ऐसी स्थित में अब इस धन का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस दौरान शासन ने तत्काल जारी धन को वापस मंगाने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा है।

40 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगे सीसीटीवी

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग ने 40 आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगवा दिए हैं। जबकि 54 आश्रम पद्धति विद्यालयों में माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों की कार्यशैली और उन पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय पिछले माह लिया था। प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी लगने के बाद वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगने का काम शुरू होगा। प्रदेश के 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। बुजुर्गों को नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन तय मैन्यु के अनुसार दिया जाता है। साथ ही मौसमी फल भी उनको दिया जाता है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी 15 दिन में कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रमों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है। आश्रम में किसी बुजुर्गों का स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है।

महिला की जलकर मौत, हत्या का आरोप

कानपुर, अमृत विचार : स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के अशोक नगर इलाके में दहेज की मांग न पूरी करने पर महिला को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने जलाकर मारने के बाद उन लोगों को सूचना देने का आरोप लगाया। लखनऊ से कानपुर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लखनऊ के गोमती नगर विश्वास खंड निवासी सौरभ साहू ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन 35 वर्षीय प्रिया साहू का विवाह 17 नवंबर 2018 को अशोक नगर निवासी अमरजीत सिंह से किया था। अमरजीत मार्केटिंग रिप्रेजेटेटिव हैं। अमरजीत के पिता और उसके परिजन शास्त्री नगर में रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि अमरजीत नशे में उनकी बहन के साथ मारपीट करता था, अक्सर रुपये की मांग करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह अमरजीत ने फोन कर जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई है। जब वे उसके घर पहुंचे तो देखा प्रिया का जला हुआ शव पड़ा था।

अखिलेश के नामांकन पर अपर्णा ने किया कटाक्ष

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से नामांकन किए जाने को लेकर चाचा शिवपाल यादव ने जहां पार्टीजनों को उत्साहित करने वाला संदेश दिया वहीं भाजपा नेत्री बहू अपर्णा यादव ने कटाक्ष किया है। लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले ही अखिलेश यादव ने अपने सोशल साइट एक्स पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। साझा तस्वीर के साथ अखिलेश यादव ने लिखा है कि, फिर इतिहास दोहराया जाएगा, अब नया भविष्य बनाया जाएगा। वहीं उनके चाचा शिवपाल यादव ने इस पर उन्हें उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया में लिखा, विजय भव : सर्वदा। वहीं अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आयी। कन्नौज की जीत को सपा के लिए कठिन बताते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने मीडिया से कहा कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीताने का मन बना चुके हैं। अपर्णा ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने बहुत सारी सीटों को सुरक्षित बनाया लेकिन उन सीटों पर भी भाजपा ने अपनी मेहनत से कमल खिलाया है।

ई-फाइलिंग के लिए हाईकोर्ट ने जारी किए दिशा निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में वादकारियों को सुरक्षित और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए महानिबंधक की ओर से प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से ई-फाइलिंग का निर्देश दिया गया है। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से वादकारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से ई-फाइलिंग की जाएगी। ई-सेवा केंद्रों पर ई-फाइलिंग की प्रक्रिया से फोटो पहचान सत्यापन का विकल्प हटा दिया जाएगा। वादकारियों को ई-फाइलिंग के लिए ई-सेवा केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा, जिसमें शपथकर्ता की तस्वीर वाले स्कैन किए गए नोटरी हलफनामे का उपयोग ई- फाइलिंग मामलों में किया जाएगा। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों से इलाहाबाद हाईकोर्ट में ई-फाइलिंग के लिए दिशा-निर्देश प्रेषित किया गया है, जिससे वादी व्यक्तिगत रूप से अपने मामलों को ई-फाइल कर सकें। मालूम हो कि यह सुविधा सुप्रीम कोर्ट के मोहम्मद अनस चौधरी बनाम रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट, इलाहाबाद मामले में पारित आदेश के अनुपालन में प्रारंभ की गई है। परिपत्र में सभी जिला न्यायालयों को उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करने का आदेश दिया गया है।

योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया याद

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया। उन्होंने गुरुवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी बहुगुणा जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन लिखा।

बसपा ने घोषित किये तीन प्रत्याशी

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को तीन प्रत्याशी घोषित कर दिये। इनमें रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है, जबकि अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी व बहराइच से बृजेश कुमार सोनकर प्रत्याशी बनाये गये हैं। रायबरेली के लिए घोषित प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद राजधानी के रहने वाले हैं। वह सरेनी विधानसभा सीट से 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, पर चुनाव हार गये थे।

20 करोड़ कीमत के सिंथेटिक ड्रग व केमिकल सहित छह गिरफ्तार

मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच के साथ उप्र. एसटीएफ ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आजमगढ़ के सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर तैयार किया जा रहा था बड़े पैमाने पर ड्रग्स

अमृत विचार : मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में ड्रग्स बनाने वाले और सप्लाई करने वाले सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से 25 ग्राम सिंथेटिक ड्रग और 20 किलो ड्रग बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है। इसकी अनुमानित कीमत 20.18 करोड़ बताई जा रही है। इसी प्रकरण पर विगत दिनों हुई कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपियों के खिलाफ थाणे क्राइम ब्रांच ने मुकदमा भी दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप तिवारी बरसठी जौनपुर, ललित पाठक शिवपुर वाराणसी, अनिल जायसवाल नाला सोपाडा ईस्ट महाराष्ट्र, नीलेश पांडेय श्रीनाथजी नगर चलावापी गुजरात और विजय पाल बड़ागांव वाराणसी शामिल हैं। इसमे संदीप तिवारी और ललित पाठक के खिलाफ महाराष्ट्र में नारकोटिक्स एक्ट में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। वाराणसी एसटीएफ की ओर से कार्रवाई एवं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। पहली कार्रवाई 16 मार्च को वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र में की गई थी। इस बार आजमगढ़ के थाना बरहद क्षेत्र स्थित सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर ड्रग्स निर्माण की सूचना मिली थी। इस दौरान थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। थाणे क्राइम ब्रांच भी अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह के मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है। सांसद ने जौनपुर की एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था।

महादेव बुक एवं गेमिंग एप के सहारे ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अभियुक्त संजीव एवं अभय।

- एसटीएफ ने शहीद पथ स्थित समिट बिल्डिंग के पास से दोनों अभियुक्तों को पकड़ा

अमृत विचार : महादेव बुक एवं अन्य गेमिंग के माध्यम से करोड़ों की ठगी करने वाले फर्जी ग्रुप के इंडिया हेड सहित दो ठगों को एसटीएफ ने शहीद पथ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी विभिन्न गेमिंग एप के माध्यम से ठगी करते थे एवं हजारों की संख्या में फर्जी सिम एक्टिवेट करा कर विदेशों में सप्लाई करते थे।

यह कार्रवाई एसटीएफ के एसपी विशाल विक्रम के नेतृत्व में की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गौरी बाजार देवरिया निवासी अभय सिंह एवं देवरिया के इकौना थाना क्षेत्र के संजीव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान अभय सिंह ने बताया कि उनका एक रिश्तेदार दुबई में रहता है उसी के कहने पर अभय अनपढ़ लोगों के बीच जाकर उन्हीं के आधार कार्ड के आधार पर सैकड़ों की संख्या में सिम बनाकर सप्लाई करवाता था। इसी तरह अभय ने यूपी में सैकड़ों लोगों को सक्रिय किया, जिनकी 20 से 25000 सैलरी तक निर्धारित कर दी गई। बताया जा रहा है की इन्हीं गेमिंग एप के सहारे अभय एवं संजीव सिंह ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। एसटीएफ लंबे समय से दोनों की तलाश कर रही थी। दोनों के बारे में लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। इनकी ठगी के कई लोग शिकार हुए हैं।

डॉ. संजय निषाद पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

- कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के पीएसओ ने दर्ज कराया है मुकदमा

अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया था कि बीच 21 अप्रैल की रात को मन्त्री जी डा. संजय कुमार निषाद मोहम्मदपुर कठार में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए थे। इसी दौरान के अभियुक्त राधेश्याम यादव और उनके साथियों द्वारा अचानक मंत्री जी पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। तहरीरी सूचना के आधार पर 22 अप्रैल को कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मुअसं 332/2024 की धारा 147, 323, 307 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में नामजद सुभाष यादव पुत्र रामकेवल यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व. लालमन यादव और दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी गण मोहम्दपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को 22 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हमले के मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार की दोपहर दुर्गा मंदिर चौराहा मगहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

निजी धरोहरों को हेरिटेज होटल्स में बदलने की तैयारी

लखनऊ, अमृत विचार : अगले साल प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले पर्यटकों को कुछ अलग अनुभव कराने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग हेरिटेज होटल विकसित कर रहा है। इस कवायद के तहत पर्यटन विभाग महाकुंभ के पहले कई निजी धरोहरों को हेरिटेज होटल्स में विकसित करने की कार्य योजना पर काम कर रहा है। फिलहाल प्रयागराज जिले के सोरांव में सोरांव प्लांटर्स और ममफोर्ड गंज में शगुन निलयम की तरफ से उनकी धरोहर को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव आया है, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। प्रस्ताव में शगुन निलयम के दस कमरे तो वहीं, सोरांव प्लांटर्स का 200 एकड़ का क्षेत्रफल हेरिटेज होटल के तौर पर विकसित करने पर कार्य चल रहा है। इस संबध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि दो धरोहरों को हेरिटेज होटल में तब्दील करने का प्रस्ताव आया है।

आजम के करीबी सीओ आले हसन के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। उसके एक सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। इसके साथ ही साधना गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अतः शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की कथित मनमानी के संबंध में अपनी शिकायत करने का कोई अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को आगामी 24 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। सुनवाई की अगली तारीख तक याची के खिलाफ उपरोक्त मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है। मालूम हो कि शिकायतकर्ता अबरार हुसैन ने रामपुर के गंज थाना में 13 अगस्त 2019 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आले हसन और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2016 को याची सहित अन्य आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की, साथ ही उस पर जानलेवा हमला भी किया गया और अवैध रूप से उसके घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सपा सांसद आजम खान के करीबी होने के कारण तत्कालीन सीओ आले हसन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सपा को अयोध्या से नहीं कोई मिला स्टार प्रचारक

अयोध्या, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्षितिज पर दमदमा रही अयोध्या नगरी से समाजवादी पार्टी को एक भी स्टार प्रचारक नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा बीते दिनों जारी स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या नदारद है। जबकि यहां से खुद को दिग्गज बताने वाले नेताओं की एक बड़ी जमात है। ऐसे में इस स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या का नदारद होना बड़ी बात माना जा रहा है। सभी दलों द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों को तैनात किया जा रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा भी स्टार प्रचारक तय किए गए हैं। सपा द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में बहराइच के पूर्व मंत्री यासर शाह और सीतापुर के पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा तक का नाम शामिल हैं।

छात्रवृत्ति से वंचित छात्र आज से दोबारा कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए तीन मई तक खुला रहेगा पोर्टल

अमृत विचार : अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक्स (दशमोत्तर) छात्रवृत्ति से वंचित दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए समाज कल्याण विभाग शुक्रवार से आठ दिन के लिए दोबारा पोर्टल खोलने जा रहा है। इससे वंचित छात्रों को दोबारा आवेदन करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि कॉलेजों और विद्यालयों की गलती का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा था। पिछले शैक्षणिक सत्र में दो हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। विवरण का मिलान न होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि उनके खातों में नहीं भेजी गई थी। जिससे छात्र-छात्राएं कॉलेजों और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे थे। समाज कल्याण विभाग इन छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 03 मई तक दोबारा आवेदन करने के लिए पोर्टल खोलने जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है वह भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के दौरान छात्र स्वयं भरे गए विवरण और विद्यालय-कॉलेज की ओर से भरे जाने वाले विवरण की सावधानी से जांच करा लें। जांच करने के बाद ही आवेदन को अग्रसारित कराएं। इस बार चूक हुई, तो उन्हें फिर मौका नहीं मिलेगा। वह छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।

वर्ग पहेली-51

बाएं से दाएं

1.1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।

2.1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।

5.1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।

6.1. दुष्ट 2. ढीठ।

7.1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।

8.1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

ऊपर से नीचे

1.1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।

3.1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार

4.1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



वर्ग पहेली -50 का हल

			1 पू		2 आ	
	3 का		छ		धू	
	रों		4 ता	5 क	त	
	6 छ	का	छ	क		7 म
8 मो				9 ह	ड़	हा
10 ह	र	शे	ख	रा		श
नी						य

सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		5				
6			4			9		
	4				3			8
9					5			
8		6			1	3		5
			2					4
5			1	3			2	
	7	1			4			9
			5	9		6		

सुडोकू -129 का हल

3	2	5	9	6	8	1	4	7
4	8	7	2	1	3	9	5	6
9	6	1	7	4	5	8	3	2
8	5	6	3	2	9	4	7	1
2	1	4	8	7	6	3	9	5
7	3	9	4	5	1	2	6	8
6	7	2	1	9	4	5	8	3
1	9	3	5	8	7	6	2	4
5	4	8	6	3	2	7	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.45 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 03.40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

वृष — आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

मिथुन — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

कर्क — आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

कन्या — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

तुला — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

वृश्चिक — आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

धनु — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

कुंभ — आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

मीन — आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- इंसान — सुबह : 11.50
- पार्टनर — शाम : 05.57

&pictures
- कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 11.14
- साइना — रात : 08.00

SONY PIX
- द वॉटर हाउस — सुबह : 11.24
- ज़ोम्बीलैंड — शाम : 06.26

ZEE CINEMA
- राम लखन — सुबह : 08.45
- तैश — रात : 08.45

colors CINEPLEX
- सपने साजन के — सुबह : 11.00
- देवदास — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	74,339.44	22,570.35
तेजी	486.50	167.95
प्रतिशत में	0.66	0.75

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1160

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1775, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1420, सचिन 1565, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1565, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1700, स्वास्तिक 1790 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी- डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)।

भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

Geographical Indication of India Logo
अतुल्य भारत की अमूल्य निधि
Invaluable Treasures of Incredible India

- कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

इन उत्पादों को ये मिला कोड

बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

> पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
> -डॉ. सुग्रीव शुक्ला, उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत : उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।

भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।

विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55250-55450
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,000
चांदी आभूषण	82,300

उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

राष्ट्रीय

एक नजर

पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं होता और भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे लौटाए। कोर्ट ने महिला को उसका 25 लाख मूल्य के जेवर लौटाने के निर्देश भी उसके पति को दिया। महिला ने दावा किया था कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। उसके पिता ने पति को दो लाख का चेक भी दिया था। शादी की पहली रात पति ने उसके आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने अपनी मां को दे दिए। पति और उसकी मां ने कर्ज चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने महिला के आभूषण का दुरुपयोग किया और इसलिए वह इसकी भरपाई करें। केरल हाईकोर्ट ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद करते हुए कहा कि महिला आभूषणों की हेराफेरी को साबित नहीं कर पाई। तब महिला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है और पति के पास इस पर अधिकार या प्रभुत्व का अधिकार नहीं है।

धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

बलिया में कार पलटने से चार की मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर बुधवार को दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

आबकारी घोटाले में केजरीवाल को मिला सबसे ज्यादा लाभ: ईडी

निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से

पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

मेडिकल बोर्ड ने केजरीवाल को पांच दिन तक दो बार इंसुलिन देने का दिया परामर्श

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत के निर्देश पर गठित पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में पांच दिन तक दिन में दो बार इंसुलिन खुराक देने का परामर्श दिया है। बोर्ड पांच दिन बाद स्थिति की समीक्षा करेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक द्वारा गठित बोर्ड में एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञ शामिल हैं। केजरीवाल को इंसुलिन की पहली खुराक सोमवार शाम को दी गई थी जब उनका शुगर लेवल 217 पर था। ऐसा चिकित्सकीय परामर्श पर हुआ था।

संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

नई दिल्ली। सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

पटना, एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात

- मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।

मुसलमानों के आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति से उपराज्यपाल का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली नगर निगम के महापौर चुनाव के लिए एक पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं।

सक्सेना ने महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के मुद्दे पर मुख्य सचिव को लिखे पत्र में ये टिप्पणियां कीं। महापौर और उपमहापौर के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव गुरुवार को स्थगित कर दिए गए। सक्सेना के पत्र जारी करने के बाद नागरिक निकाय ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया। सक्सेना ने कहा, "ये अजीब और अभूतपूर्व परिस्थितियां हैं जहां सेवारत मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए वे अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं।

बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

पटना। जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

मानहानि मामले में हाईकोर्ट ने राहुल की पेशी पर लगाई रोक

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को मानहानि मामले में उनके खिलाफ सांसद-विधायक अदालत में हो रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

चाईबासा की सांसद-विधायक अदालत ने 27 फरवरी को गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इसे रोकने के लिए कांग्रेस नेता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 2019 में चुनाव अभियान के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी पर चाईबासा के प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कुमार ने दायर याचिका में कहा कि गांधी की टिप्पणियां शाह की छवि को खराब करने के लिए की गई थीं। अदालत ने 2022 में गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। राहुल के पेश न होने पर 27 फरवरी को गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स

बनाम

पंजाब किंग्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	430
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	8	5	3	10	+0.577
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	9	2	7	4	-0.721

इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

नई दिल्ली। बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

● खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।

अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।

स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

● टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास

● साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

स्पिनरों के दम पर 35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद

हैदराबाद, एजेंसी

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।

लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

6 लगातार हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हासिल हुई जीत, अंकतालिका में अंतिम पायदान पर है बेंगलुरू की टीम

बेंगलुरु 206/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कैच समद बोल्ड उनादकट	51	43	4/1
डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन	25	12	3/1
विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय	6	9	0/0
पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट	50	20	2/5
कैमरन ग्रीन नाबाद	37	20	5/0
लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट	7	4	1/0
दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस	11	6	2/0
स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन	12	6	1/1

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

हैदराबाद 171/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल	31	13	3/2
ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स	1	3	0/0
एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल	7	8	1/0
नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण	13	13	0/1
क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल	7	3	0/1
शाहबाज अहमद नाबाद	40	37	1/1
अब्दुल समद कैच आउट कर्ण	10	6	0/1
कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन	31	15	1/3
भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन	13	13	3/0
जयदेव उनादकट नाबाद	8	10	1/0

गेंदबाजी : सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

खेल डायरी

एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

लिवरपूल। एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

मैड्रिड। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

रिजवान और नियाजी टी-20 श्रृंखला से बाहर

कराची। चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 श्रृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 श्रृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

कराची। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।

● महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।

राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

टी20 विश्व कप

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और

युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

मुंबई। बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्यों कि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा।

बॉलीवुड हलचल

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11:07 बजे रिलीज होगा।

मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

विधेयक मंजूर होने के बाद पांच हजार भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे भारतीयों की शरणार्थी दर्जे की अर्जी खारिज, जून से होगी कार्रवाई

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है। इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा।

ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया है कि, 5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, ब्रिटेन के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है।

शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन

रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।

क्या है रवांडा शरणार्थी विधेयक और क्यों हो रहा था इसका विरोध

ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों खासकर आपराधिक गैंग्स द्वारा छोटी नौकाओं में जिन लोगों को ब्रिटेन भेजा जाता था, उन्हें रोकने के लिए रवांडा शरणार्थी विधेयक लाया गया था। इस विधेयक के तहत अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को ब्रिटेन की सरकार अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। रवांडा ये शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो जाएंगे, उन्हें ब्रिटेन बुलाकर नागरिकता दे दी जाएगी। वहीं जिन लोगों को आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, वे या तो रवांडा में ही बसने के लिए आवेदन कर सकेंगे या फिर किसी तीसरे देश में शरण मांग सकेंगे। नीति के तहत 1 जनवरी 2022 से अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को रवांडा भेजा जाना शुरू किया जाना था। हालांकि अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। अब जब कानून संसद से पारित हो गया है तो माना जा रहा है कि जल्द ही रवांडा के लिए पहली उड़ान शुरू हो जाएगी। रवांडा बिल के तहत ब्रिटेन की सरकार ने रवांडा की सरकार के साथ प्रवासन संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है।

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने शहबाज से व्यापार वार्ता का किया आग्रह

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा।

कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं।

आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

एक नजर

दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

अबुजा। नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुईं घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में 2 और गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद्र और अनुज थापन ने हमलावरों को हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि, दोनों को अपराध शाखा की एक टीम पंजाब से मुंबई ला रही है। शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा- चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की मुंबई की एक अदालत पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दो आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ से हिरासत में लिया था।

अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

वाशिंगटन, एजेंसी

- रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहे पुतिन

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस

प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

अमेरिका ने यूक्रेन को दिए बैलेस्टिक मिसाइल जैसे खतरनाक हथियार

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूसी सेनाओं के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए यूक्रेन को गुप्त रूप से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें सौंपी हैं। पेंटागन ने पुष्टि करते हुए चीन, ईरान और उत्तर कोरिया पर हथियारों एवं प्रौद्योगिकी से रूस की मदद करने का भी आरोप लगाया है।

पेंटागन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल गैरॉन गार्न ने कहा- आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम' (एटीएसीएमएस) की आपूर्ति को गुप्त रूप से मंजूरी दी गई थी। बता दें, बैलिस्टिक मिसाइलों की मारक क्षमता 300 किलोमीटर तक होती है। बाइडन प्रशासन ने एक दिन पहले विधेयक पर हस्ताक्षर कर और खतरनाक हथियारों की आपूर्ति की है। गार्न ने पुतिन के मित्र देशों पर बैलेस्टिक मिसाइल और तोप के गोले भेजने का भी आरोप लगाया है।

इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...

किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

भारत में क्या है इसका प्रावधान- करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।

यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

5 माह बाद खुला रास्ता

लेह : भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

कोलकाता, एजेंसी।

- प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दी है। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग बोला- 19 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देगी पश्चिम बंगाल सरकार

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि 25 हजार शिक्षकों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियां कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

विज्ञान स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

अंटार्कटिका।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।

अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों (यूएसटीआर) द्वारा जारी 2024 स्पेशल 301 रिपोर्ट में निगरानी सूची में भारत के साथ अर्जेंटीना, चिली, चीन, इंडोनेशिया, रूस और वेनेजुएला भी शामिल है। डोमिनिकन गणराज्य को निगरानी सूची से हटा दिया है। यह रिपोर्ट आईपी सुरक्षा की वैश्विक स्थिति की वार्षिक समीक्षा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेडमार्क उल्लंघन की जांच के साथ कुछ मामलों को सुलझाने करने में अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम के तहत प्रगति हुई है।

ईरान से जुड़ीं भारत की तीन कंपनियां समेत कई प्रतिबंधित

वाशिंगटन, एजेंसी

- अवैध व्यापार और ड्रोन हस्तांतरण करने के आरोप में अमेरिका ने की कार्रवाई

अमेरिका ने ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और ड्रोन हस्तांतरण करने के आरोप में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है। इनमें तीन भारत की कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए ईरानी ड्रोन की गोपनीय बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में एक केंद्रीय भूमिका निभाई है।

सहारा थंडर ईरान की पहचान मुख्य अग्रणी कंपनी के रूप में की गई है, जो इन प्रयासों के समर्थन में ईरान की वाणिज्यिक गतिविधियों की देखरेख करती है। सहारा थंडर का समर्थन करने के लिए जिन तीन भारत स्थित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। विभाग ने कहा कि सहारा थंडर ईरान एक विशाल शिपिंग नेटवर्क पर निर्भर है, जो ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय की ओर से चीन, रूस, वेनेजुएला और कई अन्य देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री और शिपमेंट में शामिल है। इसने कहा, सहारा थंडर ने कुक आइसलैंड के झंडे वाले जहाज सीएचईएम के लिए भारत स्थित जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम चार्टर अनुबंध किया है, जिसे यूएई स्थित कंपनी सेफ सीज शिफ मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप वास्तविकता से दूर

नई दिल्ली। भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। पलटवार करते हुए जायसवाल ने कहा यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है।